CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :24°C
न्यूनतम : 12°C

देहरादून, शनिवार 22 नवम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 105 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 30 जमादिउल उला1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



न्याय नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन का आधार बने: योगी पेज 2



पीटी उषा फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित खेल टाइम्स



बांधों को हटाने में वृद्धि के परिणाम सम्पादकीय



बांग्लादेश में 5.7 तीव्रता का भूकंप, छह की मौत, 200 घायल पेज 12

# दिल्ली दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर, एक्यूआई 506 पर पहुंचा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- दिल्ली सरकार ने सभी स्कूलों में स्पोर्ट्स इवेंट्स पर रोक लगाई,
- एमपी के 12 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे

**नई दिल्ली।** दिल्ली- एनसीआर में प्रदूषण लगातार बढ़ रहा है। गुरुवार को दिल्ली का एयर क्वालिटी इंडेक्स (एक्यूआई) 506 रहा, जो खतरनाक श्रेणी में आता है। दुनियाभर में वायु प्रदूषण को मापने वाली अंतर्राष्ट्रीय संस्था 'एक्यूआई एयर' की लाइव रैंकिंग में दिल्ली दुनिया का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर दर्ज किया गया।

दिल्ली सरकार ने बढ़ते वायु प्रदूषण के चलते नवम्बर-दिसम्बर में सभी स्कूलों में स्पोर्ट्स इवेंट्स पर रोक लगा दी है। इससे पहले 18 अक्टूबर को दिल्ली- एनसीआर में प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि दिल्ली के स्कूलों में स्पोर्ट्स फंक्शन न हों। इधर मध्य प्रदेश में बीते 15 दिन से कड़ाके की सर्दी पड़ रही है। पिछले 24 घंटे में भोपाल, इंदौर समेत 12 शहरों में पारा 10 डिग्री से नीचे रहा। राजगढ़ में तापमान सबसे कम 7.5 डिग्री दर्ज किया गया। जबलपुर में घना कोहरा छाया रहा। इंदौर, भोपाल, राजगढ़, शाजापुर और सीहोर में शुक्रवार को शीतलहर का अलर्ट है। उत्तराखंड के बद्रीनाथ में तापमान माइनस 6 डिग्री सेल्सियस से नीचे है। मैदानी इलाकों में सुबह के समय कोहरा छा रहा है। मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार राज्य में अगले कुछ दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा। फिर बर्फबारी का अनुमान है। पहाड़ी राज्यों में हो रही बर्फबारी ने मध्य प्रदेश में सर्दी बढ़ा दी है। जबलपुर के भेड़ाघाट में घना कोहरा छाया रहा। उत्तर भारत से चल रही सर्द हवाओं का प्रभाव राजस्थान में अब थोड़ा कम हो रहा है। इसके चलते सीकर, चूरू, झुंझुनूं, माउंट आबू समेत कई शहरों में न्यूनतम तापमान में बढ़ोतरी हुई। हिल स्टेशन माउंट आबू में गुरुवार को तापमान जमाव बिंदु से ऊपर दर्ज हुआ। हिमाचल प्रदेश में नवम्बर माह में अब तक सामान्य से 89 प्रतिशत कम बारिश हुई है।



## संक्षिप्त समाचार

### सरकार ने चार श्रम संहिताओं को प्रभावी बनाया

**नई दिल्ली।** सरकार ने श्रम कानूनों को सरल और कारगर बनाने के उद्देश्य से चार श्रम संहिताओं को प्रभावी बनाने का फैसला किया, ताकि श्रमिकों के लिए सामाजिक न्याय सुनिश्चित हो सके। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया कि सरकार ने चार श्रम संहिताएं - वेतन संहिता, 2019, औद्योगिक संबंध संहिता, 2020, सामाजिक सुरक्षा संहिता, 2020 और व्यावसायिक सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कार्यदशा संहिता, 2020, 21 नवम्बर-2025 से प्रभावी हो गई। इसके प्रभावी होने से 29 मौजूदा श्रम कानूनों में बदलाव होगा, जिससे श्रमिकों के कल्याण को बढ़ावा मिलेगा। मंत्रालय ने कहा कि भारत के कई श्रम कानून स्वतंत्रता-पूर्व और स्वतंत्रता के तुरंत बाद के हैं जबकि उस समय अर्थव्यवस्था और कार्य की दुनिया मौलिक रूप से अलग थी।

### राहुल गांधी के खिलाफ दायर याचिका पर हुई सुनवाई

**वाराणसी।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के खिलाफ भगवान श्रीराम को लेकर की गई टिप्पणी के मामले में दायर पुनरीक्षण याचिका पर शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) यजुवेंद्र विक्रम सिंह की अदालत में सुनवाई हुई। अदालत ने अगली सुनवाई के लिए 18 दिसम्बर की तिथि निर्धारित की है। याचिका दायर करने वाले अधिवक्ता हरिशंकर पांडेय ने बताया कि यह याचिका पहले जिला जज ने विशेष न्यायाधीश (एमपी-एमएलए) की अदालत में स्थानांतरित कर दी थी। सोमवार को अदालत द्वारा राहुल गांधी के दिल्ली स्थित पते पर सम्मन जारी किया जा सकता है।

### राष्ट्रीय हज सम्मेलन मुंबई में आज

**नई दिल्ली।** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय ने शनिवार को मुंबई में राष्ट्रीय हज सम्मेलन का आयोजन किया है, जिसमें हज-2026 की तैयारियों की व्यापक समीक्षा की जाएगी मंत्रालय ने बताया कि राष्ट्रीय हज सम्मेलन की अध्यक्षता मंत्रालय के सचिव डा. चंद्रशेखर कुमार करेंगे और इसमें सभी राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों की हज समितियों के कार्यकारी अधिकारी शामिल होंगे। भारत हर साल एक लाख 75 हजार से जयादा हज यात्रियों को भेजता है और सरकार सभी भारतीय हज यात्रियों के लिए सुरक्षित, सुचारू और सम्मानजनक यात्रा सुनिश्चित करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है।

### बिहार महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा ने दिया इस्तीफा

**नई दिल्ली।** बिहार विधानसभा चुनाव नतीजों के बाद बिहार महिला कांग्रेस अध्यक्ष शरवत जहां फातिमा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। टिकट वितरण में महिलाओं को कांग्रेस पार्टी में केवल आठ प्रतिशत भागीदारी मिलने से नाराज सुश्री फातिमा ने अपना इस्तीफा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को भेजा है। उन्होंने अपने पत्र में लिखा कि राजनीति करने के कई पैमाने हैं लेकिन अपने 25 वर्ष के राजनीतिक सफर में, मैंने केवल नैतिकता और निडरता को अपना पैमाना बनाया है।

### तेजस लड़ाकू विमान दुर्घटनाग्रस्त, पायलट की मौत

**नई दिल्ली।** दुबई में प्रतिष्ठित एयर शो के दौरान शुक्रवार को भारतीय वायु सेना का स्वदेशी लड़ाकू विमान तेजस दुर्घटनाग्रस्त हो गया और दुर्भाग्य से इसमें पायलट की मौत हो गई। भारतीय वायुसेना के प्रवक्ता ने यहां बताया कि दुबई एयर शो के दौरान वायुसेना का एक तेजस विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया। इस दुर्घटना में विमान के पायलट की मौत हो गई। वायुसेना को पायलट की मृत्यु पर खेद है और वह दुख की इस घड़ी में पूरी तरह शोक संतप्त परिवार के साथ है। दुर्घटना के कारणों का पता लगाने के लिए कोर्ट ऑफ इन्क्वायरी का गठन किया जा रहा है।

## दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों का बड़ा खुलासा

# हमास जैसे हमलों की साजिश रच रहा था जैश

शाह टाइम्स ब्यूरो



- गांदरबल और कुपवाड़ा जिलों के सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लॉकर्स की तलाशी ली गई
- कश्मीरी अस्पतालों में हथियारों का ठिकाना बनाने की तैयारी थी, पाकिस्तान से भेजे गए बम बनाने के 40 वीडियो

**नई दिल्ली।** दिल्ली ब्लास्ट की जांच में सुरक्षा एजेंसियों ने बड़ा खुलासा किया है। सूत्रों के मुताबिक, जैश-ए-मोहम्मद का आतंकी मॉड्यूल कश्मीर के अस्पतालों को हथियारों का ठिकाना बनाने की कोशिश कर रहा था। यह तरीका हमास की रणनीति से मिलता-जुलता है, जो नागरिक इलाकों और अस्पतालों को हथियारों के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करता है।

ऐसा माना जा रहा है कि इस नेटवर्क को तोड़ने के लिए शुक्रवार को भी गांदरबल और कुपवाड़ा जिलों के कई सरकारी अस्पतालों में डाक्टरों और मेडिकल स्टाफ के लॉकर्स की तलाशी ली गई। यह तलाशी अभियान बुधवार से ही जारी है। आतंकी 1990 में अस्पतालों का हथियारों के ठिकाने के रूप में इस्तेमाल करते थे। जिसके बाद आर्मी और पुलिस ने इसे पूरा क्लीन किया था। अब फिर अस्पतालों को ठिकाना बनाया जा रहा था। जांच एजेंसियां अब यह पता लगा रही हैं कि इस मॉड्यूल ने कितने अस्पतालों को ठिकाना बनाने की कोशिश की और हथियारों की सप्लाई चेन कहां तक फैली हुई थी। दिल्ली ब्लास्ट के बाद से ही एनआईए और स्थानीय पुलिस इस पूरे नेटवर्क को तोड़ने में लगी है। जांच एजेंसी से जुड़े सूत्रों ने बताया कि डा. मुजम्मिल, डा. शाहीन सईद और ब्लास्ट में मारा जा चुका आतंकी डा. उमर नबी टेरर मॉड्यूल की अहम कड़ी थे। सूत्रों के अनुसार, पाकिस्तान से जैश के हैंडलर हंजुल्ला ने दिल्ली धमाके के आरोपी डा. मुजम्मिल शकील गनई को बम बनाने के 40 वीडियो भेजे थे। दोनों को जम्मू के शोपियां का रहने वाले मौलवी इरफान अहमद ने मिलवाया था। इसके बाद व्हाइट कॉलर टेरर मॉड्यूल तैयार किया था और कई डाक्टर्स को इससे जोड़ा गया। दिल्ली धमाका भी इसी मॉड्यूल का हिस्सा था। जांच में यह भी सामने आया है कि हंजुल्ला जैश हैंडलर का कोर्ड नेम हो सकता है। 18 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर के नौगाम में लगे जैश पोस्टरों में भी कमांडर हंजुल्ला भैया का नाम था। इसी से जांच एजेंसियों को शक हुआ। एनआई ने फरीदाबाद के धौज गांव में रह रहे एक टैक्सी ड्राइवर के घर से आटा चक्की और कुछ इलेक्ट्रॉनिक मशीनें बरामद कीं। इसमें मेटल पिघलाने की मशीन भी है। जांच एजेंसी को जुड़े सूत्रों ने बताया कि इसी आटा चक्की में डा. मुजम्मिल यूरिया पीसता था, फिर मशीन से उसे रिफाइन करता था।

## आतंकी डाक्टर के ठिकाने से बरामद हुए चौंकाने वाले सबूत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के लालकिले के पास हुए कार धमाके की जांच कर रही एजेंसियों को अब बड़ा ब्रेकथ्रू हासिल हुआ है। हरियाणा के फरीदाबाद में मुजम्मिल शकील गनी के ठिकाने से ऐसे सुराग मिले हैं, जो बताते हैं कि यहां एक संगठित व्हाइट-कॉलर टेरर मॉड्यूल लंबे समय से सक्रिय था।

इस मॉड्यूल में सामान्य घरों में इस्तेमाल होने वाली मशीनों को विस्फोटक तैयार करने के लिए बदला जा रहा था। सूत्रों के मुताबिक, जम्मू-कश्मीर के पुलवामा का रहने वाला मुजम्मिल शकील गनी फरीदाबाद में रहने के दौरान एक आटा चक्की को केमिकल वर्कशॉप की तरह चला रहा था। वह दिल्ली ब्लास्ट केस में सह-आरोपी भी है। पुलिस ने यह चक्की और उससे जुड़ा इलेक्ट्रिकल सेटअप एक टैक्सी ड्राइवर के घर से बरामद किया, जहां मुजम्मिल किराये पर रहता था। आमतौर पर चक्की का इस्तेमाल अनाज पीसने के लिए होता है, लेकिन इसमें लगे स्टील रोलर और ब्लेड किसी भी सॉलिड मटेरियल को महीन पाउडर में बदल सकते हैं। जांच में सामने आया कि मुजम्मिल इसी मशीन से यूरिया -शेष पृष्ठ दो पर



# 2020 के दिल्ली दंगों में टेरर फंडिंग हुई थी: दिल्ली पुलिस

शाह टाइम्स ब्यूरो



- सुप्रीम कोर्ट में कहा: दंगे से पहले कई मीटिंग हुईं, पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की थी साजिश
- कोर्ट बोला- दिल्ली पुलिस दस्तावेज और रिकॉर्ड पेश करे, अब मामले की सुनवाई सोमवार को होगी

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस ने शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में कहा कि 2020 के दिल्ली दंगे अचानक नहीं भड़के थे, बल्कि इन्हें पहले से पूरी योजना बनाकर कराया गया था। पुलिस की ओर से पेश हुए अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (एएसजी) एसवी राजू ने दावा किया कि दंगों के लिए टेरर फंडिंग की गई और प्रदर्शन को जानबूझकर हिंसक मोड़ दिया गया।

एएसजी राजू के मुताबिक, ताहिर हुसैन, शिफा-उर-रहमान, मीरन हैदर, इशरत जहां और खालिद सैफी ने दंगों के लिए बड़ी रकम जुटाई। दंगे से पहले कई मीटिंग की गईं। इनमें हिंसा बढ़ाने, चक्का जाम करने और जरूरी सेवाएं रोकने की योजना बनाई गई थी। पुलिस ने यह भी दावा किया कि बैठकों में पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की भी साजिश रची गई थी। सुनवाई जस्टिस अरविंद कुमार और जस्टिस एनवी अंजारिया की बेंच कर रही थी। कोर्ट में एक वीडियो भी दिखाया गया जिसमें भीड़ हाथों में डंडे लेकर चलते दिखाई दे रही है। सुप्रीम कोर्ट ने अब अगली सुनवाई सोमवार दोपहर बाद के लिए तय की है। दिल्ली पुलिस ने कहा किचक्का जाम का मकसद सिर्फ सड़क रोकना नहीं था, बल्कि जरूरी सेवाएं रोककर दिल्ली को ठप करना था। 13 और 15 दिसम्बर 2019 की घटनाओं में 45 पुलिसकर्मी, 100 से ज्यादा नागरिक घायल हुए और कई बसें और सरकारी संपत्तियां जलाई गईं। ताहिर हुसैन, शिफा-उर-रहमान, इशरत जहां, खालिद सैफी और मीरन हैदर ने दंगों के लिए कुल करोड़ों की फंडिंग की। ताहिर हुसैन ने 1.30 करोड़ रुपये, शिफा-उर--शेष पृष्ठ दो पर

### एक-एक घुसपैठिए को चुन- चुन कर बाहर निकालेंगे: शाह

**भुज।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार को गुजरात के भुज में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के 61वें स्थापना दिवस (रेजिंग डे) समारोह में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां बीएसएफ के जवानों को संबोधित करते हुए शाह ने सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए उनके योगदान की तारीफ की। साथ ही नागरिकों को 12 राज्यों में मतदाता सूची में जारी विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) को लेकर भी संदेश दिया।

# एसआईआर के खिलाफ याचिका, ईसी जवाब तलब

- सुप्रीम कोर्ट में केरल सरकार ने प्रक्रिया रोकने की मांग की, तमिलनाडु और बंगाल भी अर्जी लगा चुके

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने एसआईआर के खिलाफ दायर केरल सरकार की याचिका पर चुनाव आयोग (ईसी) से जवाब मांगा है। केरल और अन्य की याचिकाओं में केरल में एसआईआर कराने के चुनाव आयोग के फैसले को चुनौती दी गई है। जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने मामले की सुनवाई 26 नवम्बर तय की है।

केरल में दिसम्बर के दूसरे सप्ताह में स्थानीय निकाय चुनाव होने वाले हैं। इसलिए राज्य सरकार ने वोटर लिस्ट के एसआईआर को स्थगित करने की मांग वाली याचिका दायर की थी। याचिका में केरल सरकार ने कहा था कि कर्मचारियों की कमी के कारण चुनाव के साथ एसआईआर करवाने से दिक्कतें बढ़ रही हैं। जब संवैधानिक चुनाव चल रहे हों, तो बेकार में जल्दबाजी करके सत्यापन की गुणवत्ता को कम करना, मताधिकार के लोकतांत्रिक अधिकार के खिलाफ है। दरअसल केरल में लोकल बॉडी इलेक्शन 21 दिसम्बर तक पूरे किए जाने हैं। राज्य सरकार का कहना है कि इस लेवल पर एसआईआर को पूरा करने की कोई जरूरत नहीं, खासकर तब जब विधानसभा चुनाव मई 2026 तक होने हैं।

### गुजरात में बीएलओ ने किया सुसाइड, एक की हार्ट अटैक से मौत

**अहमदाबाद।** गिर सोमनाथ जिले के कोडिनार तालुका के छारा गांव में कार्यरत शिक्षक और बीएलओ अरविंद मूलजी वढेर ने आत्महत्या कर ली है। उन्होंने अपने पैतृक गांव देवली में तनाव और काम के दबाव के कारण यह कदम उठाया। अरविंद ने मरने से पहले अपनी पत्नी के नाम सुसाइड नोट लिखा, जिसमें उसने बताया है कि काम के दबाव से थक गया है। वहीं, खेड़ा जिले में बीएलओ के तौर पर काम कर रहे एक स्कूल टीचर की हार्टअटैक से मौत हो गई। परिवार ने मौत का कारण वोटर रोल के चल रहे एसआईआर से जुड़े बहुत ज्यादा काम का दबाव बताया है। बीएलओ रमेशभाई परमार के भाई नरेंद्र परमार ने बताया कि सोते समय उनकी हार्ट अटैक से मौत हो गई।

# मेक्सिको की फातिमा बोश बनीं मिस यूनिवर्स

**बेवकूफ कहे जाने पर सेरेमनी छोड़ी थी, भारत की मणिका विश्वकर्मा टॉप-30 तक ही पहुंच सकीं**

**नई दिल्ली।** मेक्सिको की फातिमा बोश फर्नांडीज ने मिस यूनिवर्स 2025 का खिताब हासिल कर लिया है। फातिमा बोश 25 साल की हैं। भारत की तरफ से गईं मणिका विश्वकर्मा टॉप-30 में पहुंचीं, लेकिन टॉप-12 में जगह नहीं बना सकीं।

4 राउंड के बाद टॉप-5 में थाइलैंड की प्रवीनार सिंह, फिलीपींस की आतिसा मनालो, वेनेजुएला की स्टेफनी अबसाली, मेक्सिको की फातिमा बोश फर्नांडीज और आइवरी कोस्ट की ओलिविया यासे ने जगह बनाई थी। इसके बाद मेक्सिको की फातिमा बोश को विनर घोषित किया गया। फातिमा बोश को मिस यूनिवर्स 2024 विक्टोरिया थेलविंग ने क्राउन पहनाया। मिस यूनिवर्स 2025 में थाइलैंड की कंटेस्टेंट प्रवीनार सिंह ने दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि वेनेजुएला की स्टेफनी अबसाली तीसरे नंबर पर रहीं। फिलीपींस की आतिसा मनालो चौथे और आइवरी कोस्ट की ओलिविया यासे पांचवें स्थान पर रहीं। मिस यूनिवर्स की फर्स्ट रनर-अप थाइलैंड की प्रवीनार सिंह बनीं। वे भारतीय मूल की हैं। सेकेंड रनर-अप वेनेजुएला की स्टेफनी अबसाली रहीं। बचपन में डिस्लेक्सिया की वजह से स्कूल में बुली होती थीं। एक इंटरव्यू में फातिमा बोश फर्नांडीज ने बताया कि उनका बचपन बहुत मुश्किल में गुजरा। वह बचपन में डिस्लेक्सिया और एडीएचडी से जूझ रही थीं, जिसकी वजह से उन्हें पढ़ने-लिखने में परेशानी होती थी। उन्हें पढ़ाई के लिए स्पेशल अटेंशन की जरूरत थी, लेकिन उन्हें स्कूल में बुलिंग का सामना करना पड़ा। टॉप-5 कंटेस्टेंट्स के बीच क्वेश्चन-आंसर राउंड हुआ। इसमें मेक्सिको की फातिमा बोश से पूछा गया कि आपके नजरिए से साल 2025 में एक महिला होने की क्या चुनौतियां हैं और दुनियाभर की महिलाओं के लिए एक सुरक्षित स्थान बनाने के लिए आप मिस यूनिवर्स के खिताब का उपयोग कैसे करेंगी? जवाब में फातिमा बोश ने कहा एक महिला और मिस यूनिवर्स के रूप में, मैं अपनी आवाज और अपनी शक्ति को दूसरों की सेवा में लगाऊंगी।



## संक्षिप्त समाचार

### नोटिसों पर आसान सत्यापन के लिए होगा क्यूआर कोड

**नई दिल्ली।** गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) द्वारा जारी नोटिसों पर अब क्यूआर कोड का प्रावधान किया गया है, जिसके माध्यम से आसानी से इनका सत्यापन किया जा सकेगा। कंपनीज एक्ट 2013 के तहत गठित एसएफआईओ इस कानून की धारा 212 के तहत सौंपे गए गंभीर और बड़े कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की जांच करता है और उन पर केस चलाता है। जांच के दौरान नियमों के मुताबिक समन/नोटिस भी जारी किया जाता है। कॉर्पोरेट मामलों के मंत्रालय ने शुक्रवार को बताया कि एसएफआईओ ने समन/नोटिस के गलत इस्तेमाल या नकल को रोकने के लिए प्रौद्योगिकी और प्रक्रिया के स्तर पर सुरक्षात्मक उपाय किए हैं। एसएफआईओ द्वारा जारी किए गए समन/नोटिस डिजिटली जेनरेट होते हैं और उनमें एक क्यूआर कोड और एक विशिष्ट दस्तावेज पहचान संख्या (डीआईएन) होता है।

### पंचायत व विस चुनावों के लिए रालोद की तैयारियां तेज

**लखनऊ।** राष्ट्रीय लोकदल आगामी पंचायत चुनावों और वर्ष 2027 के विधानसभा चुनावों को ध्यान में रखते हुए पूरे प्रदेश में अपने संगठन को मजबूत करने और जनाधार को विस्तारित करने के व्यापक अभियान में जुट गया है। पार्टी का लक्ष्य उप्र के हर जिले, तहसील और ग्राम पंचायत तक अपनी सक्रिय राजनीतिक उपस्थिति सुनिश्चित करना है। प्रदेश मीडिया प्रभारी मयंक त्रिवेदी ने शुक्रवार को बताया कि रालोद अब पश्चिमी उप्र तक सीमित पार्टी नहीं रह गई, बल्कि पूरे प्रदेश में संगठनात्मक गतिविधियों का तेजी से विस्तार कर रही है।

# आदिवासियों के साथ भाजपा कर रही अन्याय: कांग्रेस

**नई दिल्ली, वार्ता**

कांग्रेस ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर आदिवासियों के साथ व्यवस्थित तरीके से न्याय नहीं करने का आरोप लगाते हुए कहा है कि आदिवासी युवाओं के नौकरी के अवसर खत्म कर उन्हें सोच समझकर अयोग्य घोषित करार दिया जा रहा है।

आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष डा. विक्रांत भूरिया ने शुक्रवार को यहां पार्टी मुख्यालय में संवाददाता सम्मेलन में कहा कि भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार जानबूझकर आदिवासी युवाओं के साथ अन्याय कर रही है। उन्होंने मध्य प्रदेश सिविल जज परीक्षा 2022 के ताजा परिणाम का हवाला दिया और कहा कि इस परीक्षा में किसी भी आदिवासी बच्चे को सफल घोषित नहीं किया गया है। इस परीक्षा के परिणाम वापस लेने की मांग करते हुए उन्होंने मप्र सिविल जज परीक्षा 2022 की जांच करने की भी मांग की।



■ आदिवासी युवाओं के नौकरी के अवसर खत्म कर अयोग्य घोषित करार दिया जा रहा: डा. भूरिया

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार आदिवासियों के हक मार रही है और जानबूझकर उनकी युवा पीढ़ी को नकारा नकारा घोषित कर उनके लिए सरकारी नौकरी के अवसर खत्म किए जा रहे हैं। डा. भूरिया ने कहा कि सिविल जज परीक्षा में आदिवासियों के लिए 121 सीट आरक्षित थीं लेकिन किसी भी आदिवासी युवक को इसके योग्य नहीं समझा गया। कोई आदिवासी युवक सिविल जज की नौकरी आरक्षण होने के बावजूद नहीं पा सका। उनका कहना था कि मध्य प्रदेश में करीब दो करोड़ आदिवासी हैं, लेकिन सिविल जज परीक्षा का परिणाम दिखाता है कि भाजपा और उसके सिस्टम को इस परीक्षा में एक भी काबिल आदिवासी युवा नहीं मिला। साल 2021 से अब तक एक भी आदिवासी का चयन नहीं हुआ है। नियम यह है कि कई साल तक खाली सीटों को सामान्य श्रेणी में ले लिया जाता है। उन्होंने इसे आरक्षण को खत्म करने का एक व्यवस्थित तरीका करार दिया और कहा कि इस तरह आदिवासी युवकों के लिए सरकारी नौकरी के अवसर पूरी तरह से खत्म हो जाएंगे।

### एसआईआईआर प्रक्रिया शुरू करने को बताया जल्दबाजी

मतदाता सूची सघन पुनरीक्षण एसआईआर की प्रक्रिया शुरू करने को उन्होंने जल्दबाजी बताया और कहा कि इससे आदिवासियों को सबसे ज्यादा नुकसान हुआ है। उनका कहना था कि ज्यादातर राज्यों में आदिवासी पलायन कर रहे हैं। हालात ये हैं कि 70 फीसद से ज्यादा गांव खाली हो गए हैं, क्योंकि सरकार आदिवासियों को रोजगार नहीं दे पा रही है। एसआईआर की प्रक्रिया जानबूझकर ऐसे समय में की गई, जब आदिवासी घरों में नहीं हैं। ये आदिवासियों को व्यवस्थित तरीके से मतदान के अधिकार से बाहर करने की साजिश है। कांग्रेस नेता ने मध्य प्रदेश के सिगरौली को छावनी में तब्दील करने का सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा की बड़े-बड़े कॉर्पोरेट घरानों के फायदे के लिए वहां लगातार पेड़ों को काटा जा रहा है। हजारों आदिवासियों को नोटिस भेजे जा रहे हैं और लोगों को जिला बदर किया जा रहा है। यह पेसा कानून और वन अधिकार एक्ट का खुला उल्लंघन है। इस तरह से भाजपा सरकार ने देश देश के आदिवासियों के लिए भारी संकट खड़ा कर दिया है। भाजपा के राज में आदिवासियों को तबाह किया जा रहा है।

# मिशेल बैचलेट को इंदिरा गांधी पुरस्कार देना भारत का अपमान

**नई दिल्ली, वार्ता**

भारतीय जनता पार्टी ने कहा है कि कश्मीर और अनुच्छेद 370 पर भारत की संप्रभुता पर सवाल उठाने वाली और देश विरोधी बयान देने वाली चिली की पूर्व राष्ट्रपति मिचेल बैचेलेट को इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास पुरस्कार प्रदान करना भारत विरोधी तथा देश का अपमान है।

पार्टी प्रवक्ता गौरव भाटिया ने शुक्रवार को यहां भाजपा मुख्यालय में एक संवाददाता सम्मेलन में कहा कि देश विरोधी बयान देने वाली चिली की पूर्व राष्ट्रपति को कांग्रेस नेता सोनिया गांधी की मौजूदगी में इंदिरा गांधी शांति, निरस्त्रीकरण और विकास



पुरस्कार प्रदान किया जाना अत्यंत निदनीय है। उन्होंने कांग्रेस पर आरोप लगाते हुए कहा कि उसकी रग रग में भारत विरोधी खून बह रहा है। भाटिया ने कहा कि कुछ दिन पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा था कि कांग्रेस का डीएनए मुस्लिम-माओवादी हो गया है। इसमें अराजकता के प्रतीक माओवादी हैं और ये कानून की आधारशिला और हमारी संप्रभुता को नष्ट करने का कार्या करते हैं।

# न्याय नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन का आधार बने: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि न्याय न केवल समता का, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा, स्वावलंबन और उनके उन्नत भविष्य का आधार बनना चाहिए।

योगी ने लखनऊ में आयोजित विश्व के मुख्य न्यायाधीशों के 26वें अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में भाग लेते हुए कहा कि यह सम्मेलन भारतीय संस्कृति के अनुरूप 'वसुधैव कुटुम्बकम' के भाव को फिर से पूरी दुनिया में मूर्त रूप से प्रस्तुत करने में सफल होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत हजारों वर्षों से दुनिया को एक परिवार मानता रहा है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि दुनिया की वास्तविक समस्या एक-दूसरे के साथ संवाद को बाधित करना है। यह सम्मेलन एक-दूसरे के साथ संवाद का साधन है। कुछ समय पहले



संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के सामने 16 लक्ष्य रखे थे। उसमें शिक्षा सबसे महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शिक्षा में इस बात का ध्यान रखना होगा कि बच्चे बस्ते के बोझ से बोझिल न हों। दुनिया में जहां अशांति और अराजकता है, जहां वर्चस्व को लेकर एक-दूसरे की संप्रभुता को हड़पने की होड़ हो, वहां पर शिक्षा, विकास, स्वास्थ्य की बात अपने आप में एक बेमानी सी दिखती है। उन्होंने कहा कि इसके लेकर हम सभी को यह सोचना चाहिए कि किस स्तर तक की व्यवस्था किए जाने की आवश्यकता है। हम भी उसमें सहभागी बन सकते हैं। कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने अपनी प्रस्तुतियों से लोगों का मन मोह लिया।

### वाराणसी के दालमंडी इलाके में जारी कार्रवाई को बनाया मुद्दा

# दुकान दे दोगे, पर ग्राहक कैसे दोगे: अखिलेश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उप्र के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने वाराणसी के दालमंडी इलाके में चौड़ीकरण के नाम पर चल रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को भाजपा का 'पोलिटिकल डिमोलेशन' करार दिया है। उन्होंने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि जब लोग तैयार ही नहीं हैं, तो उनकी दुकानें कैसे छीन सकते हैं, दुकान दे दोगे, मगर ग्राहक कैसे दोगे, दालमंडी एक दिन में नहीं बनी। एक दुकान जमाने में जमाना लग जाता है।

अखिलेश ने शुक्रवार को पार्टी कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस के दौरान कहा कि भाजपा की नीतियों ने प्रदेश में ऐसा माहौल बना दिया है कि लोग खुलकर कारोबार तक नहीं कर



■ चौड़ीकरण के नाम पर चल रही ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को भाजपा का पोलिटिकल डिमोलेशन करार दिया

पा रहे। इनकी नीति है कि लोगों को इतना डरा दो कि वो अपनी बात न कह सकें। क्या कोई सरकार ऐसा करती है- हर किसी को अपनी बात कहने का अधिकार है। उन्होंने वाराणसी के ऐतिहासिक बाजार दालमंडी में प्रस्तावित चौड़ीकरण को 'संकीर्ण सोच' और 'राजनीतिक साजिश' करार दिया। उन्होंने कहा कि दालमंडी सिर्फ मार्केट नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और विरासत मूल्य वाली जगह है, जहां पीढ़ियों से व्यापार चल रहा है। सपा नेता ने कहा कि भाजपा जिस योजना पर काम कर रही है वह हेरिटेज संरक्षण नहीं बल्कि राजनीतिक बदले की भावना का नतीजा है। भाजपा वहां से लगातार हारती आई है, इसलिए यह कार्रवाई हो रही है। उन्होंने कहा कि सरकार अधिकारियों के जरिए कारोबारियों पर दबाव बना रही है। उन्होंने चेतावनी दी कि महराजगंज में जिस तरह से डिमॉलिशन हुआ, समय आने पर उसकी वसूली अधिकारियों से कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि उनकी पार्टी दालमंडी के व्यापारियों के साथ खड़ी है और भाजपा का 'चौड़ीकरण' वास्तव में 'संकीर्ण राजनीति' है। उन्होंने कहा कि भाजपा दालमंडी वालों को दाल की तरह दले नहीं। ये सरकार जाने वाली है। मेरठ के व्यापारियों को भी भाजपा ने ध्वस्तीकरण का 'रिटर्न गिफ्ट' दिया था। भाजपा सरकार अपनी ताकत का गलत इस्तेमाल कर रही है और जिस तरह से लखनऊ में मॉल को बेचा गया था, उसी तरह दालमंडी के भविष्य से भी खिलवाड़ किया जा रहा है।

### मुलायम सिंह की जयंती पर जरुरतमंदों को कम्बल बांटे गए

**प्रयागराज।** उप्र के पूर्व मुंख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी के संस्थापक मुलायम सिंह यादव की 86वीं जयंती पर शनिवार को यहां जरुरत मंदो को कम्बल बांटे गए और उनको श्रद्धांजलि दी गई। सपा नेता पूर्व ब्लाक प्रमुख संदीप यादव ने फाफामऊ के शांतिपुरम मे 1001 जरूरतमंदों को कम्बल वितरित कर अपने नेता के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त की और आगामी 2027 मे प्रदेश में समाजवादी पार्टी की सरकार बनाने के लिए आशीर्वाद मांगा। संदीप यादव ने कहा कि समाजवादी पार्टी के नेता, धरती पुत्र मुलायम सिंह यादव ने डा. लोहिया, डा. अम्बेडकर के विचारों पर चलकर हमेशा आम आदमी की तरक्की और खुशहाली के लिए काम किया तथा वर्तमान में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव उनके अधूरे सपनों को पूरा करते हुए प्रदेश एवं देश की खुशहाली के लिए संघर्ष कर रहे हैं।



सेंसेक्स 84673.02
निफ्टी 25910.05



सोना रु. 123810
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 162000
प्रति किलो




# वैश्विक दबाव में 400 अंक टूटा सेंसेक्स

**मुंबई, वार्ता**

विदेशों से मिले नकारात्मक संकेतों के कारण शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट रही और बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 400.76 अंक (0.47 प्रतिशत) लुढ़ककर 85,231.92 अंक पर आ गया।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी-50 सूचकांक भी 124 अंक यानी 0.47 फीसदी उतरकर 26,068.15 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले, गुरुवार को दोनों सूचकांक बढ़त में रहे थे। चौतरफा बिकवाली के बीच एनएसई में एफएमसीजी को छोड़कर सभी सेक्टरों के सूचकांक लाल निशान में रहे। धातु समूह का सूचकांक सबसे अधिक दो फीसदी से ज्यादा टूटा। रियलिटी, बैंकिग और वित्तीय सेवा समूहों में भी एक प्रतिशत के अधिक की गिरावट रही। रुपये में रही भारी गिरावट और वैश्विक स्तर पर शेयर बाजारों में



बिकवाली का असर घरेलू शेयर बाजारों पर देखा गया। भारतीय मुद्रा आज पहली बार 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़की है। वैश्विक स्तर पर एशिया में चीन का शंघाई कंपोजिट 2.45 प्रतिशत, जापान का निक्केई 2.40 प्रतिशत और हांगकांग का हैंगसेंग 2.38 प्रतिशत की गिरावट में बंद हुआ। यूरोप में शुरुआती कारोबार में जर्मनी का डैक्स 1.40 फीसदी और ब्रिटेन का एफटीएसई 0.72 फीसदी नीचे था। मझौली और छोटी कंपनियों में निवेशकों ने ज्यादा बिकवाली की। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.99 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.13 प्रतिशत गिर गया। एनएसई में जिन 3,175 कंपनियों के शेयरों में आज कारोबार हुआ, उनमें 2,305 के शेयर लुढ़क गए, जबकि 784 हरे निशान में बंद हुए। वहीं 86 अन्य कंपनियों के सूचकांकों में तेजी देखी गई। सेंसेक्स की 30 में से 17 कंपनियों के शेयर लाल निशान में और अन्य 13 के हरे निशान में बंद हुए। टाटा स्टील में सबसे अधिक 2.58 फीसदी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज में 2.25 और बजाज फिनसर्व में 2.10 प्रतिशत की गिरावट रही। बीईएल और इटरनल दोनों के शेयर 1.61 फीसदी और एचडीएफसी बैंक का 1.06 फीसदी टूटा। आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक, एक्सिस बैंक, अडानी पोर्ट्स, ट्रेंट और कोटक महिंद्रा बैंक के शेयर भी लाल निशान में रहे। मारुति सुजुकी में सबसे अधिक 1.17 प्रतिशत की तेजी रही। महिंद्रा एंड महिंद्रा का शेयर 0.80 फीसदी, टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स का 0.69, आईटीसी का 0.57, एशियन पेंट्स का 0.55 और इंफोसिस का 0.51 प्रतिशत मजबूत हुआ।

### विदेशी मुद्रा भंडार 5.543 अरब डॉलर बढ़ा

**मुंबई।** स्वर्ण भंडार में 5.33 अरब डॉलर की जबरदस्त वृद्धि के दम पर देश का विदेशी मुद्रा भंडार 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में 5.543 अरब डॉलर बढ़कर 692.576 अरब डॉलर पर पहुंच गया। इससे पहले 7 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में इसमें लगातार तीसरे सप्ताह गिरावट रही थी, जब यह 2.699 अरब डॉलर घटा था। रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया गया है कि 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह में स्वर्ण भंडार 5.327 अरब डॉलर बढ़कर 106.857 अरब डॉलर के दूसरे उच्चतम स्तर पर पहुंच गया। आरबीआई समेत दुनिया के सभी केंद्रीय बैंक मौजूदा भू-राजनैतिक परिस्थितियों के मद्देनजर अपना स्वर्ण भंडार बढ़ा रहे हैं। आलोच्य सप्ताह के दौरान, विदेशी मुद्रा भंडार के सबसे बड़े घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में 15.2 करोड़ डॉलर की वृद्धि हुई और यह 562.29 अरब डॉलर रहा। विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति में डॉलर के साथ जापानी एन, यूरो और ब्रितानी पाउंड शामिल हैं। इनकी संदर्भ दर के आधार पर डॉलर में इनका मूल्य तय किया जाता है। सप्ताह के दौरान अंतर्राष्ट्रीय मुद्रा कोष के पास आरक्षित निधि 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.779 अरब डॉलर पर और विशेष आहरण अधिकार 5.6 करोड़ डॉलर की वृद्धि के साथ 18.650 अरब डॉलर पर पहुंच गया।

### रुपया पहली बार 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़का

**मुंबई।** अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में शुक्रवार को बीच कारोबार में रुपये में भारी गिरावट देखी गई और यह बीच कारोबार में पहली बार 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़क गया। खबर लिखे जाते समय भारतीय मुद्रा 81.50 पैसे टूटकर 89.50 रुपये प्रति डॉलर के स्तर तक कमजोर हो चुकी थी। ये आंकड़े अनंतिम हैं। पिछले कारोबारी दिवस पर रुपया 88.6850 रुपये प्रति डॉलर रहा था। आज यह एक पैसे की बढ़त के साथ खुला और शुरुआती कारोबार में 89.50 रुपये प्रति डॉलर तक मजबूत हुआ। हालांकि दोपहर बाद यह काफी तेजी से अचानक 89 रुपये प्रति डॉलर के पार लुढ़क गया। रुपये की गिरावट में शेयर बाजार की बिकवाली और दुनिया की अन्य प्रमुख मुद्राओं के बास्केट में डॉलर की तेजी का भी योगदान रहा।

### इजरायल के साथ एफटीए का रास्ता खुला

**नई दिल्ली।** भारत और इजरायल के बीच मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पर जल्द ही वार्ता शुरू होगी। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल और इजरायल के उद्योग एवं आर्थिक मामलों के मंत्री नीर बरकत के बीच हुई एक बैठक में एफटीए पर बातचीत की दिशा तय करने के लिए दोनों मंत्रियों ने गुरुवार को एक टर्म ऑफ रिफ्रेंस (टीओआर) पर हस्ताक्षर किए। इजरायल की आधिकारिक यात्रा पर गए श्री गोयल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि अंतिम मुक्त व्यापार समझौते तक पहुंचने के लिए बातचीत को आसान बनाने की दिशा में टीओआर पहला जरूरी कदम है। उन्होंने बताया कि देश की व्यापार, अर्थव्यवस्था और रणनीतिक साझेदारी मजबूत करने और बढ़ाने के लिए एक संतुलित, विस्तृत और दोनों पक्षों के लिए लाभप्रद एफटीए की तलाश है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मोटे तौर पर सरकार का मकसद द्विपक्षीय व्यापार में विविधता लाना और उसे बढ़ाना है।इसके साथ ही अलग-अलग सहयोग के नए अवसरों की पहचान करके भारत एक बड़ा बाजार बनाने का प्रयास किया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि भारत ने पिछले कुछ समय में कई देशों के साथ मुक्त व्यापार समझौते की दिशा में वार्ता तेज कर दी है।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**आतंकी डाक्टर...**

और अन्य केमिकल को पीसकर धमाका तैयार करने वाली सामग्री बना रहा था। बताया जा रहा है कि धमाके से ठीक एक दिन पहले, 9 नवम्बर को, जांच एजेंसियों ने फरीदाबाद के कमरे से 360 किलो अमोनियम नाइट्रेट और अन्य विस्फोटक सामग्री कब्जे में ली थी। इसके अलावा फरीदाबाद के धौज गांव और आसपास के ठिकानों से लगभग 3,000 किलो अमोनियम नाइट्रेट बरामद किया गया है। यह साफ संकेत देता है कि मॉड्यूल किसी बहुत बड़े ऑपरेशन की तैयारी में था। खुलासा यह भी हुआ कि विस्फोटक सामग्री का बड़ा हिस्सा एक मौलवी के गुप्त घर में छुपाया गया था, जहां मुजम्मिल ने सिर्फ 1,500 रुपये प्रति माह पर कमरा ले रखा था। एजेंसियों का मानना है कि यही ठिकाना पूरे नेटवर्क का केंद्रीय बिंदु था। मुजम्मिल शकील पेशे से डाक्टर था और फरीदाबाद की अल-फलाह यूनिवर्सिटी से संबद्ध था। जांच एजेंसियों को यहां से उसके कटर नेटवर्क और भर्तियों की कहानी जुड़ती नजर आई। जानकारी के अनुसार, उसने कोविड-19 महामारी के बाद यहां जाइन किया था। इसी दौरान डा. उमर उन नबी नाम का एक और इंटर्न भी उसके साथ जुड़ा और वही बाद में प20 कार में विस्फोट करने वाला सुसाइड बॉम्बर बना। एजेंसियां मान रही हैं कि लालकिला कार ब्लास्ट कोई फौरी घटना नहीं, बल्कि कम से कम दो साल की तैयारी का नतीजा था। आटा चक्की से बम तैयार करना, सस्ते किराये के कमरे में हजारों किलो केमिकल स्टाक करना और यूनिवर्सिटी कैंपस से नेटवर्क तैयार करना, ये सभी एक सुविचारित प्लानिंग के संकेत हैं। सुरक्षा एजेंसियां इसे व्हाइट-कॉलर टेरर की एक खतरनाक नई शक्ल मान रही हैं, जहां डाक्टर जैसे उच्च-शिक्षित प्रोफेशनल अपने पेशेवर ज्ञान का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों में कर रहे हैं।

**2020 के...**

रहमान ने 8.90 लाख रुपये और मीरन हैदर ने 2.86 लाख रुपये खर्च किए, साथ ही 4.82 लाख जुटाए। कई प्रदर्शनकारी शुरू से ही शांतिपूर्ण प्रदर्शन करना चाहते थे, लेकिन पुलिस के अनुसार मुख्य समूह के लोग हिंसा पर अड़े हुए थे। यह बात व्हाट्सएप चैट्स में भी साफ दिखाई देती है, जहां कुछ लोग शांति की बात कर रहे थे, लेकिन नेतृत्व करने वाले लोग लगातार हिंसक विरोध की मांग करते रहे। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अब मामले की सुनवाई सोमवार दोपहर बाद होगी। कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया कि अगली सुनवाई में सबसे पहले प्रोटेक्टेड गवाहों की गवाही सुनी जाएगी। जजों ने कहा कि पुलिस जिन दस्तावेजों और चैट्स का हवाला दे रही है, उन्हें पहले रिकॉर्ड पर रखा जाए, ताकि कोर्ट उन्हें देखकर आगे सुनवाई आगे बढ़ा सके। बेंच ने कहा कि जमानत पर कोई फैसला लेने से पहले सभी आरोपियों की भूमिका, पुलिस की दलीलें और पेश किए गए दस्तावेजों को विस्तार से देखा जाएगा। कोर्ट ने 20,000 पेज की चार्जशीट और नए दाखिल दस्तावेजों पर भी स्पष्टता मांगी है।

# खादी महात्मा गांधी के स्वावलंबन के विचार से जुड़ी है: राकेश सचान

**लखनऊ।** उप्र के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, खादी एवं ग्रामोद्योग, रेशम उद्योग तथा हथकरघा मंत्री राकेश सचान ने कहा है कि खादी महात्मा गांधी के स्वावलंबन के विचार से जुड़ी है और आज प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नेतृत्व में खादी पुनः राष्ट्रीय पहचान की शान बन रही है।

प्रदेश के सभी 18 मंडलों में खादी प्रदर्शनियों का आयोजन कर ग्रामीण उत्पादों को बड़ा बाजार उपलब्ध कराया जा रहा है। सचान ने शुक्रवार को केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय, गोमतीनगर में शुक्रवार को 10 दिवसीय खादी महोत्सव-2025 का भव्य शुभारंभ किया। उन्होंने महात्मा गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण, दीप प्रज्जवलन एवं फीता काटकर आयोजन की

■ खादी पुनः राष्ट्रीय पहचान की शान बन रही

शुरुआत की। महोत्सव में प्रदेशभर से आए 160 से अधिक उद्यमियों द्वारा खादी एवं ग्रामोद्योग से निर्मित उत्कृष्ट उत्पादों का प्रदर्शन किया जा रहा है। उन्होंने अपने सम्बोधन में कहा कि खादी एवं ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा वर्तमान में 3,90,000 से अधिक लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 21 प्रतिशत अधिक है। वर्ष 2025 में 66,640 युवाओं को टूलकिट देकर स्वरोजगार से जोड़ा गया है। दोना-मेकिग मशीन, पॉपकॉर्न मशीन, हनी बॉक्स और विद्युत चालित चाक जैसे उपकरण ग्रामीण महिलाओं एवं युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने में सहायक सिद्ध हो रहे हैं। प्रमुख सचिव अनिल कुमार सागर ने कहा कि आधुनिक डिजाइन, फैशन शो और निफ्ट जैसी संस्थाओं की सहभागिता से खादी युवाओं की पसंद बन रही है। अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म के माध्यम से खादी उत्पादों को राष्ट्रीय व वैश्विक बाजारों तक पहुंचाया जा रहा है, जिससे कारीगरों की आय में वृद्धि हो रही है। कार्यक्रम में चयनित उद्यमियों व लाभार्थियों को पुरस्कृत किया गया। राज्य स्तरीय उत्कृष्ट इकाइयों के रूप में मेरठ के दीपक कुमार को प्रथम पुरस्कार (40,000), गोण्डा की ममता को द्वितीय पुरस्कार (30,000) तथा हाथरस के संजय सिंह को तृतीय पुरस्कार (20,000) प्रदान किए गए।













**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

## मुख्यमंत्री धामी ने प्रदेशवासियों को दी बड़ी राहत

# उत्तराखंड में एक वर्ष तक नहीं बढ़ेगी वाहन फिटनेस फीस



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर राज्य सरकार ने उत्तराखंड के वाहन स्वामियों को महत्वपूर्ण राहत प्रदान करते हुए पुराने (15 वर्ष) कमर्शियल वाहनों की फिटनेस फीस में वृद्धि को आगामी 21 नवम्बर 2026 तक स्थगित कर दिया है। इस संबंध में परिवहन विभाग द्वारा अधिसूचना जारी कर दी गई है। अधिसूचना सचिव परिवहन श्री बृजेश कुमार संत द्वारा जारी की गई।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा हाल ही में 15 वर्ष पुराने कमर्शियल वाहनों की फिटनेस फीस में 10 गुना तक की वृद्धि की गई थी। प्रदेश की जनभावनाओं को देखते हुए राज्य सरकार ने यह निर्णय लिया है कि उत्तराखंड के वाहन स्वामियों पर इसका तात्कालिक बोझ नहीं डाला जाएगा।

**■ 15 वर्ष पुराने कमर्शियल वाहनों की नई फिटनेस फीस दरें, 21 नवम्बर 2026 तक लागू नहीं होंगी, इस अवधि में पहले से निर्धारित पुरानी फीस ही लागू रहेगी, शुल्क वृद्धि को लेकर उत्पन्न आर्थिक बोझ से राज्य के वाहन स्वामियों को राहत मिलेगी, भविष्य में फीस दरें भारत सरकार द्वारा किए जाने वाले आगामी पुनरीक्षण के अनुसार ही लागू की जाएंगी**

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार आमजन के हितों को सर्वोपरि रखते हुए ऐसे निर्णय ले रही है, जिनसे जनता पर अनावश्यक आर्थिक बोझ न पड़े। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार हमेशा जनता-जनार्दन की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य करती रहेगी।मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि " 'हमारी सरकार का संकल्प जनता को राहत देना और जनहित में त्वरित निर्णय लेना है। हाल ही में केंद्र सरकार द्वारा कमर्शियल वाहनों की फिटनेस फीस में की गई वृद्धि को देखते हुए हमने इसे उत्तराखंड में एक वर्ष के लिए स्थगित कर दिया है। इस अवधि में पूर्व निर्धारित फीस ही लागू रहेगी। हम नहीं चाहते कि प्रदेश के वाहन स्वामियों और परिवहन कारोबार से जुड़े लोगों पर अचानक अतिरिक्त आर्थिक बोझ पड़े। आने वाले समय में केंद्र सरकार द्वारा किये जाने वाले पुनरीक्षण के अनुसार ही राज्य में नई दरें लागू की जाएंगी।"'

मुख्यमंत्री ने आगे कहा कि " 'हमारी सरकार जनता के लिए संवेदनशील है। गरीब, मध्यम वर्ग, टैक्सी व ट्रांसपोर्ट व्यवसाय से जुड़े हजारों लोगों का हित सुरक्षित रखना हमारी प्राथमिकता है। जनहित के निर्णयों में हम किसी भी प्रकार की देरी नहीं होने देंगे।"'

# सिल्वर एलीफेंट अवार्ड' से सम्मानित होंगे कैबिनेट मंत्री डॉ. रावत



**■ भारत स्काउट्स एंड गाइड का सबसे बड़ा सम्मान है 'सिल्वर एलीफेंट अवार्ड', आगामी 26 नवम्बर को उत्तर प्रदेश राजभवन में दिया जायेगा सम्माान**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भारत स्काउट एंड गाइड उत्तराखंड के प्रादेशिक अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री व डॉ. धन सिंह रावत को स्काउट एंड गाइड आंदोलन में उनके उत्कृष्ट योगदान और नेतृत्व के लिए भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के सर्वोच्च राष्ट्रीय सम्मान 'सिल्वर एलीफेंट अवार्ड' से सम्मानित किया जाएगा। यह पुरस्कार आगामी 26 नवम्बर को उत्तर प्रदेश राजभवन, लखनऊ में आयोजित भव्य समारोह में प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल द्वारा उन्हें प्रदान किया जाएगा।

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स द्वारा दिया जाने वाला 'सिल्वर एलीफेंट अवार्ड' देश में स्काउट एंड गाइड आंदोलन का सबसे बड़ा सम्मान है। यह पुरस्कार उन व्यक्तियों को प्रदान किया जाता है जिन्होंने संगठन के विस्तार, चरित्र निर्माण तथा राष्ट्र निर्माण के लिये विशेष योगदान दिया हो। डॉ. रावत को यह प्रतिष्ठित सम्मान उत्तराखण्ड में स्काउट-गाइड आंदोलन को मजबूत बनाने, इसे व्यापक स्तर पर लागू करने तथा युवाओं में अनुशासन, एकता और देशभक्ति का भाव विकसित करने के उद्देश्य से किये गये उनके प्रयासों के लिये दिया जा रहा है। अपने कार्यकाल में डॉ. रावत ने प्रदेश के सभी निजी एवं राजकीय शिक्षण संस्थानों में स्काउट एंड गाइड गतिविधियों को अनिवार्य रूप से लागू करने, साथ ही सभी शिक्षण संस्थानों में इसकी इकाइयां स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाये। उन्होंने स्काउट्स एंड गाइड्स की संख्या को बढ़ाकर दो लाख तक पहुंचाने का लक्ष्य निर्धारित करते हुए संगठन के विस्तार को नई दिशा दी।

इसके अतिरिक्त डॉ. रावत ने स्काउट एंड गाइड के माध्यम से साहसिक गतिविधियों को बढ़ावा देने, राज्य में विभिन्न सामाजिक सरोकार पर आधारित अभियानों के संचालन तथा युवाओं को जिम्मेदार नागरिक के रूप में तैयार करने में विशेष पहल की।सिल्वर एलीफेंट अवार्ड के लिए चुने जाने पर डॉ. रावत ने भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के प्रति आभार जताया।

# सरकार की वन्य जीवों से पीड़ित परिवारों से सहानुभूतिः भट्ट



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने कहा कि सरकार की पूरी सहानुभूति वन्य जीवों के हमलों से पीड़ितों के प्रति है और आम जन की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध है।

भट्ट ने कहा कि कुछ दुखद घटनाएं एक माह के भीतर राज्य के पर्वतीय क्षेत्रों मे सामने आयी, लेकिन सरकार इस पर संवेदनशील है। वन विभाग को कड़े निर्देश दिये गए हैं। उन्होंने कहा कि प्रभावित क्षेत्रों मे गश्त और पिंजरा लगाने के लिए भी कहा गया है ।

ऐसे स्थानों को चिंहित कर ग्रामीणों के सहयोग से वन विभाग कारवाई भी कर रहा है।

भट्ट ने कहा कि ग्रामीणों मे आक्रोश स्वाभाविक अभिव्यक्ति है, लेकिन सरकार इस पर सतर्क और संवेदनशील है। भट्ट ने कहा कि उन्होंने खुद अधिकारियों से इस बारे मे वार्ता की है। वन विभाग ने पिंजरे लगाकर गश्त शुरू की है। वहीं नरभक्षी गुलदार को शूट करने की कारवाई के लिए भी कहा गया है। जिन क्षेत्रों मे बाघ या भालू सक्रिय हैं वहाँ पर कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने लोगों से संयम बरतने की अपील करते हुए वन्य कर्मियों के सहयोग मे भागीदार बनने की अपील की। उन्होंने कहा कि सरकार की मंशा साफ है। हालांकि वन्य जीवों के हमलों मे अनहोनी पर पीड़ितों को मुआवजा राशि मे वृद्धि हुई है और तत्काल राहत उपलबद्ध करायी जा रही है। किसी का जीवन संकट मे न आये इसके लिए हर कोशिश की जायेगी।

**■ हर कदम उठायेगी सरकार ,आम जन की सुरक्षा के लिए सरकार प्रतिबद्ध**

भट्ट ने कांग्रेस को भी नसीहत दी कि यह समय पीड़ितों के साथ सहारा बनकर खड़ा होने का है। इसे राजनीतिक मुद्दा बनाये जाने से परहेज किया जाना चाहिए। वन्य जीवों के हमले से निजात को वह शीघ्र ही वह वन महकमे के अधिकारियों से मजबूत कार्य योजना के बारे मे वार्ता करेंगे।

# 23 नवंबर को होगा एनएचएम संविदा कर्मचारी संगठन का राज्य अधिवेशन

**देहरादून।**राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारी संगठन उत्तराखंड का प्रदेश अधिवेशन 23 नवम्बर 2025 को ऋषिकुल आयुर्वेदिक महाविद्यालय हरिद्वार में किया जाएगा। इस अधिवेशन में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन संविदा कर्मचारियों की समस्याओं तथा स्वास्थ्य सेवा संवर्ग के नीति निर्धारण पर चर्चा की जाएगी। प्रदेश के माननीय स्वास्थ्य मंत्री एवं राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य एवं अनुसरण परिषद के उपाध्यक्ष बतौर अतिथि सम्मिलित होंगे।संगठन के प्रदेश अध्यक्ष सुनील भंडारी ने बताया कि अधिवेशन का आयोजन ऋषिकुल आयुर्वैदिक महाविद्यालय हरिद्वार के सभागार में किया जाएगा। एनएचएम कर्मचारियों से अपील की है कि कोई अधिक से अधिक संख्या में 23 नवंबर को हरिद्वार पहुंचे।

# भालू-बाघ के आतंक पर फूटा कांग्रेसियों का गुस्सा



**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**देहरादून।** प्रदेश के ग्रामीण और पर्वतीय क्षेत्रों में भालू और बाघ के बढ़ते हमलों से लोगों का जनजीवन दहशत में है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष गणेश गोदियाल के नेतृत्व में शुक्रवार को कांग्रेसजनों ने मुख्य वन संरक्षक कार्यालय का घेराव कर वन विभाग की लापरवाही के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। कांग्रेस ने चेतावनी दी कि यदि तत्काल प्रभावी कदम नहीं उठाए गए, तो यह आंदोलन और व्यापक रूप लेगा।गोदियाल ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में भालू और बाघ इंसानों और पालतू पशुओं पर बर्बर हमले कर रहे हैं। अकेले पौड़ी और चमोली जैसे जिलों में सैकड़ों मवेशी मारे गए और कई निर्दोष लोग जान गंवा चुके हैं। ग्रामीण महिलाएँ, किसान, मजदूर सभी असुरक्षा और भय के माहौल में जीने को मजबूर हैं। उन्होंने कहा कि वन विभाग की ढिलाई और कमजोर निगरानी ने स्थिति को भयावह बना दिया है, जिससे पहाड़ों से पलायन का खतरा और बढ़ रहा है।

**■ मुख्य वन संरक्षक कार्यालय का किया घेराव, ज्ञापन सौंपा वन विभाग की लापरवाही से जा रही लोगों की जानः गोदियाल**

कांग्रेस ने अपने ज्ञापन में वन विभाग से तत्काल कार्रवाई की मांग की और कहा कि प्रभावित क्षेत्रों में भालू-बाघ की ट्रैकिंग और मॉनिटरिंग बढ़ाई जाए। रात्रि गश्त, ट्रैंक्विलाइजर टीम और रेस्क्यू यूनिट तैनात हों। पीड़ित परिवारों को तत्काल मुआवजा एवं इलाज दिया जाए। गाँवों में जागरूकता, प्रशिक्षण कार्यक्रम और सुरक्षा व्यवस्था लागू की जाए। आवश्यक स्थानों पर बाड़बंदी और चेतावनी संकेत लगाए जाएँ। मानव-वन्य जीव संघर्ष रोकने के लिए तात्कालिक और दीर्घकालिक योजना तैयार की जाए।गोदियाल ने कहा कि यह सिर्फ वन्यजीव संघर्ष नहीं, बल्कि ग्रामीणों के अस्तित्व का सवाल बन चुका है। सरकार अब भी नहीं जागी तो हालात और विकराल होंगे।कार्यक्रम में पूर्व मंत्री हीरा सिंह बिष्ट, प्रदेश उपाध्यक्ष सूर्यकान्त धस्माना, कोषाध्यक्ष आर्येन्द्र शर्मा, प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र सिंह भण्डारी, राजेन्द्र शाह, पूर्व विधायक राज. कुमार, महिला अध्यक्ष ज्योति रौतेला, महेन्द्र सिंह नेगी, विरेन्द्र पोखरियाल, महानगर अध्यक्ष डॉ. जसविन्दर सिंह गोगी, जिलाध्यक्ष मोहित उनियाल, लालचन्द शर्मा, प्रभुलाल बहुगुणा, सुरेन्द्र सिंह रांगड़, संजय शर्मा, उपेन्द्र थापली, अश्विनी बहुगुणा, डॉ. प्रतिमा सिंह, राजेश चमोली, शीशपाल बिष्ट, ओम प्रकाश सती बब्बन, संजय कनौजिया, पंकज क्षेत्री, सोनिया आनन्द, जिलाध्यक्ष सुरेश डिमरी, सुलेमान अली, मोहन सिंह खत्री, जगदीश धीमान, पार्षद रॉबिन त्यागी, ऐतात खान, इलियास अंसारी, सागर मनवाल, मनीष नागपाल, आदि मौजूद रहे।

# दून में अवैध रूप से रह रहा बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री के निर्देशों पर चलाये जा रहे ऑपरेशन कॉलनेमी अभियान के तहत नेहरूकॉलोनी पुलिस और एल0आई0यू0 अवैध रूप से बार्डर क्रास कर भारत में आकर रह रहे एक बांग्लादेशी पुरूष के नेहरुकोलोनी क्षेत्र में एक महिला के साथ रहने की सूचना दोनों को गिरफ्तार किया गया।

शुक्रवार को अपने कार्यालय में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने जानकारी देते हुए बताएं कि एल ई ओ और नेहरू कॉलोनी पुलिस को मिली सूचना के बाद पूरे मामले की गोपनीयता बनाए रखते हुए जांच की गई तो पूरे प्रकरण की जानकारी सही पाई गईस वरिष्ठ पुलिस अजय सिंह ने बताया कि जिस पर पुलिस द्वारा उक्त दोनों संदिग्ध महिला व पुरूष को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो हिरासत में लिये गये व्यक्ति ने अपना असली नाम ममून हसन पुत्र मौ०अली यासीन निवासी मूल पता आनंदोवास थाना मुजीबनगर जिला मेहरपुर बांग्लादेश व महिला द्वारा अपना नाम रीना चौहान पुत्री श्री विश्वजीत सिंह निवासी ट्यूटार पोस्ट बिरनाद तहसील त्यूणी जनपद देहरादून बताया।

**■ बांग्लादेशी नागरिक के फर्जी पहचान पत्र बनवाकर पत्नी के रूप में रह रही त्यूनी निवासी महिला भी गिरफ्तार**

अजय सिंह ने बताया कि दोनों से सख्ती से पूछताछ की गई तो पकड़ी गई महिला आरोपी रीना द्वारा बताया गया कि वह वर्तमान में ममून हसन के साथ अलकनंदा इन्क्लेव नेहरू कालोनी में किराये पर रह रही है व उसके द्वारा ममून हसन के भारत के फर्जी प्रमाण पत्र अपने पूर्व पति सचिन चौहान के नाम पर बनाये गये हैं तथा वर्तमान में वह ममून हसन (सचिन चौहान) के साथ पति पत्नी के रूप में रह रहे हैं। दोनों आरोपियों द्वारा षडयंत्र कर भारत के फर्जी पहचान पत्र बनवाकर अवैध रूप से भारत में निवास करने पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों के खिलाफ थाना नेहरू कॉलोनी पर अ न्त र्ग त धा रा 420/467/468/471/120 बी भादवि व धारा 3 पासपोर्ट (भारत में प्रवेश) अधिनियम 1920 व 14 विदेशी अधिनियम पंजीकृत कर गिरफ्तार किया गया है।

जिनके कब्जे से फर्जी प्रमाण/पहचान पत्र व अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेज बरामद किये गये हैं। फर्जी पहचान पत्र बनवाने में के दोनों आरोपियों और उनकी मदद करने वाले तथा फर्जी प्रमाण पत्र बनाने वालों के संबंध में उन्हें सही सूचना प्राप्त हो गई है तथा जल्दी उनके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे भेजा जाएगास

रीना द्वारा बताया गया कि वह त्यूणी-देहरादून की निवासी है पूर्व मे उसका विवाह त्यूणी निवासी सचिन चौहान के साथ हुआ था व दोनो अलग रहने लगे व रीना की फेसबुक पर ममून से मुलाकात हुई व ममून रीना से मिलने वीजा लेकर भारत आया व दोनो साथ में देहरादून में अलग-अलग स्थानों पर किराये पर साथ में रहे व उसके बाद दोनो बांग्लादेश गये।

जहां पर निकाह करने के उपरान्त दोनो कुछ समय बाद अवैध रूप से बार्डर क्रास करके भारत आये व देहरादून में किराये पर अलग-अलग जगह रहने लगे। रीना ने अपने कुछ परिचितों की सहायता से ममून हसन के लिये अपने पूर्व पति सचिन चौहान के नाम के फर्जी पहचान पत्र बनावाये व दोनो सचिन चौहान व रीना के नाम से पति-पत्नि की तरह साथ रहने लगे। ममून हसन देहरादून के क्लब में सचिन चौहान के नाम व पहचान पत्र से बाउंसर का काम करने लगा।

# स्वीकृत परियोजनाओं को तय समय अवधि में पूरा करेंः सीएस



**■ मुख्य सचिव की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त व्यय समिति की बैठक आयोजित**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में उच्चाधिकार प्राप्त व्यय समिति की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में प्रदेश के विकास से जुडी हुई विभिन्न परियोजनाओं पर विचार - विमर्श किया गया तथा सात परियोजनाओं को स्वीकृति दी गई। मुख्य सचिव ने कार्यदाई संस्थाओं को निर्देशित किया कि स्वीकृत परियोजनाओं को निर्धारित समय अवधि में पूरा किया जाए तथा उनकी बेहतर गुणवत्ता भी सुनिश्चित की जाए।

बैठक में यूआईडीबी के हरिद्वार के रोड़ी बेलवाला क्षेत्र का पुनरुद्धार व सती कुंड और आसपास के क्षेत्र के विकास से संबंधित प्रोजेक्ट को अनुमोदित किया गया। ऋषिकेश में आस्था पथ सौंदर्यकरण से संबंधित प्रोजेक्ट को अनुमोदित किया गया। लोक निर्माण विभाग से संबंधित राज्य योजना के अंतर्गत देहरादून के विधानसभा क्षेत्र मसूरी के अंतर्गत देहरादून - किमाडी लंबीधार - कार्ट मैकेंजी - कंपनी गार्डन मोटर मार्ग के किलोमीटर 1 से 24 (सप्लाई कैंट से लंबीधार बासागाड़ मसूरी) तक सिंगल लेन से इंटरमीडिएट लेन में परिवर्तन हेतु अतिरिक्त पहाड़ कटान क्रॉस ड्रेन एवं दीवारों के निर्माण कार्य से संबंधित प्रोजेक्ट का अनुमोदन किया गया तथा देहरादून में महाराणा प्रताप चौक से 6 नंबर पुलिया रोड तक के चौड़ीकरण का अनुमोदन किया गया।

कुंभ और पेयजल विभाग से संबंधित हरिद्वार में पुलिस कमांड कंट्रोल सेंटर बिल्डिंग निर्माण तथा गृह विभाग और पेयजल विभाग से संबंधित प्रोजेक्ट हरिद्वार में अभियोजन विभाग के कार्मिकों हेतु टाइप द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ आवास के निर्माण परियोजना की स्वीकृति दी गई। बैठक में प्रमुख सचिव आर मीनाक्षी सुंदरम, सचिव नितेश झा, पंकज पांडेय व श्रीधर बाबू अदांकी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

## कांग्रेस नेताओं की अनर्गल बयानबाजियां वर्चस्व की लड़ाई का नतीजाः चमोली

**देहरादून ।** भाजपा ने कांग्रेस नेताओं की कारतूस, जहर जैसी बयानबाजी को उनके बीच वर्चस्व की लड़ाई का नतीजा बताया है। पार्टी के वरिष्ठ विधायक एवं प्रदेश प्रवक्ता विनोद चमोली ने कटाक्ष किया कि समय पूर्व लिए जाने वे निर्णयों और चुनावी नियुक्तियों के बाद ऐसा ही होता है। आगे जब यह लड़ाई चरम पर पहुंचेगी तो कांग्रेस पार्टी का संभलना भी मुश्किल होगा, प्रदेशवासियों का विश्वास हासिल करना तो असंभव है। उन्होंने कांग्रेस के शीर्ष नेताओं द्वारा इस्तेमाल की जाने वाले शब्दावलियों को दुर्भाग्यपूर्ण बताया है। कहा, कोई किसी को फ्यूज्ड कारतूस बताता है, कोई कारतूस के खोखों से भी काम लेने का दावा करता है, कोई कार्यकर्ताओं से जहर निकलने और कोई राजनीतिक ब्लैकमेलरों से बचने की बात कहता है।

# एमडीडीए का अवैध निर्माणों व प्लॉटिंग पर बड़ी एक्शन



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।**मसूरी-देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) ने राजधानी देहरादून और आसपास के क्षेत्रों में तेजी से फैल रही अवैध प्लॉटिंग और अनधिकृत निर्माण गतिविधियों पर निर्णायक कार्रवाई शुरू कर दी है। गुरुवार को प्राधिकरण की टीमों ने कई स्थानों पर अभियान चलाकर अवैध निर्माणों पर सील लगाई, प्लॉटिंग स्थलों पर ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की और नियमों का उल्लंघन करने वालों को कड़ी चेतावनी दी। इस संयुक्त कार्रवाई को अब तक के सबसे बड़े ऑपरेशनों में से एक माना जा रहा है, जिसमें प्राधिकरण पूरी सख्ती के साथ मैदान में उतरा। यह अभियान राजधानी में तेजी से फैल रही अवैध प्लॉटिंग और निर्माण गतिविधियों पर निर्णायक प्रहार है। आने वाले दिनों में इसी प्रकार की सख्त कार्रवाइयाँ और तेज की जाएँगी।

पहली बड़ी कार्रवाई कैनाल रोड (विकासनगर) स्थित टाइम्स वर्ल्ड स्कूल के सामने की गई, जहां श्री गुरमीत सिंह, डॉ. अमित राणा एवं अन्य भू-स्वामियों द्वारा लगभग 08 बीघा क्षेत्र में बिना किसी स्वीकृत मानचित्र के अवैध प्लॉटिंग, सड़क निर्माण और भूखंडों की मार्किंग की जा रही थी। एमडीडीए की टीम मौके पर पहुंची और अवैध रूप से तैयार की गई सीमांकन रेखाओं और अस्थाई निर्माण को ध्वस्त करते हुए पूरे क्षेत्र को सील कर दिया। प्राधिकरण द्वारा संबंधित धाराओं के तहत कारण बताओ नोटिस जारी करते हुए स्पष्ट कर दिया गया कि जब तक विधिसम्मत स्वीकृति नहीं मिलती, यहां किसी भी प्रकार की प्लॉटिंग या निर्माण गतिविधि नहीं चलेगी।

**■ प्राधिकरण की टीमों ने अलग-अलग क्षेत्रों में जाकर की सीलिंग और ध्वस्तीकरण की कार्रवाई**

सेलाकुई के डांडापुर-हसनपुर क्षेत्र में भी एमडीडीए ने सख्त कार्रवाई की। यहां लगभग 100 बीघा भूमि पर बड़े पैमाने पर अवैध प्लॉटिंग की जा रही थी। टीम ने मौके पर मौजूद निर्माण सामग्री हटवाई, बनाया जा रहा सड़क मार्ग रुकवाया और अवैध सीमांकन को ध्वस्त कर दिया। प्राधिकरण का कहना है कि इतने बड़े पैमाने पर अवैध डेवलपमेंट आम नागरिकों के लिए भविष्य में गंभीर संकट पैदा करता है। इसलिए इस स्थान को "उच्च संवेदनशील श्रेणी" में रखते हुए कड़ी कार्रवाई की गई है।

ए.पी. टावर, मेन चकराता रोड, सेलाकुई में भी एमडीडीए ने बड़ा कदम उठाया है। यहां स्वीकृत मानचित्र से विचलन कर पार्किंग क्षेत्र में दो अवैध दुकानों का निर्माण किया गया था, और चौथे तल पर टिनशेड बनाकर अवैध रेस्टोरेंट संचालित किया जा रहा था। प्राधिकरण ने मौके पर पहुंचकर दोनों दुकानों को सील कर दिया और अवैध रेस्टोरेंट संचालन को तत्काल प्रभाव से बंद करा दिया। रानीपोखरी क्षेत्र में मनमोहन सिंह रावत द्वारा स्वीकृत मानचित्र से हटकर निर्माण के मामले में भी ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया शुरू की गई है। प्राधिकरण ने पहले जारी किए गए कारण बताओ नोटिस को आगे बढ़ाते हुए एमडीडीए की टीम ने अवैध निर्माण हटवाया और शेष निर्माण को रोक दिया।

### अवैध निर्माण या अवैध प्लॉटिंग नहीं की जाएगी किसी भी स्तर पर बर्दाश्तः तिवारी

एमडीडीए के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी ने इस व्यापक कार्रवाई पर कहा कि प्राधिकरण जनहित में सख्त रुख अपनाए हुए है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि अवैध निर्माण, मानचित्र विचलन या अवैध प्लॉटिंग किसी भी स्तर पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। तिवारी ने कहा देहरादून का योजनाबद्ध और सुरक्षित विकास हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। अवैध निर्माणों के खिलाफ अभियान आगे भी चलाया जाएगा और जहां भी जरूरत होगी, सीलिंग व ध्वस्तीकरण दोनों किए जाएंगे।

### नियम तोड़ने वालों पर होगी कार्रवाई:बर्निया

सचिव मोहन सिंह बर्निया ने टिप्पणी करते हुए कहा कि नियमों का उल्लंघन कर बनाई गई कॉलोनियां भविष्य में नागरिकों के लिए बड़ी समस्याएं पैदा करती हैं। इसलिए ऐसे विकास कार्यों पर रोक और कार्यवाही अनिवार्य है। उन्होंने सभी डेवलपर्स व भू-स्वामियों को चेतावनी दी कि वे निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार ही मानचित्र स्वीकृति प्राप्त करें, अन्यथा प्राधिकरण द्वारा कठोर कार्रवाई की जाएगी।

# नवजात शिशु के जन्म का शुरुआती एक माह बेहद नाजुक : डॉ. रोहित



**■ मैक्स हॉस्पिटल देहरादून ने नवजात शिशुओं की सेहत और सुरक्षा पर बढ़ाई जागरूकता**

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून :** हर साल 15-21 नवंबर तक न्यू-बॉर्न केयर अवेयरनेस वीक मनाया जाता है। इस मौके पर मैक्स सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, देहरादून, सुरक्षित, जानकारी वाली और समय पर नवजात शिशु की देखभाल के तरीकों की अहमियत पर जोर देता है। एक हफ्ते तक चलने वाली इस पहल का मकसद माता-पिता, देखभाल करने वालों और समुदाय को जरूरी जानकारी देना है ताकि जीवन के पहले 28 दिनों के दौरान होने वाली ऐसी दिक्कतों को कम किया जा सके, जिन्हें रोका जा सकता है ख्र इसे बच्चे के विकास का सबसे नाजुक और जरूरी दौर माना जाता है।

शुरुआती दिनों में सावधानी से देखभाल की जरूरत पर जोर देते हुए, मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून, में पीडियाट्रिक्स के प्रिंसिपल कंसल्टेंट - डॉ. रोहित श्रीवास्तव, ने कहा कि , "नवजात शिशु के जन्म का समय बहुत नाजुक होता है, और सही समय पर सही देखभाल बच्चे की सेहत पर गहरा असर डालती है। जन्म के तुरंत बाद और केवल मां का दूध पिलाना, साफ-सफाई का ध्यान रखना, बच्चे को गर्म रखना और समय पर टीके लगवाना ख्र ये सभी साधारण लगने वाली बातें हैं, लेकिन संक्रमण से बचाने और स्वस्थ विकास में बहुत मदद करती हैं।"डॉ. श्रीवास्तव, ने आगे कहा, कि "माता-पिता को शुरुआती चेतावनी के संकेतों पर ध्यान देना चाहिए, जैसे कि ठीक से खाना न खाना, सांस लेने में दिक्कत, बुखार, या अजीब तरह से नींद आना। ऐसे मामलों में तुरंत मेडिकल मदद जान बचा सकती है। बच्चों की रेगुलर जांच और लगातार फॉलो-अप विजिट नए जन्मे बच्चे की सेहत को सुरक्षित रखने में जरूरी भूमिका निभाते हैं।"अवेयरनेस वीक के मौके पर, मैक्स हॉस्पिटल, देहरादून, परिवारों को नए जन्मे बच्चे की देखभाल के जरूरी पहलुओं पर गाइड करने के लिए एजुकेशनल वर्कशॉप, प्रैक्टिकल डेमोंस्ट्रेशन और काउंसलिंग सेशन ऑर्गनाइज कर रहा है, जिसमें ब्रेस्टफीडिंग टेक्नीक, हाइजीन प्रैक्टिस, इम्यूनाइजेशन प्रोटोकॉल और सुरक्षित नींद की गाइडलाइन शामिल हैं।

# गढ़वाल विवि ने दिया परीक्षा पास करने का एक और मौका

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल विवि ने 2015 से पूर्व वार्षिक प्रणाली वाले छात्र-छात्राओं को परीक्षा पास करने का एक और मौका दिया है। इसको लेकर गढ़वाल विवि ने ऑफलाइन आवेदन शुरू कर दिए है, जो कि 15 दिसम्बर तक भरे जायेंगे। गढ़वाल विवि के विशेष कार्याधिकारी (परीक्षा) प्रो. राजेंद्र सिंह फर्त्याल ने बताया कि गढ़वाल विवि में आहूत की गई 23वीं विद्या परिषद की बैठक में वर्ष 2015 से पूर्व वार्षिक प्रणाली के छात्र-छात्राओं को पर्यावरण विज्ञान, इलिमेंटरी बुक किपिंग एंड एकांउटेंशी और इन्वाइरोमेंट एजुकेशन में अर्हता प्राप्त नहीं कर पाएं थे उनको एक अंतिम मौके देने का फैसला लिया गया था। इसी क्रम में गढ़वाल विवि ने ऑफलाइन आवेदन फार्म जारी कर दिए है। आवेदन फार्म का शुल्क 4 हजार रूपये निर्धारित की गई है। परीक्षार्थी आवेदन शुल्क गढ़वाल विवि केस काउंटर, बैंक ड्राफ्ट या ऑनलाइन के माध्यम से भी जमा कर सकते है। साथ ही परीक्षार्थी को शुल्क विवरण परीक्षा फार्म के साथ ही स्नातक द्वितीय एवं तृतीय वर्ष की अंकतालिका की छायाप्रति 20 दिसम्बर तक परीक्षा अनुभाग जमा कर अपने प्रवेश पत्र परीक्षा अनुभाग से प्राप्त कर सकते है। बैंक ड्राफ्ट गढ़वाल विवि के वित्त अधिकारी के नाम से ही देय होगा और परीक्षा केंद्र बिड़ला परिसर श्रीनगर होगा। परीक्षार्थी आवेदन सम्बंधित जानकारी गढ़वाल विवि की बेवसाइट एचएनबीजीयू.एसी.इन से प्राप्त कर सकता है।

# ड्रैगन फ्रुट खेती की कार्ययोजना करें तैयार: जोशी

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को श्रीनगर पहुंचकर विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। गढ़वाल विवि के सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कृषि, उद्यान, ग्राम्य विकास एवं सैनिक कल्याण विभागों के कार्यों की समीक्षा की। इस दौरान उन्होने विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट के बारे में जाना।



**कैबिनेट मंत्री ने अफसरों के साथ ली समीक्षा बैठक**

बैठक में कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि जनपद के विकास के लिए योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन और उनका लाभ सही व्यक्ति तक पहुँचना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है।उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी विभाग समन्वय बनाकर जमीनी स्तर पर परिवर्तन लाने के लिए ठोस प्रयास सुनिश्चित करें। उन्होंने परियोजना निदेशक, डीआरडीए को दीनदयाल उपाध्याय कौशल विकास कार्यक्रम के तहत अधिक से अधिक युवाओं को स्वरोजगार केंद्रित प्रशिक्षण उपलब्ध कराया जाने को निर्देशित किया। जिससे स्थानीय स्तर पर रोजगार सृजन को गति मिल सकें।

बताया कि कीवी और सेब उत्पादन के साथ-साथ फ्लोरीकल्चर (पुष्प उत्पादन) में अपार संभावनाएँ मौजूद हैं। मंत्री ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि जिले में ड्रैगन फ्रूट की खेती की संभावनाओं को लेकर विस्तृत कार्ययोजना तैयार कर प्रस्तुत करें। कहा कि योजनाओं के व्यापक प्रचार-प्रसार नही होने के कारण कई पात्र लोग लाभ से वंचित रह जाते हैं। मंत्री ने जिला विकास अधिकारी को निर्देश दिए कि न्याय पंचायत स्तर पर कार्यशालाएँ आयोजित कर योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाय। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम प्रधान, क्षेत्र पंचायत सदस्य और स्थानीय जनप्रतिनिधि योजनाओं की जानकारी पहुँचाने का सबसे सशक्त माध्यम हैं। पीएमजीएसवाई के अधिकारियों को कोटद्वार-दुगड्डा मार्ग के आमसौड़ क्षेत्र में सड़क सुधारीकरण कार्य को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूरा करने को कहा।

साथ ही जिला सैनिक कल्याण अधिकारी को जिन परिसंपत्तियों का नामकरण शहीदों के सम्मान में करने में कोई तकनीकी या प्रशासनिक अड़चन आ रही हो, वे सभी प्रकरण सीधे उनके समक्ष करने को कहा।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गिरीश गुनवन्त, परियोजना निदेशक डीआरडीए विवेक कुमार उपाध्याय, जिला विकास अधिकारी मनविंदर कौर, जिला उद्यान अधिकारी राजेश तिवारी, जिला सैनिक कल्याण अधिकारी (नि.) मेजर करन रावत, जिला परियोजना प्रबंधक कुलदीप बिष्ट सहित आदि मौजूद थे।

# ट्रक मालिक की हत्या में ड्राइवर को आजीवन कारावास

**न्यायालय ने माना क्रूर और जघन्य अपराध, पत्थर से हमला कर की गई थी नृशंस हत्या, फरार चल रहे आरोपी को पुलिस ने डेढ़ महीने बाद किया था गिरफ्तार**

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** ट्रक मालिक की निर्मम हत्या के छह वर्ष पुराने मामले में अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश नसीम अहमद की अदालत ने शुक्रवार को महत्वपूर्ण फैसला सुनाते हुए आरोपी ड्राइवर प्रकाश को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। अदालत ने इस जघन्य अपराध के लिए उसे भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी करार देते हुए पांच हजार रुपये के अर्थदंड से भी दंडित किया। न्यायालय ने टिप्पणी की कि आरोपी द्वारा की गई हत्या अत्यंत क्रूर, सोची-समझी और निंदनीय है, जिसमें मानवीय संवेदनाओं की पूरी तरह अनदेखी की गई।

सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता बेणी माधव शाह ने बताया कि 27 जून 2019 को ग्राम पटूड़ी कीर्तिनगर निवासी अनिल बड़वाल ने थाना कीर्तिनगर में दी तहरीर में बताया था कि उनके बुआ के पुत्र रोहित वैलिंगटन उर्फ हनी, निवासी क्लेमेंटाउन देहरादून, एक ट्रक के मालिक थे और उसी ट्रक का संचालन उनके ड्राइवर प्रकाश, निवासी अगस्त्यमुनि चंद्रनगर, कर रहा था। 26 जून को रोहित और प्रकाश ऋषिकेश से माल लेकर अगस्त्यमुनि गए थे और शाम को दोनों श्रीनगर पहुंचे, जहां अनिल के भाई रोहित ने बताया कि प्रकाश बेहद झगड़ालू स्वभाव का है और अक्सर शराब के नशे में रहता है।

उसी सुबह उसने श्रीकोट में ट्रक का चालान भी करवा दिया था, जिसके कारण वह उसे काम से हटाने वाला था। उसी दौरान रोहित की बहन शिरीन ने फोन कर बताया कि रोहित की हत्या हो गई है।परिजन जब देवप्रयाग पहुंचे तो ट्रक होटल मोटल देव के पास खड़ा मिला और वहीं पास में रोहित का रक्तरंजित शव पड़ा था। उसके चेहरे पर पत्थर से कई वार किए गए थे, जिससे उसका सिर, माथा और दांत बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गए थे। ड्राइवर प्रकाश मौके से फरार था, जिससे प्रारंभिक जांच में ही उस पर हत्या का संदेह गहरा गया। पुलिस ने उसी दिन हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी की व्यापक तलाश शुरू की, लेकिन वह कई दिनों तक गिरफ्त से बाहर रहा। अंततः लंबे प्रयासों के बाद पुलिस ने उसे 3 अगस्त 2019 को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया, जहां से उसे जेल भेजा गया।

अभियोजन की ओर से जिला शासकीय अधिवक्ता वेणीमाधव शाह ने अदालत में विस्तृत पैरवी करते हुए बताया कि यह अपराध न केवल योजनाबद्ध था, बल्कि अत्यधिक क्रूरता के साथ किया गया था। उन्होंने कहा कि मामले में शामिल गवाहों के बयान, हत्या में प्रयुक्त पत्थर की बरामदगी, स्थल निरीक्षण रिपोर्ट और पोस्टमार्टम में मृतक के गंभीर फ्रैक्चर स्पष्ट रूप से यह सिद्ध करते हैं कि हत्या जानबूझकर और बर्बरतापूर्वक की गई थी। बचाव पक्ष की दलीलों और अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों पर गंभीरता से विचार करने के बाद अदालत ने आरोपी को दोषी पाया।

शुक्रवार को दिए गए फैसले में अपर सत्र न्यायाधीश ने कहा कि प्रस्तुत साक्ष्यों से यह प्रमाणित होता है कि हत्या के समय आरोपी ही मृतक के साथ मौजूद था और वारदात के बाद उसका फरार होना अपराध में उसकी संलिप्तता को और पुख्ता करता है। अदालत ने माना कि समाज में भय और अव्यवस्था फैलाने वाले ऐसे नृशंस अपराधों पर कठोर दंड आवश्यक है।

# 21 दिवसीय ई-कॉमर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का हुआ समापन

**कोटद्वार।** जिला उद्योग केंद्र कोटद्वार द्वारा संचालित 21 दिवसीय ई-कॉमर्स प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन हो गया है। कार्यक्रम में 28 युवाओं ने प्रतिभाग कर ई-कॉमर्स से संबंधित विभिन्न तकनीकी कौशलों का प्रशिक्षण प्राप्त किया। प्रशिक्षण में युवाओं को मास्टर ट्रेनर विवेक जदली ने ग्राफिक डिजाइन, डिजिटल मार्केटिंग, वीडियो एडिटिंग और ई-कॉमर्स उद्यमिता से जुड़े उपयोगी मॉड्यूल सिखाए गए। समापन अवसर पर प्रतिभागियों को उद्योग संबंधित प्रोजेक्ट कार्य आवंटित किए गए तथा सभी प्रशिक्षार्थियों को प्रमाणपत्र वितरित किए गए।

## एक नजर .......

# कर्मचारी उत्पीड़न के विरोध में कांग्रेस का प्रदर्शन



**नई टिहरी।** कर्मचारियों के प्रति दमनकारी नीति अपनाने और एस्मा लागू किए जाने के विरोध में जिला कांग्रेस कमेटी ने शुक्रवार को नई टिहरी के गणेश चौक पर प्रदेश सरकार के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया और भाजपा सरकार का पुतला जलाकर अपना आक्रोश जताया। प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस कार्यकर्ता जिला कांग्रेस अध्यक्ष मुरारी लाल खंडवाल के नेतृत्व में बड़ी संख्या में एकत्र हुए और आरोप लगाया कि प्रदेश की भाजपा सरकार कर्मचारियों के उत्पीड़न पर आमादा है तथा अपनी तानाशाही प्रवृत्ति के चलते लगातार विरोध की आवाज दबाने का प्रयास कर रही है।प्रदर्शनकारियों ने कहा कि सरकार का यह रवैया लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत है और कर्मचारियों के जायज अधिकारों को कुचलने जैसा है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि प्रदेश सरकार ने अपनी नीतियों में सुधार नहीं किया और एस्मा जैसे कठोर निर्णय वापस नहीं लिए, तो आगामी दिनों में आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की समस्याओं का समाधान संवाद और सहमति से निकल सकता है, लेकिन सरकार टकराव का मार्ग अपनाकर प्रदेश में असंतोष को बढ़ा रही है, जिसके गंभीर परिणाम सामने आ सकते हैं।

# फैशन टूर की शुरुआत में फैशन और टेक्नोलॉजी का दिखा संगम

**देहरादून :** ब्लेंडर्स प्राइड फैशन टूर ने अपने गुरुग्राम संस्करण में 'द फ्यूचरवर्स ऑफ फैशन' की थीम को पेश किया। यहां यह दिखाया गया कि टेक्नोलॉजी, डिजाइन और इमर्सिव स्टोरीटेलिंग किस तरह फैशन अनुभव को एक नई दिशा दे रहे हैं। इस साल के 'फैशन के अगले कदम' वाले थीम को आगे बढ़ाते हुए, इस एडिशन ने ऐसा विजुअल अनुभव प्रस्तुत किया जिसने हॉट कुट्योर को कपड़ों और पारंपरिक डिजाइन से आगे निकालकर एआई, कोड और इंटरैक्शन के डिजिटल दौर में पहुंचा दिया।इस शोकेस का नेतृत्व डिजाइनर फाल्गुनी और शेन पीकॉक की रचनात्मक जोड़ी ने किया, साथ ही फैशन डिजाइन काउंसिल ऑफ इंडिया के साथ फैशन टूर के लंबे समय से चले आ रहे सहयोग ने इसे और मजबूत बनाया।

# स्कूली छात्रों की नशे के खिलाफ निकाली जन-जागरण रैली

**कोटद्वार।** डू समथिंग सोसाइटी की ओर से आज शनिवार से आरंभ होने वाले भरत महोत्सव के नौवें संस्करण के पूर्व दिवस पर शुक्रवार को उत्तराखण्ड लोक साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच, गढ़वाल सर्वोदय मंडल एवं क्षेत्र के समस्त सामाजिक संगठनों के सहयोग से युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति को रोकने के संदेश को लेकर जल निगम स्टोर से मालवीय उद्यान तक स्कूली छात्रों की जन-जागरण रैली का आयोजन किया गया। रैली का आरंभ मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक चन्द्रमोहन सिंह, संस्था संरक्षक प्रकाश चन्द्र कोठारी व आयोजन समिति के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद पंत ने हरी झंडी दिखाकर किया। रैली समापन पर मालवीय उद्यान में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि सहायक पुलिस अधीक्षक चंद्रमोहन सिंह ने कहा कि आज उत्तराखण्ड के युवा व स्कूल एवं कालेजों में अध्ययनरत विद्यार्थी नशे के जाल में फँस चुके हैं। नशा भावी पीढ़ी के आर्थिक एवं सामाजिक व्यवहार को बुरी तरह प्रभावित कर रहा है, इसलिए हम सबको एकजुट होकर इस नशे रूपी दानव को समाज से हटाने का प्रयास करना चाहिए। इस दौरान संस्था अध्यक्ष मयंक कोठारी, अशोक जखमोला, अनिल सैनी, चिराग कुकरेती, अजयपाल सिंह रावत, राकेश लखेड़ा, विजय माहेश्वरी, विजय लखेड़ा एवं विकास देवरानी सहित महोत्सव आयोजन समिति के सदस्य मौजूद रहे।

# गुलदार को आदमखोर घोषित किए जाने की मांग

**श्रीनगर।** तहसील क्षेत्रांर्गत नयालगढ़ एवं चढ़ीगांव क्षेत्र में गुलदार के आतंक से ग्रामीणों का भय का माहौल बना हुआ है। वन क्षेत्राधिकारी को भेजे ज्ञापन में ग्राम प्रधान नयालगढ़ अंजू देवी, भगत सिंह नेगी, सुनीता नेगी, मुकेश नैथानी ने कहा कि नयालगढ़ एवं चढ़ीगांव के निकटवर्ती क्षेत्र में गुलदार द्वारा लगातार हमला कर ग्रामीणों को घायल कर रहा है। कहा कि हाल ही में नयालगढ़ निवासी प्रकाश चंद्र तथा ग्राम कोटी की एक महिला पर गुलदार ने हमला कर मौत के घाट उतार दिया है। गुलदार के हमले के बाद से ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है। उन्होने वन विभाग से जल्द तेंदुए को आदमखोर घोषित कर जान से मारने के आदेश दिए जाने, ग्रामीण क्षेत्रों में सुरक्षा के लिए चिन्हित स्थानों पर पिंजरे लगाएं जाने सहित दिवंगत प्रकाश चंद्र के परिजनों को उचित मुआवजा दिए जाने की मांग की है। ज्ञापन देने वालों में सोहन सिंह, आनंदमणी, सुभाष कुमार, विमला देवी, विजय चंद्र सहित आदि मौजूद थे।

# प्रो. राणा को दिया पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष का दायित्व

**श्रीनगर।** गढ़वाल विवि के पत्रकारित एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. सुधांशु जयसवाल को पदमुक्त कर दिया है। गढ़वाल विवि के कुलसचिव के ओर से जारी नोटिफिकेशन में उन्होने बताया कि के पत्रकारित एवं जनसंचार विभाग के विभागाध्यक्ष के विरूद्ध मिली शिकायत के सम्बंध में विवि द्वारा गठित आंतरिक शिकायत समिति (आईसीसी) की बैठक में 15 मई, 20 मई और 1 जून की संस्तुति के क्रम में प्रो. सुधांशु जायसवाल के स्थान पर डीन आर्ट्स कम्युनिकेशन एंड लैंग्वेज प्रो. मंजुला राणा को अग्रिम आदेशों तक पत्रकारिता एवं जनसंचार केंद्र के विभागाध्यक्ष के दायित्वों के निर्वहन के लिए अधिकृत किया गया।

# डॉ प्यारेलाल कंडवाल के निधन पर किया शोक व्यक्त

**कोटद्वार।** ग्रीन पल्स सोसाइटी के सदस्यों ने संस्था की उपाध्यक्ष प्रणिता कंडवाल के ससुर और समाजसेवी डॉ प्यारेलाल कंडवाल के निधन पर शोक व्यक्त किया है। वे कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे। शुक्रवार को सोसाइटी कार्यालय में आयोजित शोक सभा में वक्ताओं ने कहा कि किशनपुरी निवासी डा. प्यारेलाल कंडवाल उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी पद से सेवानिवृत्त हुए थे। वे कोटद्वार के प्रतिष्ठित चिकित्सकों में शामिल थे। सामाजिक कार्यों में बढ़ चढ़कर भागीदारी करने वाले डॉ प्यारेलाल कंडवाल जरूरतमंदों को नि:शुल्क उपचार भी प्रदान करते थे। मौके पर दिवंगत की आत्मिक शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा गया।

# अनक्लेम्ड खातों में फंसी जनता की पूंजी लौटाने की मुहिम तेज

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** वित्त मंत्रालय भारत सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक के संयुक्त निर्देशन में जिला अग्रणी बैंक टिहरी गढ़वाल द्वारा गुरुवार को विकास भवन के समीप खेल विभाग भवन सभागार में "आपकी पूंजी, आपका अधिकार" वित्तीय जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया।

कार्यक्रम का उद्देश्य उन खाताधारकों को जागरूक करना था, जिनकी जमा धनराशि वर्षों से दावा न किए जाने के कारण अनक्लेम्ड श्रेणी में चली गई है और जिन्हें अब निर्धारित प्रक्रिया के माध्यम से आसानी से वापस प्राप्त किया जा सकता है। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी अवधेश कुमार



सिंह सहित अन्य गणमान्यों ने विभिन्न विभागों और 21 व्यक्तिगत लाभार्थियों को कुल 29 लाख 85 हजार 926 रुपये के चेक वितरित कर अभियान को मूर्त रूप दिया। अभियान के संदेश को व्यापक करने के लिए इस मौके पर वित्त मंत्रालय द्वारा जारी "आपकी पूंजी, आपका अधिकार" पुस्तिका का भी औपचारिक विमोचन किया गया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगरपालिका अध्यक्ष नई टिहरी मोहन सिंह रावत ने कहा कि अनक्लेम्ड वित्तीय संपत्तियों के सुगम और त्वरित निपटान हेतु भारत सरकार द्वारा संचालित यह अभियान अत्यंत सराहनीय है। उन्होंने बताया कि कई खाताधारक जानकारी के अभाव में अपने पुराने बैंक खातों, फिक्स्ड डिपॉजिट, बीमा पॉलिसियों या अन्य निवेशों में जमा राशि का दावा नहीं कर पाते, जिसके चलते उनकी मेहनत की पूंजी वर्षों तक निष्क्रिय पड़ी रहती है। ऐसे में यह अभियान नागरिकों को अपनी ही पूंजी वापस प्राप्त करने का सशक्त माध्यम बनकर उभर रहा है, जिसका लाभ अधिक से अधिक लोगों को उठाना चाहिए।

जिला विकास अधिकारी मो. असलम ने बताया कि सरकारी विभागों और ग्रामीण क्षेत्रों में बड़ी संख्या में ऐसे खाते पाए जाते हैं, जिनमें लंबे समय से कोई लेन-देन नहीं हुआ है और वे अनक्लेम्ड हो चुके हैं।

उन्होंने कहा कि निर्धारित प्रक्रिया अपनाकर इन खातों की राशि को वापस प्राप्त कर उसे विकास योजनाओं में भी उपयोग किया जा सकता है। एलडीओ आरबीआई भारत राज आनंद ने जानकारी दी कि देश के प्रत्येक राज्य और जनपद में "आपकी पूंजी, आपका अधिकार" अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य अनक्लेम्ड वित्तीय संपत्ति को वापस पाने की प्रक्रिया को सरल, सुलभ और पारदर्शी बनाना है।कार्यक्रम में जिला सेवायोजन अधिकारी लक्ष्मी यादव, आरसेटी निदेशक पुष्कर सिंह सहित सभी बैंकों के जिला समन्वयक और बड़ी संख्या में बैंक खाताधारक उपस्थित रहे।

# भंकोली गांव में ध्याणी मिलन समारोह देवता को समर्पित की चांदी की परात

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी :** अस्सी गंगा घाटी के ग्राम सभा भंकोली में भव्य ध्याणी मिलन समारोह संपन्न हो गया।

अन्नपूर्णा देवी के कोख में बसे भंकोली गांव में पारम्परिक तरीके से भव्य ध्याणी मिलन समारोह आयोजित किया गया।

ध्याणियों ने अपने कुल देवता को चांदी की परात समर्पित कर क्षेत्र की सुख एवं समृद्धि की कामना की है।कार्यक्रम की बतौर मुख्य अतिथि क्षेत्र पंचायत प्रमुख भटवाड़ी श्रीमती ममता पंवार, कनिष्ठ प्रमुख योगेश डंगवाल , मनीष रावत समेत सैकड़ों ध्याणी मौजूद रही है।



ध्याणी मिलन समारोह में ग्राम सभा के प्रधान नरेश, क्षेत्र पंचायत अंग्रेजी देवी , ध्याणी समारोह की अध्यक्षा ममता रावत ने मुख्य अतिथियों एवं धयाणी कि स्वागत किया है। इस दौरान ग्राम सभा भंकोली की ध्याणियों ने अपने ईस्ट देवता को चांदी की परात भेंट की जिमसे नाग पंचमी में दूध से नाग देवता का अभिषेक होता है।

इस दौरान सभी ध्याणियों ने पारंपरिक परिधान पहनकर राशो तांदी नृत्य किया है।

# राष्ट्रीय पत्रकार सम्मेलन में उप राष्ट्रपति करेंगे शिरकत

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** भारती श्रमजीवी राष्ट्रीय पत्रकार संगठन के राष्ट्रीय सम्मेलन जो अगले माह 15 से 25 दिसंबर 2025 होना निश्चित है। जिसमें देश के महामहीम उपराष्ट्रपति सीपी कृष्णन शिरकत करेंगे। इसी मुद्दे को लेकर भारती श्रमजीवी राष्ट्रीय पत्रकार संगठन के प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रवीर सिंह गायत्री ने जिला पौड़ी के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र गौड,द वरिष्ठ पत्रकार गब्बर भण्डारी सहित पत्रकारों के गहन मंत्रणा की। संगठन के प्रदेश अध्यक्ष गायत्री ने कहा कि पत्रकारीता के क्षेत्र मे जुड़े हुए लोग जनसरोकारों के मुद्दों को बखूबी उठाते हैं,पत्रकारों के साथ लगातार हो रहा भेदभाव एवं अपराधीक घटनायें होने पर भी समाज की तरफ से कोई आवाज नहीं उठाई जाती हैं। उन्होंने कहा कि यह चिंता का विषय है इसी मुद्दे को लेकर हमे एक मंच एक बैनर तले आना होगा। इन्ही बातों को लेकर आगामी दिसंबर माह मे होनी वाले प्रस्तावित सम्मेलन में महामहिम उपराष्ट्रपति के सम्मुख रखा जायेगा। सम्मेलन में पूरे देश-विदेश के राज्यों से पत्रकारों के आने की सम्भावना है। जिसमें सुबे के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी भी मौजूद रहेंगे। पत्रकार संगठन के जिलाध्यक्ष देवेन्द्र गौड़ ने कहा कि वास्तविक तौर पर हमें हर हाल में एकजुटता दिखाने समय आ गया है।

# दिव्यांश जुयाल का मॉडल राज्य स्तर पर सर्वश्रेष्ठ

**नई टिहरी।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम राज्य स्तरीय विज्ञान महोत्सव में जिला मुख्यालय नई टिहरी के सेंट एंथोनी पब्लिक स्कूल के कक्षा 11 के छात्र दिव्यांश जुयाल ने अपनी प्रतिभा और नवाचार का शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया, जिसके साथ ही उनका चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए हो गया। नैनीताल में आयोजित इस महोत्सव में कृषि मॉडल श्रेणी में प्रस्तुत उनके प्रोजेक्ट 'एग्रो हेल्पर' को निर्णायक मंडल ने सर्वश्रेष्ठ नवाचार के रूप में चुना, जिसे आधुनिक खेती के लिए उपयोगी तकनीकी समाधान के रूप में विशेष सराहना मिली।

# पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष को किया पदमुक्त

**शाह टाइम्स की खबर का असर**

**विभागाध्यक्ष पर था अभद्रता और रेकी करने का आरोप**

देवेन्द्र गौड़

**श्रीनगर।** हेमवती नंदन बहुगुणा गढवाल केन्द्रीय विश्वविद्यालय के जनसंचार एवं पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष की कारगुजारी के कारण पदमुक्त कर दिया है। गौरतलब है कि विगत छह माह पूर्व विभाग के विभागाध्यक्ष सुधांशु जायसवाल पर आरोप लगाते हुए विभाग कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डा. मुक्ता ने कहा था कि उनके साथ विभागाध्यक्ष निरंतर अभद्रता कर रहे हैं तो हमारे तमाम गतिविधियों की रेकी करते रहते चाहे मै घर में रहूं या ऑफिस में जिसमें मै कोई बार इतला भी कर चुकी थी। यहां तक कि मेरा बाजार से लेकर घर तक मेरा पीछा किया जाता था। जिस पर मैंने आपत्ति करते हुए चेतावनी भी दी थी, लेकिन महांसय ने सोचने समझने के बजाय डा. मुक्ता के स्वीकृति अवकाश रहते हुए भी वेतन काट दिया था। इस संबंध में गढ़वाल विश्वविद्यालय कुलपति एवं कुलसचिव को पत्र लिखकर सारी शिकायतें दर्ज की गई थी। जिसमें विश्वविद्यालय प्रशासन ने औपचारिकता पूरी करते हुऐ वेतन तो दे दिया था, लेकिन मुख्य मुद्दों को अनुशासन समिति (इसी) में रखे होने को बताकर मामले को लटकाना चाहते थे, लेकिन शाह टाइम्स की खबर का असर और विश्वविद्यालय कुलसचिव को महिला आयोग की फटकार के साथ ही 2026 जनवरी के प्रथम सप्ताह में उपस्थित होने का फरमान को लेकर आखिर गालीबाज प्रोफेसर पद से हटाना पड़ा। ज्ञात हो कि विगत वर्ष पूर्व गोबिंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय पंत नगर मे प्रोफेसर सत्यप्रकाश ने अपनी छात्राओं के साथ अभद्रता वं फफ्तियां कसने को लेकर शाह टाइम्स ने खबर को प्रमुखता से छापा था। जिसके कारण प्रोफेसर महाशय को नौकरी से हाथ धोना पड़ा था। यदि विश्वविद्यालय या अन्य किसी भी विभाग ,क्षेत्र मे महिलाओं के साथ इसतरह के मामले सामने आऐ तो शाह टाइम्स पूरा संज्ञान लेता रहेगा। तथा रैकी करने व गालीबाज प्रोफेसर के कारनामों से पीड़ित महिलाओं को इन्साफ नही मिला तो मामले उठाता रहेगा।बाक्स न्यूज... गोबिंद बल्लभ पंत विश्वविद्यालय में विगत वर्ष प्रो. सत्यप्रकाश द्वारा अपनी ही छात्राओं पर फफ्तियां कसने एवं अभद्रता करने को लेकर शिकायत मिली थी। शाह टाइम्स ने मामले की गम्भीरता को प्रमुखता से छापा था जिसमे महाशय को नौकरी से हाथ धोना पड़ा था।

# 73वाँ राजकीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेला गौचर का समापन

शाह टाइम्स संवाददाता

**चमोली।** 73वाँ राज्यस्तरीय औद्योगिक विकास एवं सांस्कृतिक मेला गौचर 2025 का समापन गुरुवार को पुरस्कार वितरण के साथ हुआ। मुख्य अतिथि बद्रीनाथ विधायक लखपत सिंह बुटोला ने कहा कि ऐसे मेले हमारी कृषि, आध्यात्मिकता और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने गौचर मेले को ऐतिहासिक बताते हुए इसके स्वरूप में और निखार लाने की आवश्यकता पर बल दिया। समापन अवसर पर गिरीश भारती एवं टीम नंदानगर द्वारा आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। मेलाधिकारी/उप जिलाधिकारी कर्णप्रयाग सोहन सिंह रांगड़ ने मेले के सफल संचालन पर सभी विभागों, शिक्षकों, समाजसेवियों, राजस्व व पुलिस प्रशासन का आभार व्यक्त किया। इस दौरान विभिन्न विभागों, दुकानों, स्टॉलों तथा प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को ट्रॉफी एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।कार्यक्रम में अनेक जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

अंतिम सांस्कृतिक संध्या लोक गायक दर्शन फर्स्वाण और इन्दर आर्य के नाम रही, जिनकी प्रस्तुतियों पर दर्शक उत्साहपूर्वक झूमते रहे।

# वारदात के एक साल बाद कैंट पुलिस ने न्यायालय को सौंपा आरोप पत्र

**■ सड़क दुर्घटना में छह: युवकों की मौत पर पुलिस ने पांच सौ पेज की दाखिल चार्जशीट**

**मयूर गुप्ता**

**देहरादून।** विगत वर्ष 11 नवंबर को देहरादून शहर के ओएनजी चौक पर खड़े कंटेनर और इनोवा कार में हुए भयानक हादसे में कार सवार युवक और युवतियों समेत छह: युवकों की मौत हो जाने के मामले में उक्त घटना में जीवित बचे एक युवक के बयानों और अन्या मौके के गवाहों के बयानों के आधार पर कैंट कोतवाली पुलिस ने एक साल से भी अधिक समय व्यतीत हो जाने पर अब कहीं जाकर संबंधित न्यायालय में कई लोगों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर दिया है।

गौरतलब है कि विगत वर्ष 11 नवंबर को कैंट कोतवाली क्षेत्र के ओएनजीसी चौक पर इनोवा कार सवार छह: युवक और उसमे सवार युवतियों की उस समय भ्यानक हादसे में जान चली गई थी जब इना. वा कार ओएनजीसी चौक पर कंटेनर से जाकर टकरा गई थी। इादस इतना भयावह था कि जिसने भी उसे देखा उसका कलेजा मुह को आ गया था। उस समय कैंट कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रहे कैलाश भटट और उनके अधीनस्थों से भी उक्त भयानक हादसे को देखा नहीं गया था। सड़क पर चारों ओर पड़ी युवक और युवतियों की लाशों के अलावा शवों के चिथड़े में सड़क पर बिखरे पड़े थे। पुलिस ने किसी तरह सड़क पर बिखरे पड़े शवों और उनके चिथड़ों को वहां से हटवाकर सड़क को साफ करवाने का काम किया था। लेकिन उक्त सड़क दुर्घटना में एक युवक की जान बच गई थी जिसका एक प्राईवेट अस्पताल में लम्बे समय तक उपचार होने के बाद घायल युवक के संबंधित पुलिस ने ठीक हो जाने के बाद बयान अंकित किए थे और उक्त घटना के चश्मदीद कुछ गवाहों के भी बयान अंकित किए थे।

भयानक सड़क हादसे के मामले में एसएसपी अजय सिंह ने अपने अधीनस्थों को पूरे प्रकरण में जांच कर आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल करने के दिए थे। करीब एक साल बाद अब कही जाकर कैंट कोतवाली पुलिस ने कंटेनर चालक राजकुमार, उसके स्वामी नरेश और वारदात के समय वाहन को किराए पर देने वाले अभिषेक को आरोपी बनाते हुए उनके खिलाफ संबंधित न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से जब इतने बड़े सड़क हादसे में आरा. ेप पर एक साल बाद दाखिल किए जाने के संबंध में जानकारी की गई तो उन्होंने इस बात को स्वीकार किया कि छह: युवक और युवतियों की सड़क हादसे में मौत हो जाने के मामले में देर से न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया गया लेकिन उसके पीछे पूरे प्रकरण की सच्चाई तक पहुंचने और उक्त सड़क हादस में बचे युवक के बयान अंकित किए जाने थे। उन्होंने बताया कि डाक्टरों ने घायल के बयान ठीक हो जाने के बाद अंकित किए जाने की बात कही थी जिस कारण से आरोप पत्र देर से न्यायालय में दाखिल किए जाने का कारण है। उन्होंने बताया कि विवेचक ने पांच सौ पेंज का आरोप पत्र न्यायालय के समक्ष पेश किया। एसएसपी अजय सिंह ने जानकारी दी कि उक्त आरोप पत्र में साठ से अधिक लोगों को गवाह बनाया गया है। सूत्र बताते है कि उक्त हादसे में बची एक मात्र गवाह कांवली रोड निवासी 20 वषीया कामाक्षी के पिता ने पुलिस की जांच पर सवाल उठाए थे उन्होंने आरोप लगया था कि पुलिस ने मात्र खानापूर्ति करते हुए कंटेनर चालक को गिरफ्तार दिखाकर मामले की इतिश्री कर दी थी। अपने ऊपर आरोप लगते देख दून पुलिस अधिकारियों ने पूरे सड़क हादसे की जांच के लिए टीम गठित कर दी थी जिसके बाद आरोप पत्र न्यायालय में दाखिल किया गया।

## शैली की आम बैठक में नौ महत्वपूर्ण निर्णय पारित

**■ शादी-विवाह में पक्की दारू व बीयर पर लगा प्रतिबंध, उल्लंघन करने पर लगेगा एक लाख का जुर्माना**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** खत शैली क्षेत्र के दोहा गांव में सदर स्याणा राजेंद्र सिंह तोमर की अध्यक्षता में आयोजित आम बैठक में सभी गांवों के गणमान्य सदस्यों ने भाग लिया। बैठक में सर्वसम्मति से सामाजिक मर्यादा और पारंपरिक व्यवस्था को मजबूत करने वाले 9 प्रमुख निर्णय लिए गए। मुख्य निर्णय इस प्रकार चालदा महाराज जी का दो वर्ष के प्रवास बाद दोहा से कचटा को प्रस्थान जून 2026 में होगा।कचटा खत कोरू के गणमान्य व्यक्ति 13 दिसंबर 2025 को कार्यक्रम तय करने दोहा आएंगे। महाराज के प्रवास अवसर पर विशेष पत्रिका का विमोचन किया जाएगा। सदस्य अपने लेख भेजेंगे, शादी-विवाह व शाही बधाई में पक्की दारू और बियर पर पूर्ण प्रतिबंध, उल्लंघन पर 1,00,000 जुर्माना, बारिया के जाग में केवल बकरा, आटा, चावल और घरेलू कच्ची दारू, मिठाई प्रति. बंधित लड़कियों द्वारा दिया जाने वाला बकरा पूर्णत प्रतिबंधित, रोहिणी भोज में मिठाई-फल मान्य, पर ड्राई फ्रूट्स, गिफ्ट पैकेट और चांदी का सिक्का प्रतिबंधित शादी समारोहों में चाऊमीन, मोमो, टिक्की, चाट जैसे फास्ट-फूड पर रोक, शादी व रोहिणी भोज में महिलाएं केवल फुली, झुमकी, तूंगल, और कांडुडी, मंगलसूत्र पहनेंगी। इन निर्णयों को क्षेत्र में सामाजिक अनुशासन और सांस्कृतिक परंपराओं को मजबूत करने वाला कदम माना जा रहा है।

## एस्मा का भय दिखा कर कर्मचारियों को डराना बंद करे सरकार: कांग्रेस

**■ प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष धस्माना पहुंचे उपनल के धरनास्थल**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** भाजपा सरकार एस्मा का भय दिखा कर उपनल कर्मचारियों को धमकाने की बजाय पिछले बारह दिनों से आंदोलनरत धरने व अनशन में बैठे उपनल कर्मचारियों से बातचीत कर उच्च न्यायालय व सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय के अनुसार कार्यवाही सुनिश्चित करे यह बात शुक्रवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सूर्यकांत धस्माना ने परेड मैदान के बाहर पिछले ग्यारह दिनों से बारहवें दिन



आंदोलनरत उपनल कर्मचारियों के धरने को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने कहा कि सरकार ने अगर राज्य में उपनल कर्मचारियों सहित किसी भी आंदोलनरत कर्मचारी के खिलाफ एस्मा का प्रयोग किया तो कांग्रेस पार्टी पूरी ताकत से विरोध करेगी। उन्होंने कहा कि उपनल कर्मचारियों की न्याय संगत मांग पर राज्य की सरकार को अनेक बार उत्तराखंड हाई कोर्ट दिशा निर्देश दे चुका है और वर्ष 2018 में उच्च न्यायालय नैनीताल ने स्पष्ट रूप से समान कार्य के लिए समान वेतन देने व चरणबद्ध तरीके से कर्मचारियों के समायोजन का जो आदेश दिया था राज्य सरकार उसके खिलाफ उच्चतम न्यायालय एसएलपी में गई जो वर्ष 2024 अक्टूबर को खारिज हो गई और उसके खिलाफ भी सरकार फिर पुनर्विचार याचिका में उच्चतम न्यायालय गई जो फिर खारिज हुई इस निर्देश के साथ कि राज्य सरकार उच्च न्यायालय नैनीताल के 2018 वाले आदेशों का पालन करे किंतु उसके बावजूद जिद पर अड़ी है जिस कारण आज प्रदेश भर के उपनल कर्मचारियों को आंदोलन करना पड़ रहा है जिससे राज्य में शिक्षा स्वास्थ्य सेवा बुरी तरह से प्रभावित हैं और इसके लिए राज्य की भाजपा सरकार पूरी तरह से जिम्मेदार है।

## स्कूल के छात्र-छात्राओं व भाजपाइयों ने निकाली यूनिटी रैली

**विकासनगर।** सहसपुर विधानसभा में सरदार वल्लभभाई पटेल की जन्म शताब्दी के अवसर पर भाजपा द्वारा सेलाकुई खाटू श्याम मंदिर से सहसपुर तक यूनिटी मार्च, एक भारत, आत्मनिर्भर भारत निकाली। रैली में कई स्कूलों के छात्र छात्राएं व भाजपा कार्यकर्ताओं ने भाग लिया। इस मौके पर विधायक सहदेव सिंह पुंडीर, जिलाध्यक्ष मीता सिंह, सुखदेव सिंह फरस्वान, सिद्वार्थ चौधरी, रवी कश्यप, मदन कुमार, यशपाल नेगी, अनिल नौटियाल, नवीन रावत, कविता क्षेत्री, पिंकी देवी, किरन पंवार, पूनम पंवार, ममता ठाकुर आदि मौजूद रहे।

## धार्मिक अनुष्ठान के साथ शुगर मिल में पैराई सत्र शुरु

**■ पूर्व मंत्री अग्रवाल व विधायक गैरोला ने पूजा कर गन्ना क्रेन में डालकर दी सत्र को गति**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**डोईवाला।** डोईवाला शुगर मिल में पैराई सत्र 2025-26 की शुरुआत शुक्रवार सुबह पारंपरिक विधि-विधानों के साथ की गई। पूर्व मंत्री एवं ऋषिकेश विधायक प्रेमच. ंद अग्रवाल और डोईवाला विधायक बृजभूषण गैरोला ने हवन-पूजन के बाद क्रेन में गन्ने की पूली डालकर सत्र का औपचारिक शुभारंभ किया।

पूर्व मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि गन्ना किसानों को सुविधा देना सरकार की पहली प्राथमिकता है। उन्होंने आश्वस्त किया कि गन्ने का मूल्य शीघ्र घोषित किया जाएगा और मिल व सरकार दोनों मिलकर यह सुनिश्चित करेंगे कि किसानों को समय पर लाभ मिले। उन्होंने कहा कि गन्ना प्रदेश की ग्रामीण अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण आधार है, इसलिए किसानों के हितों से कोई समझौता नहीं होगा। विधायक बृजभूषण गैरोला ने कहा कि मिल ने इस बार पैराई सत्र के लिए सभी व्यवस्थाएँ समय रहते पूर्ण कर ली हैं। किसानों को किसी प्रकार की आर्थिक दिक्कत न हो, इसके लिए भुगतान प्रक्रिया भी नियमित रूप से जारी रहेगी। गैरोला ने बताया कि मिलों की निगरानी लगातार की जा रही है और पैराई क्षमता बढ़ाने के लिए आवश्यक सहयोग उपलब्ध कराया जा रहा है। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेंद्र तडियाल, पालि. का अध्यक्ष नरेंद्र सिंह नेगी, पूर्व ब्लाक प्रमुख भगवान सिंह पोखरियाल पब्लिक इंटर कॉलेज प्रबंधक मनोज नौटियाल,सुमेर चंद रवि, सभासद ईश्वर रोथान, अरुण सोलंकी, विनीत मनवाल, विनय कंबोज, सुरेंद्र राणा, ईश्वर चंद्र अग्रवाल, पुरुषोत्तम डोभाल, संपूर्ण रावत, हरजिंदर सिंह, जसपाल लाडी, हरभजन सिंह, मनोज कांबोज, सुरेश सैनी, चंद्रभान पाल, लच्छी लोधी, विक्रम नेगी, विनय जिंदल,सुषमा चौधरी, अरविंद शर्मा, नीना संधू, शिवानी वर्मा आदि मौजूद रहे।

## जौनसार-बावर में पहुँची श्री सत्य साई बाबा की दिव्य रथ यात्रा

**चकराता।** श्री सत्य साई सेवा समिति ओली के तत्वाधान में श्री सत्य साई बाबा की पवित्र रथ यात्रा फूटापर्थी (पुट्टपर्थी) से प्रस्थान कर उत्तराखंड पहुँच गई है। यह दिव्य रथ यात्रा काली माता मंदिर, इन्द्रोली तक जाएगी। समिति के संयोजक सूरज प्रकाश ने बताया कि वर्ष 2007 से लगातार समिति द्वारा स्वास्थ्य शिविर और मेगा कैंप आयोजित किए जा रहे हैं, जिनमें अब तक 29,627 मरीजों के नि:शुल्क सफल ऑपरेशन कराए जा चुके हैं। समिति के संयोजक सूरज प्रकाश, नंदलाल खन्ना, अरविंद सिंह, कुंदन सिंह, प्रधान कुलदीप सिंह तथा रेखा कॉल सहित कई सदस्य सेवा कार्यों में सक्रिय हैं।

## भण्डारीबाग में चोरों का आतंक, क्षेत्र में दहशत का माहौल

**■ मकान के बाहर खड़ी कार से लाईट चोरी करता सीसीटीवी कैमरे में कैद**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** पटेलनगर कोतवाली क्षेत्र के सबसे व्यस्तम और पॉश कॉलोनी भण्डारीबाग में आजकल चोरो और नशेड़ियों ने आतंक मचा रखा है। आए दिन किसी न किसी मकान में रात्रि के समय चोरी करने के लिए पहुंचने वाले चोर अपनी योजना को अमली जामा पहनाकर मकानों से लाखों रुपये का सामान चोरी कर रहे है तो वहीं मकानों को बाहर खड़ी कारों की लाईट और अन्य सामान भी चोरी करने में कामयाब हो रहे है।

विगत देर रात्रि क्षेत्र के लोगों ने एक चोर को पकड़कर स्थानीय पुलिस को मामले की सूचना दी लेकिन घण्टों तक पटेलनगर पुलिस का कोई भी सिपाही बताए गए स्थान पर नहीं पहुंचा।

अब तो हद ही हो गई। चोर उच्चके और नशे का कारोबार करने तथा नशे के आदि युवक खुलेआम चोरी की वारदातों को अंजाम दे रहे है। पटेलनगर कोतवाली क्षेत्र की पॉश कॉलोनी भण्ड़ारीबाग में इन दिनों चोरों का आतंक छाया हुआ है। शायद ही कोई दिन ऐसा जाता हो जिस दिन पॉश कॉलोनी भण्ड़ारीबाग में किसी न किसी मकान को चोरो द्वारा निशाना नहीं बनाया गया हो। विगत देर रात्रि एक चोर ने भण्डारीबाग निवासी संजीव के मकान पर धावा बोल दिया और मकान में चोरी करनी प्रारंभ कर दी।

मकान में चोर की आहट होते ही संजीव सचेत हो गए और उन्होंने अपने परिजनों की मदद से चोर को पकड़ने का साहस दिखाया। बड़ी मशकत के बाद संजीव तथा आसपास के लोगों ने मकान में चोरी करने की नियत से घुसे चोर को पकड़ लिया और उसे एक स्थान पर ले जाकर बांध दिया। इस दौरान क्षेत्र के लोगों ने उससे पूछताछ की तो उसने बताया कि वह नशा करने का आदि है और अपनी नशे की लत को पूरा करने के लिए वह चोरी की वारदातों को अंजाम देता है। उसने क्षेत्र के लोगों के सामने कुबुल किया कि वह स्मैक को लालपुल के समीप से खरीदकर लाता है। चोर अपनी योजना को अमली जामा पहनाकर मकानों से लाखों रुपये का सामान चोरी कर रहे है तो वहीं मकानों को बाहर खड़ी कारों की लाईट और अन्य सामान भी चोरी करने में कामयाब हो रहे है। इतना सुनते ही क्षेत्र के लोगों ने मकान में चोरी करने के लिए घुसे नशेड़ी चोर के संबंध में दूरभाष पर पटेलनगर कोतवाली पुलिस को पूरे मामले से वाकिफ करवाया लेकिन घंटो बीत जाने के बाद भी ना ही तो कोतवाली से कोई पुलिसकर्मी वहां पर पहुंचा और ना हीबाजार पुलिस .चौकी से कोई चीता पुलिसकर्मी बताए गए स्थान पर पहुंचा जिससे क्षेत्र के लोगों को पुलिस की कार्य प्रणाली पर हौरानी हुई। उधर भण्ड़ारी बाग में ही निवास करने वाली एक महिला अंजली गुप्ता के मकान के बाहर खड़ी कार से चोरों ने कार में लगी लाईट को चोरी कर लिया। महिला ने कार की लाईट चोरी करते हुए सीसीटीवी कैमरों में कैद चोर के संबंध में पटेलनगर कोतवाली और चौकी बाजार पर तैनात पुलिसकर्मियों को जानकारी दी आजतक किसी भी पुलिसकर्मी ने उक्त महिला से संपर्क तक नहीं किया। कोतवाली पटेलनगर और बाजार चौकी पुलिसकर्मी क्षेत्र में किसी बड़ी वारदात के होने का इंतजार कर रहे है।

## एक नजर ....

### राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन का स्थापना दिवस संपन्न

**देहरादून।** राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन का स्थापना दिवस के अवसर पर हिम ज्योति एनक्लेव शिमला बाईपास पर संपन्न हुआ। इस दौरान वहां मुख्य अतिथि के रूप महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर पहुंची सरिता शर्मा ने संगठन के लोगों को संगठन मजबूत करने और समस्याओं का निस्तारण करने के निर्देश दिए। महिला राष्ट्रीय अध्यक्ष सरिता शर्मा अरोरा ने राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन का स्थापना दिवस के अवसर पर वहां पर मौजूद संगठन के पदाधिकारियों और सदस्यों को संबोधित करते हुए कहा कि वह संगठन से जुड़े लोगों और हिन्दू भाई-बहनों की रक्षा करने का संकलप लें। सरिता शर्मा अरोरा ने इस अवसर पर राष्ट्रीय हिन्दू शक्ति संगठन के स्थापना दिवस के अवसर पर हवन और यज्ञ किया और वहां पर संगठन की ओर से आयोजित किए गए कीर्तन तथा भण्डारे का आयोजन कर लोगों को प्रसाद ग्रहण करवाया तथा उसकों आगे बढ़ाने के लिए पार्टी के जिला अध्यक्ष संजय अरोरा को निर्देशित किया और उन्हे शुभकामनाएं दी।

### डिजास्टर मैनेजमेंट पर कार्यशाला का आयोजन

**विकासनगर।** सीबीएसई के अध्यापक क्षमता निर्माण कार्यक्रम के अंतर्गत हरिद्वार के विज्जकिड इंटरनेशनल स्कूल में डिजास्टर मैनेजमेंट विषय पर एकदिवसीय कार्यशाला संपन्न हुई। कार्यशाला में बतौर रिसोर्स पर्सन शिक्षाविद् नवनीत बिजलवान एवं आर्मी पब्लिक स्कूल की पारुल रावत रही। आपदाओं पर चर्चा हुई तथा किसी भी प्रकार की आपदा से पहले की तैयारियों, आपदा के दौरान की सजगता एवं सावधानियों तथा आपदा के बाद के बचाव कार्यों के विभिन्न पहलों पर जीवंत अभ्यास किया गया। सीबीएसई रिसोर्सपर्सन बिजलवान ने बताया कि क्षमता निर्माण के विभिन्न विषयों पर सीबीएसई कार्यशालाएं नियमित आयोजित करती है ताकि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को सफलता पूर्वक क्रियान्वित किया जा सके। कार्यशाला में आसपास के विभिन्न विद्यालयों के 38 शिक्षकों ने प्रतिभाग किया।

### जौनसार-बावर की दिवंगत विभूतियां पुस्तक का लोकार्पण

**चकराता।** गढ़ विराट की टीम द्वाराएक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें समाचार पत्र के गौरवशाली 20 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में परिचर्चा आयोजित की गई तथा 'जौनसार-बावर की दिवंगत विभूतियां' पुस्तक का औपचारिक लोकार्पण किया गया। इस कार्यक्रम ने जौनसार-बावर की सांस्कृतिक विरासत, सामाजिक योगदान और क्षेत्र की दिवंगत महान विभूतियों के सम्मान को एक नई दिशा प्रदान की। कार्यक्रम में क्षेत्र की कई प्रमुख हस्तियाँ उपस्थित रहीं, जिनमें विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान, स्वाभिमान मोर्चा के अध्यक्ष बॉबी पवार, नगर पालिका अध्यक्ष धीरज बॉबी नौटियाल, पूर्व राज्यमंत्री मूरत राम शर्मा, पूर्व आईआरएस रतन सिंह रावत, पद्मश्री प्रेम चंद शर्मा, होटल व्यवसायी अमित जोशी, रंगकर्मी नंद लाल भारती, गढ़ विराट के संस्थापक भारत चौहान, डॉ. राजकुमारी चौहान, डॉ. लीला चौहान,राकेश उत्तराखंडी सहित अनेक विशिष्ट अतिथि शामिल रहे।

## चकराता व विकासनगर सहकारी समिति के चुनाव परिणाम घोषित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** बहुउद्देशीय सहकारी समिति चकराता व विकासनगर के चुनाव शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुए।

ग्राम बिरपा से विजयपाल को समिति का अध्यक्ष तथा ग्राम दाबला से लीला देवी को उपाध्यक्ष चुना गया। दोनों ने अपने-अपने पदों पर जीत हासिल कर ग्रामवासियों और समिति सदस्यों का विश्वास जीता। चुनाव के दौरान समिति के सभी सदस्य और कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यकर्ताओं ने आशा व्यक्त की कि नवनिर्वाचित समिति क्षेत्र के किसानों और सदस्यों के हितों को प्राथमिकता देते हुए बेहतर कार्य करेगी। निर्वाचन अधिकारी दिशांत पुंडीर और शुभम कठैत के मार्गदर्शन में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण हुई। वहीं विकासनगर में बहुउद्देशीय किसान सेवा सहकारिता समिति हरबर्टपुर के चुनाव में अध्यक्ष पद पर बीना देवी एवं उपाध्यक्ष पद पर जितेंद्र कुमार रिंकू निर्विरोध निर्वाचित हुए।

इस मौके पर संचालक सुनीता, अंजुम, गजेंद्र, आनंद, शिखा, मुक. ेश, कपिल सैनी, सतीश कुमार, सरदार जसविंदर सिंह आदि मौजूद रहे। सभी ने मिलकर जीत का जश्न मनाया और अध्यक्ष व उपाध्यक्ष को बधाई दी।

## छात्रों के अधिकारों के लिए कोर्ट जाएगी एनएपीएसआर

**■ रक्षा अनुसंधान विद्यालय को निजी संचालकों के हाथ सौंपने का विरोध**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** नेशनल एसोसिएशन फॉर पेरेंट्स एंड स्टूडेंट्स राइट्स एक बार फिर से छात्रों व अभिभावकों के हित के लिए सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाने जा रही है।

एनएपीएसआर के राष्ट्रीय अध्यक्ष आरिफ खान के अनुसार डीआरडीओ की और से वर्ष 2021 उनके द्वारा संचालित चार स्कूलों को बंद करने का नोटिस जारी किया गया था जिसके विरुद्ध एनएपीएसआर की और से शिक्षा विभाग, बाल संरक्षण आयोग में गुहार लगाई गई थी, मगर किसी विभाग ने कोई भी संतोषजनक कार्यवाही नहीं की, तो एनएपीएसआर ने वर्ष 2022 में दिल्ली हाई कोर्ट मे अपील की, जिसके बाद डीआरडीओ द्वारा स्कूलों को पूर्व की भांति ही पुन: संचालित किया जाने लगे जिसके लिए एनएपीएसआर ने डीआरडीओ प्रबंधन समिति का आभार भी व्यक्त किया था, मगर एक बार फिर से प्रबंधन समिति के निर्णय के विरुद्ध एनएपीएसआर को सुप्रीम कोर्ट का सहारा लेना पड़ रहा है चूंकि इस बार स्कूल प्रबंधन समिति ने रायपुर रोड़ स्थित रक्षा अनुसंधान विद्यालय को निजी स्कूल संचालकों के हाथ में दिया जा रहा है। निजी स्कूलों की महंगी फीस,महंगी किताबें, महंगी स्कूल ड्रेस,एनुअल डे, स्पोर्ट्स डे, बिल्डिंग फंड, रि-एडमिशन चार्ज और एनुअल डे नाम पर होने वाली धन उगाही की मार को नही झेल सकते और अपने बच्चों की सुरक्षा को लेकर वो घर से कहीं दूर किसी अन्य स्कूल का खर्च वहन कर सकते हैं इस स्कूल को निजी स्कूल संचालको के हाथ मे ना सौंपा जाए यदि स्कूल को किसी अन्य शिक्षण संस्थान के हाथ में सौंपा भी जाये तो इस कंडीशन मे ही सौंपा जाना चाहिए कि यहां के फीस स्ट्रक्चर में छात्रों के हितों का ख्याल रखा जाए।

## सेपियंस स्कूल ने सहोदय प्रतियोगिता में हासिल किया द्वितीय स्थान

**विकासनगर।** सेपियंस स्कूल विकासनगर की वॉलीबॉल जूनियर बालक वर्ग ने सहोदय अंतर विद्यालय प्रतियोगिता में द्वितीय स्थान प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। 20 नवंबर को एसएमएन मेमोरियल स्कूल में आयोजित जूनियर वॉलीबॉल टूर्नामेंट में कुल 20 विद्यालयों ने प्रतिभाग किया। शानदार प्रदर्शन पर अध्यक्षा इंदिरा रानी सपरा, प्रबंधक रविकांत सपरा एवं रशिता सपरा ने टीम की सराहना की और शारीरिक प्रशिक्षक बी एस राय, संजय चौहान, सूरज चौहान को शुभकामनाएं देते हुए बच्चों के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएँ दी।

## पर्वतीय घाटियां बूढ़ी दीपावली के रंगों से महक उठी

**■ गांव-गांव में छाई परंपराओं की अनोखी रौनक**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** जनजातीय क्षेत्र जौनसार-बावर एक बार फिर अपनी समृद्ध संस्कृति और परंप. राओं की उजास से जगमगा उठा है। देशभर में दीपावली की रोशनियां भले ही मंद पड़ चुकी हों, परंतु यहां की पर्वतीय घाटियां अब बूढ़ी दीपावली के रंगों से महक उठी हैं। गांव-गांव में नृत्य, गीत, अनुष्ठान और पारंपरिक उल्लास का माहौल देखने को मिल रहा है।

स्याणा राजेंद्र दत्त जोशी, स्याणा दलीप सिंह रावत आदि ने बताया कि पूरा गांव हर्षोल्लास के साथ बूढ़ी दीपावली मना रहा है। उन्होंने कहा कि यह त्योहार न केवल एक उत्सव है, बल्कि अपनी संस्कृति को जीवंत रखने का माध्यम भी है। हमारी कोशिश है कि आने वाली पीढ़ियां भी इन परंपराओं की महत्ता को समझें और इन्हें आगे बढ़ाए।

स्थानीय रंगकर्मी डॉ. नंदलाल भारती, स्याणा दलीप सिंह रावत और राजेंद्र सिंह चौहान, पीयूष जोशी, देवेंद्र सिंह बताते हैं कि कृष्ण पक्ष की शुरुआत के साथ गुरुवार से हौल्ले जलाने की परंपरा शुरू हो गई है, जो अमावस्या तक जारी रहेगी। इसी के साथ बूढ़ी दीपावली की औपचारिक शुरुआत मानी जाती है। पर्व पांच दिनों तक कई सांस्कृतिक और धार्मिक अनुष्ठानों के साथ मनाया जाता है।

चौथा दिन जौनसार-बावर की पहचान माना जाने वाला प्रसिद्ध हिरण नृत्य पूरे उत्साह और उमंग के साथ प्रस्तुत किया जाता है। पांचवां दिन अंतिम दिन काठ के हाथी पर स्याणा को बैठाकर पूरे गांव में परंप. रागत उत्सवी नृत्य के साथ पर्व का समापन किया जाता है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि बूढ़ी दीपावली केवल त्योहार नहीं, बल्कि जौनसार-बावर की जीवंत सांस्कृतिक धरोहर है, जो समुदाय को अपनी जड़ों, परंपराओं और विरासत से गहराई से जोड़ती है। इस वर्ष भी यह पर्व पूरे जोश, उत्साह और पारंपरिक गौरव के साथ मनाया जा रहा है।

## पछवादून जौनसार बाबर की बेटियों का बीसीसीआई की महिला टी-20 ट्रॉफी में चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**जौनसार।** जौनसार-बाबर क्षेत्र की उभरती क्रिकेट प्रतिभाएँ अंकित शाह और जिज्ञासा तोमर ने एक बार फिर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। दोनों खिलाड़ियों का चयन बीसीसीआई द्वारा आयोजित अंडर-23 विमेंस टी-20 ट्रॉफी के लिए क्रिकेट एसोसिएशन ऑफ उत्तराखंड की टीम में हुआ है।

इससे पूर्व भी यह दोनों खिलाड़ी अंकित शाह व जिज्ञासा तोमर अंडर-19 क्रिकेट में खेलते हुए उत्तराखंड को दो बार बीसीसीआई वनडे ट्रॉफी का खिताब दिला चुकी हैं। अंकित शाह एक बेहतरीन ऑलराउंडर हैं। वह एक बैटर होने के साथ-साथ ऑफ-स्पिन गेंदबाजी में भी माहिर हैं। जिज्ञासा तोमर एक सशक्त मीडियम-पेस बॉलर हैं और बल्लेबाजी में भी लगातार शानदार प्रदर्शन करती रही हैं।

नों खिलाड़ियों ने अपने क्रिकेट सफर की शुरुआत रेनबो चिल्ड्रेन एकेडमी से की और लगातार बसीसीआई की प्रतियोगिताओं में अच्छा प्रदर्शन किया। इस अवसर पर रेनबो चिल्ड्रेन एकेडमी के प्रबंधक निशांत पवार व प्रधानाचार्य आरती पवार ने दोनों छात्राओं को शुभकामनाएँ देते हुए विश्वास व्यक्त किया कि वे इस बार भी शानदार प्रदर्शन कर उत्तराखंड को अंडर-23 विमेंस टी-20 ट्रॉफी का खिताब दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएँगी।

## बेहतर प्रबंधन से जीडीपी में सुधार होगा: डॉ. एस. फारूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** तुला इंस्टीट्यूट के 50 एमबीए छात्रों और 2 फैकल्टी सदस्यों के समूह ने हिमालया वेलनेस कंपनी, देहरादून की विनिर्माण इकाइयों का औद्योगिक दौरा किया।

हिमालया वेलनेस कंपनी के अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक ने छात्रों के साथ बातचीत की और प्रबंधन से जुड़े सुझाव साझा किए। उन्होंने फार्मा प्रबंधन के नए रुझानों पर प्रकाश डाला और इस बात पर जोर दिया कि किसी भी व्यवसाय की सफलता की कुंजी अच्छा प्रबंधन है, जो जीडीपी में भी सुधार करता है। एक प्रबंधक के रूप में आपको




हमेशा अपने अहंकार को नियंत्रित रखना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ड्रोन और रोबोटिक्स के क्षेत्र में चीन ने एक महत्वपूर्ण कदम बढ़ाया है और इससे उसके जीडीपी में बड़ा सुधार हुआ है। इस क्षेत्र में और अधिक शोध की आवश्यकता है। इसके अलावा कचरा प्रबंधन (वेस्ट मैनेजमेंट) भी ऐसा क्षेत्र है जिसमें शोध और नवाचार से बड़ी आमदनी उत्पन्न की जा सकती है।

# सी.एस.सी संचालक द्वारा जालसाजी कर प्रमाण पत्र बनवाने का मामला संज्ञान में आया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उप जिलाधिकारी जितेंद्र कुमार ने अवगत कराया कि तहसीलदार हरिद्वार की जांच आख्या द्वारा अवगत कराया गया कि साजिद निवासी मुस्तफाबाद पोस्ट धनपुरा तहसील व जिला हरिद्वार जिसकी सी.एस.सी की आई.डी 354772620014 है। जिनके द्वारा संचालित सी.एस.सी से आवेदन कर्ता नवाजिश पुत्र नूरआलम निवासी ग्राम मुस्तफाबाद पोस्ट धनपुरा तहसील व जिला हरिद्वार का स्थाई निवास प्रमाण पत्र आवेदन संख्या UK25ES0100585235 दिनांक 9 नवंबर को ई-सर्विसेस पोर्टल पर आवेदन किया गया। आवेदन के उपरान्त स्थाई निवास प्रमाण पत्र के दस्तावेजो के जांच में पाया गया कि कामन सर्विस केन्द्र के द्वारा आवेदन के साथ संलग्न साक्ष्यो में एक कूटरचित उद्धरण खतौनी संलग्न की गयी थी। उन्होंने अवगत कराया है कि आवेदन पत्र के साथ संलग्न कर फर्जी तरीके से प्रमाण पत्र निर्गत कराये जाने हेतु ऑनलाईन पोर्टल अपणि सरकार में दस्तावेज अपलोड किये गये। व्यक्ति उपरोक्त के द्वारा अपने सी.एस.सी का दुरूपयोग कर विभिन्न लोगो के साथ आर्गेनाईजड तरीके से विभिन्न क्षेत्रों के लोगो के साथ मिलजुलकर सरकारी दस्तावेज प्राप्त कर फर्जी प्रमाण पत्र निर्गत कराये जाते है। स्थायी प्रमाण पत्र व अन्य प्रमाण पत्र का उपयोग राज्य सरकार के कल्याणकारी योजनाओं व राज्य सेवा अन्तर्गत रोजगार हेतु किया जाता है। फर्जी प्रमाण पत्र बनने से राज्य सरकार की कल्याणकारी योजनायें व रोजगार प्रभावित होने के कारण प्रमाणिक लाभार्थी को उसका लाभ नहीं मिल पाता। सरकारी एवं आर्थिक कल्याणकारी योजनाओं का नाजायज फायदा उठाते हुये राजस्व के भी नुकसान होने की पूर्ण संभावना बनती है। उन्होंने अवगत कराया है कि तहसीलदार के दस्तावेजो के अवलोकन, निरीक्षण व तथ्यों के आलोक में ऐसा प्रतीत होता है कि साजिद निवासी मुस्तफाबाद पोस्ट धनपुरा तहसील व जिला हरिद्वार व अन्य के द्वारा कूटरचना करते हुए साक्ष्य तैयार कर विभिन्न प्रमाण पत्र गैर कानूनी तरीके से निर्गत कराये जाते है तथा उपरोक्त के दृष्टिगत साजिद निवासी मुस्तफाबाद पोस्ट धनपुरा तहसील व जिला हरिद्वार व अन्य के विरूद्ध नियमानुसार प्रार्थिमिकी दर्ज करने की कार्यवाही की जा रही है। उप जिलाधिकारी ने अवगत कराया है कि जिलाधिकारी के निर्देशन में विगत पांच वर्षो में निर्गत प्रमाण पत्रों की जांच की जा रही है तथा वर्तमान समय में निर्गत होने वाले प्रमाण पत्रों की गहन जांच की जायेगी तथा फर्जी दस्तावेजों के आधार पर प्रमाण पत्र निर्गत करने वाले सी.एस.सी संचालकों के विरुद्ध कड़ी कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

# आगामी परीक्षा केन्द्रों के दो सौ मीटर परिधि में धारा 163 लागू

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** सहायक वन संरक्षण लौगिंग अधिकारी एवं वन क्षेत्राधिकार संयुक्त मुख्य (लिखित) परीक्षा 2025 हरिद्वार नगर क्षेत्रांतर्गत के एकल परीक्षा केंद्र परीक्षा भवन उत्तराखंड लोक सेवा आयोग हरिद्वार केंद्र (कोड 101) पर दिनांक 24 नवंबर,से 28 नवंबर तक आयोजित की जायेगी। आयोजित परीक्षा के दौरान परीक्षा को नकल विहीन, बाधारहित, सुव्यवस्थित, निर्विघ्न एवं शांति पूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से परीक्षा केन्द्रों के आस-पास 200 मीटर की परिधि में निषेधाज्ञा 163 लागू की जाएगी है। नगर मजिस्ट्रेट हरिद्वार ने अवगत कराया कि परीक्षा को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने के लिए भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के प्राविधानों के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुये निषेधाज्ञा पारित की जाती है। उन्होंने हरिद्वार नगर क्षेत्र के उक्त परीक्षा केन्द्र के आस-पास की 200 मीटर की सीमा के अन्तर्गत जिला मजिस्ट्रेट हरिद्वार अथवा अपर जिला मजिस्ट्रेट हरिद्वार अथवा उनके पूर्वानुमति के बिना पांच या पांच से अधिक व्यक्ति समूह के रूप में एकत्रित नहीं होंगे और ना ही कोई सार्वजनिक सभा करेंगे और ना ही जुलूस आदि निकालेंगे। कोई भी व्यक्ति उपरोक्त परीक्षा केन्द्र के आस पास अपने किसी कार्यक्रम द्वारा जन भावनाओं को किसी प्रकार से नहीं भड़काएगा और कोई ऐसा कार्य नहीं करेगा जिससे सार्वजनिक लोक शांति भंग होना सम्भावित हो हरिद्वार नगर क्षेत्र के उपरोक्त परीक्षा केन्द्र पर एवं उसके आस-पास की 200 मीटर की परिधि में किसी प्रकार का कोई धरना-प्रदर्शन आदि नहीं किया जाएगा। परीक्षा केन्द्र 200 मीटर की परिधि में निर्धारित मानकों से अधिक किसी भी प्रकार का ध्वनि प्रदूषण पूर्णतः प्रतिबन्धित होगा। परीक्षा केन्द्रों लाठी, चाकू, तलवार, भाला, आग्नेयशास्त्र जैसे बन्दूक, पिस्टल आदि विस्फोटक पदार्थ जैसे तेजाब, पैट्रोल आदि लेकर नहीं चलेगा और न ही अपने पास रखेगा। परीक्षा केन्द्र से 200 मीटर की परिधि में शान्ति व्यवस्था में नियुक्त अधिकारी एवं कर्मचारी पुलिस बल के अतिरिक्त अन्य कोई व्यक्ति प्रवेश नहीं करेगा। परीक्षा केन्द्र परिसर के अन्तर्गत परीक्षार्थी को पाठ्य सामग्री ले जाने की अनुमति कदापि नहीं होगी। परीक्षा केन्द्र परिसर में किसी भी व्यक्ति एवं परीक्षार्थी को सेलुलर फोन तथा पेजर ले जाने की अनुमति कदापि नहीं होगी। उपरोक्त आदेशों का किसी भी प्रकार से उल्लंघन भारतीय न्याय संहिता 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

# द्वितीय चरण के लिए युवाओं का चयन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** आई.टी.सी मिशन सुनहरा कल की ओर से शुक्रवार को आयोजित रोजगार मेले में करीब 567 युवाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया था। प्रोग्राम एग्जीक्यूटिव सचिन ने दावा किया कि रोजगार के लिए द्वितीय चरण के लिए 272 युवाओं का चयन किया गया। गुरुकुल कांगड़ी के दयानंद स्टेडियम में आयोजित रोजगार मेले में विभिन्न कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के युवा शिरकत करने पहुंचे। मेले में कस्टमर केयर, सेल्स, मार्केटिंग, आई.आई.टी, पॉलीटेक्निक, बीटेक, फ्लिपकार्ट, कैटरिंग सर्विस, भारत सरकार की कौशल विकास योजना, आईटीसी, इन्फोटेक, टाटा मोटर्स, आई.सी.आई.सी.आई बैंक आदि के लिए नौकरी उपलब्ध कराई जा रही थी। ब्लिंकिट कंपनी के अधिकारियों ने बताया कि बड़ी संख्या में युवाओं ने नौकरी के लिए आवेदन किया है।

# अवैध खनन स्टॉक पर बड़ी कार्रवाई की तैयारी

**रोहन कुमार शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** जिले में लंबे समय से चल रहे अवैध खनन स्टॉक के खेल पर प्रशासन अब पूरी तरह शिकंजा कसने के मूड में है। एस.डी.एम जितेन्द्र कुमार ने साफ कहा कि क्षेत्र में अवैध रूप से जमा किए जा रहे खनन सामग्री के खिलाफ किसी तरह की ढील नहीं दी जाएगी। एस.डी.एम ने बताया कि पूरे मामले की विस्तृत जानकारी जिला खनन अधिकारी को भेज दी गई है। उन्होंने चेतावनी भरे अंदाज में कहा है यदि कहीं भी अवैध स्टॉक पाया जाता है तो तुरंत जप्ती की कार्रवाई की जाएगी और आगे की विधिक कार्रवाई विभाग द्वारा कठोर रूप से अमल में लाई जाएगी। सूत्रों के अनुसार क्षेत्र में कई स्थानों पर अवैध स्टॉकिंग की शिकायतें मिल रही थीं जिसके बाद खनन विभाग और प्रशासन ने संयुक्त रूप से निगरानी बढ़ा दी है। रात में भी टीमों की गश्त जारी है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि अवैध खनन स्टॉक के कारण न सिर्फ पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है बल्कि भारी वाहनों की आवाजाही से सड़कों की हालत भी खराब हो रही है। अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि यदि कहीं भी अवैध स्टॉक या संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे तो तुरंत सूचना दें ताकि कार्रवाई तेजी से की जा सके। प्रशासन ने दो टूक कहा है कि अवैध खनन स्टॉक करने वालों पर अब सख्त्त कार्रवाई तय है।



# सड़क पार के दौरान वाहन की चपेट में आने से मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** लालढांग-गैंडीखाता मार्ग पर बीते शुक्रवार दोपहर इंद्रा नगर बस्ती के सामने सड़क पार कर रहा एक ग्रामीण डंफर की चपेट में आ गया है। हादसे में ग्रामीण की मौके पर मौत हो गई। पुलिस के अनुसार ग्राम रसूलपुर मीठीबेरी के ढढियाँवाला निवासी जगमोहन सिंह 42 वर्ष पुत्र होरी सिंह अपनी पत्नी के साथ गैंडी खाता में अपने रिश्तेदारी में जा रहे थे। दोनों इंद्रा नगर बस्ती के सामने विक्रम से उतर कर सड़क पार करने लगे। जगमोहन आगे चलते हुए सड़क पार कर रहा था, जबकि उसकी पत्नी जगमोहन से कुछ दूरी पर पीछे सड़क पार कर रही थी। इसी दौरान अचानक सड़क पार करते समय जगमोहन भागुवाला से लालढांग जा रहे डंफर की चपेट में आ गया और मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने विधिक कार्रवाई की।

## अवैध शराब बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** 20 नवंबर की रात्रि को रानीपुर पुलिस टीम से कांस्टेबल संजय रावत व दिग्पाल सिंह ने अवैध शराब बिक्री करने वाले आरोपी दीपक जाटव पुत्र मन्जू जाटव को दौराने छापेमारी गैस प्लान्ट क्षेत्र मकीनो कम्पनी के पास से पकड़ कर 42 ट्रेटा पैक देशी शराब माल्टा मार्का की बरामदगी की। आरोपी के विरूद्ध कोतवाली रानीपुर में धारा 60 आबकारी अधिनियम के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# हर की पौड़ी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त एवं जनपद को स्वच्छ बनाने की मुहिम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** मुख्यमंत्री के निर्देशों के क्रम में धर्मनगरी हरिद्वार को स्वच्छ, क्लीन एवं मॉडल जनपद बनाने के लिए जिलाधिकारी मयूर दीक्षित ने विगत दिन सफाई व्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर जनपद के सभी क्षेत्रों में एवं प्रवेश द्वारों में सभी अधिकारियों को स्वयं धरातल पर उतरते हुए,अपने अपने क्षेत्रों में बेहतर सफाई व्यवस्था किए जाने के लिए निगरानी करने के निर्देश दिए गए थे।

जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में आज तीसरे दिन भी जनपद से लेकर के ग्रामीण क्षेत्रों एवं राष्ट्रीय राजमार्ग पर भी चलाया गया सफाई अभियान। एन.एच.ए.आई रुड़की अतुल शर्मा ने अवगत कराया है कि आज राष्ट्रीय राजमार्ग पर सफाई अभियान चलाया गया जिसमें दुधाधारी फ्लाईओवर ऋषिकेश की ओर तथा गुरुकुल नारसन, बहादराबाद बाईपास, कोर कॉलेज के समीप आदि क्षेत्रों में सड़क मार्ग की सफाई की गई। खंड विकास अधिकारी खानपुर राजेंद्र जोशी ने अवगत कराया कि आज पुरकाजी बॉर्डर से एकत्र किया कूड़ा सिंकदरपुर कॉम्पेक्टर में पहुंचाया गया इसके साथ ही उनके द्वारा ग्राम पंचायत सिकंदुपुर स्थापित कॉम्पेक्टर का भी निरीक्षण किया गया। खंड विकास अधिकारी लक्सर परवीन भट्ट ने अवगत कराया है कि रुड़की रोड ब्लॉक लक्सर क्षेत्रांतर्गत सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें उनके द्वारा किए जा रहे सफाई कार्यों का निरीक्षण किया गया। एस.डी.ओ वन विभाग पूनम कैथोला ने अवगत कराया है कि एन.एच 34 समीप श्यामपुर वन क्षेत्रांतर्गत वन विभाग द्वारा सफाई अभियान चलाया गया। अपर मेलाधिकारी दयानंद सरस्वती ने अवगत कराया है कि हर की पौड़ी क्षेत्र को अतिक्रमण मुक्त करने के लिए वाल्मीकि मंदिर एवं नाई घाट पर लगाई गई अवैध दुकानों को जिला प्रशासन की टीम द्वारा हटाया गया।जिलाधिकारी मयूर दीक्षित का जो उद्देश्य है कि धर्म नगरी जनपद हरिद्वार को स्वच्छ एवं क्लीन बनाने का है उसका असर धरातल पर दिखने लगा है तथा शहर से लेकर ग्रामीणों क्षेत्रों तक साफ सफाई अभियान का कार्य निरंतर किया जा रहा है जिसकी निगरानी संबंधित क्षेत्र के अधिकारी स्वयं धरातल पर पहुंचकर कर रहे है।



# माफियाओं को बेनकाब करके रहेंगें : श्रीमहंत धर्मेंद्र दास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** अखिल भारतीय उदासीन सम्प्रदाय संगत के अध्यक्ष श्रीमहंत धर्मेंद्र दास महाराज ने कहा कि हाईकोर्ट के श्री पंचायती अखाड़ा बड़ा उदासीन के लापता कोठारी महंत मोहनदास महाराज के लापता होने की जांच सी.बी.आई को सौंपे जाने का स्वागत करते हुए जांच शीघ्र पूरी करने की मांग की है। प्रैसक्लब में पत्रकारों से वार्ता करते हुए श्रीमहंत धर्मेंद्र दास महाराज ने कहा कि अखाड़ें की जमीनों पर कब्जा करने के लिए कुचक्र रचे जा रहे हैं। असमाजिक तत्वों के प्रवेश के कारण अखाड़े में विघटन हो रहा है। अखाड़े की जमीन बेचने का अधिकार किसी को नहीं है। बावजूद इसके जमीनें बेची जा रही हैं। संत का चोला पहनकर माफिया अखाड़े में प्रवेश कर चुके हैं। जमीन बचाने की कोशिश करने पर माफिया परेशान करते हैं। इसी कारण से अब तब अखाड़े के लगभग 15 संतों की या तो हत्या की जा चुकी है या फिर वह लापता हैं। इन सब मामलों की सी.बी.आई जांच होनी चाहिए। जिससे दोषियों को बेनकाब कर अखाड़े की परम्परा और मर्यादा को बचाया जा सके। श्रीमहंत धर्मेन्द्र दास महाराज ने आरोप लगाते हुए कहा कि उदासीन सम्प्रदाय के लगभग पंद्रह संत अभी तक लापता हुए हैं जिनमें से कुछ की हत्या की जा चुकी है। उन्होंने बताया कि कोठारी महंत मोहनदास महाराज वर्ष 2017 में लापता हुए थे। जिनकी गुमशुदगी कनखल थाने में दर्ज हुई थी। जिसकी जांच में पुलिस ने माफियाओं के दबाव में आकर अंतिम रिपोर्ट लगा दी थी। जिसके बाद श्रीमहंत सुखदेव मुनि महाराज ने रिट दायर की और कोर्ट ने 2023 में मामले की सी.बी.सी.आई.डी जांच के आदेश दिए। सी.बी.सी.आई.डी के नाकाम रहने पर हाई कोर्ट ने मामले में 29 अक्टूबर 2025 को सी.बी.आई जांच के आदेश दिए है। उन्होंने कहा कि पूर्व में जब मोहन दास महाराज के लापता होने के बाद सरकार द्वारा सी.बी.आई जांच की बात कही गयी थी किन्तु उस समय अखाड़े के संतों ने जांच से मना कर दिया था। ऐसे में उनकी भी जांच होनी चाहिए। संतों के लापता होने की जांच की मांग और अखाड़े की संपत्ति बचाने का प्रयास करने वालों पर भी दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इस सबके पीछे भूमाफियाओं की बड़ी भूमिका है। यदि इन सबकी सी.बी.आई जांच करायी जाए तो बड़े माफिया बेनकाब हो जाएंगे। उन्होंने कहा कि उनकी भी हत्या की जा सकती है। लेकिन वह अखाड़े की परम्परा, मर्यादा और संतों की रक्षा के लिए आखिरी दम तक अपनी आवाज बुलंद करते रहेंगे और माफियाओं को बेनकाब करके रहेंगें। प्रैसवार्ता में महंत सुखदेव मुनि व महंत अभिषेक मुनि भी मौजूद रहे।



# महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका तेजस का विमोचन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** प्राचार्य डॉ. योगेश कुमार ने अतिथियों का स्वागत करते हुए महाविद्यालय की विकास यात्रा के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि इस महाविद्यालय की स्थापना के चलते क्षेत्र के अनेक परिवारों की पहली पीढ़ी उच्च शिक्षा की दहलीज तक पहुंची है। महाविद्यालय के स्थापना दिवस समारोह में वार्षिक पत्रिका तेजस का विमोचन किया गया। कैबिनेट मंत्री सौरभ बहुगुणा ने वार्षिक पत्रिका को छात्रों के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि किसी भी महाविद्यालय की वार्षिक पत्रिका उसका दर्पण होती है। इस अवसर पर पत्रिका के संपादक डॉ योगेश योगी ने बताया कि पत्रिका में महाविद्यालय के संस्थापक डॉ तेजवीर सिंह सैनी की जीवन यात्रा से छात्र-छात्राओं को अवगत कराया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रबंध समिति की अध्यक्ष सुमन देवी ने की जबकि कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ अंजली गौड़ ने किया। इस अवसर पर भाजपा के जिला उपाध्यक्ष लव शर्मा, जिला महामंत्री हीरा सिंह बिष्ट, आयुषी पंवार, अंजली देवी, मोनिका चौधरी, रितु बिश्नोई, संध्या त्यागी डॉ. अंजु, डॉ रविंद्र कुमार, डॉ अंजू शर्मा, डॉ राहुल देव, डॉ भूपेंद्रसिंह, डॉ देवेंद्र कुमार आदि उपस्थित रहे।



# एकता मार्च में सभी वर्गों ने भाग लिया

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** पथरी, हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा में शाहपुर शीतला खेड़ा से लेकर फेरूपुर रामखेड़ा तक लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150 वीं जयंती के उपलक्ष्य में रन फॉर यूनिटी (एकता मार्च) का आयोजन किया गया। एकता मार्च में क्षेत्र के युवा, बुजुर्ग, महिला और बच्चों ने भाग लिया। एकता मार्च का शुभारंभ पूर्व कैबिनेट मंत्री बीजेपी प्रदेश उपाध्यक्ष भाजपा उत्तराखंड स्वामी यतीश्वरानंद और जिला अध्यक्ष बीजेपी आशुतोष शर्मा ने झंडा दिखाकर किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने देश को एकता के सूत्र में बांधने का काम किया है। उन्होंने सभी रियासतों को एक कर अखंड भारत का निर्माण किया है। उनके योगदान को हम कभी नहीं भूल सकते हैं। उन्होंने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती की सभी को बधाई और शुभकामनाएं दी। रन फॉर यूनिटी(एकता मार्च) का स्वागत ग्राम वासियों के द्वारा शाहपुर शीतला खेड़ा, रानी माजरा, पदार्थ, धनपुरा और फेरूपुर में जगह-जगह पर पुष्प वर्षा कर किया गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान, सुशील पवार, राकेश सैनी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान, जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौहान, सरवन चौहान, राज्य मंत्री शोभाराम प्रजापति सहित अनेकों कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहे।



# दस किलो गांजा बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** नशा मुक्ति अभियान के क्रम में 20 नवंबर को रानीपुर पुलिस टीम द्वारा नशा तस्करो के विरूद्ध चौकिंग अभियान चलाकर, दौरान चौकिंग पुलिस टीम द्वारा पथरी पुल से आगे धनौरी रोड नहर पटरी से एक आरोपी सुमंगलम कुमार पुत्र संतोष मिस्त्री निवासी चण्डी घाट, श्यामपुर हरिद्वार को दबोचकर आरोपी के कब्जे से कुल दस किलो चौसठ ग्राम अवैध गाँजा जिसकी बाजारी कीमती लगभग एक लाख रुपय है आरोपी के कब्जे से अवैध गाँजा बरामद कर आरोपी से पूछताछ पर बताया कि वह गांजे को कलियर से एक व्यक्ति से हरिद्वार में बेचने के लिये लेकर आया था। रानीपुर पुलिस द्वारा आरोपी सुमंगलम के विरूद्ध थाने पर एन.डी.पी.एस एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्रवाई की गई पश्चात न्यायालय में पेश कर आरोपी को जेल भेजा। हरिद्वार पुलिस टीम की ओर से कोतवाली रानीपुर प्रभारी के नेतृत्व में कार्रवाई की गई।



# अपहरणकर्ता के विरुद्ध पोक्सो की कार्रवाई कर जेल भेजा

## पुलिस ने वादी को नाबालिग पुत्री सुपुर्द की

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 15 अगस्त को वादी ने थाना बहादराबाद को तहरीर दी जिसके आधार पर अभियुक्त मुस्तकीम पुत्र नूर मौहम्मद निवासी लक्सर के विरूद्ध वादी की नाबालिग पुत्री के अपहरण करने के सम्बन्ध में मुकदमा अन्तर्गत धारा 137(2) बी.एन.एस थाना बहादराबाद में पंजीकृत कराया गया था।

अपहृता की अतिशीघ्र बरामदगी हेतु कप्तान द्वाराआवश्यक निर्देश पर थानाध्यक्ष बहादराबाद के नेतृत्व में पुलिस टीम का गठन किया गया था व न्यायालय द्वारा अभियुक्त के विरुद्ध गैर जमानतीय वारण्ट जारी किये गये थे। गठित की गयी पुलिस टीम द्वारा सुरागरसी पतारसी की गयी एवं मुखबिर मामूर किये गये तथा मोबाइल सर्विलांस की सहायता से वांछित अभियुक्त मुस्तकीम को बद्रीपुर, जोगीवाला देहरादून से गिरफ्तार कर अभियुक्त के कब्जे से अपहृता को सकुशल बरामद किया गया। मुकदमा उपरोक्त मे पोक्सो अधिनियम की बढोत्तरी कर विधिक कार्यवाही की गई। आरोपी न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया।



# शिक्षण संस्थान को छात्रो से एंटी ड्रग डिक्लेरेशन फॉर्म भरवाने के निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** दिनांक 21 नवंबर को एस.एस.पी हरिद्वार के निर्देशन में सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन हरिद्वार जितेंद्र चौधरी द्वारा नशा मुक्त उत्तराखंडख्रदेवभूमि अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का आयोजन पुलिस कार्यालय रोशनाबाद में किया गया जिसमें जनपदीय एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स की टीम भी सम्मिलित रही। बैठक का उद्देश्य स्कूल, कॉलेज व अन्य शिक्षण संस्थानों की इस अभियान में अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित करना तथा विद्यार्थियों में नशा-मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। बैठक में उपस्थित शिक्षण संस्थान के प्रधानाचार्यों व प्रतिनिधियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने संस्थानों में एंटी ड्रग कमेटी एवं एंटी ड्रग क्लब का गठन करें। सभी शिक्षण संस्थान/प्रबंधक छात्रों से एंटी ड्रग डिक्लेरेशन फॉर्म/सहमति पत्र भरवाएँ, इन सहमति पत्रों के आधार पर कुछ विद्यार्थियों का रैंडम एंटी ड्रग टेस्ट सी.एम.ओ हरिद्वार की टीम द्वारा किया जाएगा। बैठक के दौरान प्रतिभागियों ने अपने सुझावों एवं संस्थानों से संबंधित समस्याओं को भी साझा किया। इन बिंदुओं के निराकरण हेतु संबंधित थानों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। नगर क्षेत्र के विभिन्न इंटर कॉलेजों व शिक्षण संस्थानों से आए प्रतिनिधियों ने बैठक में सक्रिय रूप से प्रतिभाग कर अभियान को सफल बनाने का संकल्प व्यक्त किया।



# तीन दिन यातायात प्रतिबंधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण, पी.आई.यू रुड़की के अधिशासी अभियंता अतुल शर्मा ने अवगत कराया है कि राष्ट्रीय राजमार्ग संख्या 334 पर ब्लैक टॉप ओवरले का कार्य प्रारंभ किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत नारसन बॉर्डर से लेकर सर्वानंद घाट तक संपूर्ण हाईवे के साथ-साथ सभी सर्विस रोड पर भी ओवरले का कार्य किया जाएगा। इसी क्रम में आज रात्रि से प्रेम नगर आश्रम से ऋषिकुल तिराहे से शंकराचार्य चौक तक सर्विस मार्ग पर कार्य किया जाएगा जिसके चलते प्रेम नगर आश्रम फ्लाईओवर के नीचे से शंकराचार्य चौक तक जाने वाली सर्विस रोड पर अगले तीन दिन यातायात प्रतिबंधित रहेगा। यातायात पुलिस के सहयोग से यातायात की वैकल्पिक व्यवस्था पूर्ण कर ली गई है कल रात 10:00 बजे से यातायात डायवर्सन करते हुए सर्विस रोड कार्य प्रारंभ कर दिया गया। दिनांक 22 नवंबर से 24 नवंबर तक सर्विस रोड पर कार्य प्रगति पर रहेगा।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी.एस.वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# अपराधियों पर लगाम कसी जाए

## क्राइम बैठक में एसपी चन्द्रशेखर घोड़के ने मातहतों को किया निर्देशित



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** एसपी ने पुलिस लाइन में पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों के साथ क्राइम बैठक ली। बैठक में सर्वप्रथम जिले को नशा मुक्त करने एवं जिले में महिला, बाल एवं अन्य किसी भी प्रकार के अपराध पर पूर्ण रूप से पाबंद लगाने के लिए सतर्क रहने के निर्देश दिए। लाइन में बैठक लेते हुए पुलिस अधीक्षक चन्द्रशेखर घोड़के ने कहा कि लम्बित विवेचनाओं का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किए जाएगा। बैठक में मौजूद पुलिस के अधिकारियों थाना,चौकी प्रभारियों, शाखा प्रभारियों व अन्य पुलिस कार्मिकों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि ड्यूटी के दौरान किसी भी प्रकार की लापरवाही एवं शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जनपद में घटित अपराधों की समीक्षा करते हुए लंबित विवेचनाओं शिकायतों के मामलों में गुणवत्तापूर्ण विवेचना कर साक्ष्य के आधार पर शीघ्र निस्तारित करने के निर्देश दिये गये। हर अपराध को गंभीरता से लेते हुए अपराधियों पर सख्त लगाम लगाने के निर्देश दिये गये। उन्होंने कहा कि वर्तमान परिदृश्य को देखते हुए संदिग्धों के तलाश के लिये जनपद में घर–घर वैरिफिकेशन ड्राइव चलाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जनपद में कड़ाई से नशे के खिलाफ चेकिंग अभियान जारी रखने को कहा। एसपी ने कहा कि दिल्ली में हुए ब्लास्ट घटना के दृष्टिगत समस्त थाना प्रभारी सतर्कता के बरतने के आदेश दिए। जिले में ओवर लोडिंग, यातयात नियमों पालन सहित अब अपराधिक गतिविधियों पर कड़ी नजर रखने के आदेश दिए। इसके अलावा हिस्ट्रीशीटरों, गुमशुदा, अज्ञात शवों की शिनाख्त सहित कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्देशित किया गया। बैठक में पुलिस अधिकारियों एवं जवानों की समस्याएं सुनी गई। बैठक में एसपी ने नवम्बर माह में बेहतरीन कार्य करने वाले 16 पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर पुलिस उपाधीक्षक बागेश्वर अजय साह, पुलिस उपाधीक्षक कपकोट मनीष शर्मा, प्रभारी पुलिस लाईन व समस्त थाना, चौकी एवं शाखाओं के प्रभारी मौजूद रहे।

# पिंजरे में फंसा तेंदुआ



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** द्रोणा सागर स्थित पौराणिक टीले पर वन विभाग द्वारा लगाये गये पिंजरे में आज सुबह–सुबह इलाके में घूम रहा एक तेंदुआ फंस गया, जिससे स्थानीय निवासियों ने राहत की सांस ली है। करीब 10–15 दिन पहले टीले के आसपास तेंदुए की बढ़ती गति. विधियों को देखते हुए वन विभाग ने पिंजरे लगाए थे। मौके पर पहुंचे पार्षद अनिल कुमार ने बताया कि पिछले काफी दिनों से लोग तेंदुए की आवाजाही से भयभीत थे। वन विभाग की टीम लगातार इस क्षेत्र में गश्त कर रही थी और आज एक और सफलता हाथ लगी है। सूत्रों की मानें तो टीले में अभी भी 4 से 5 तेंद. ुओं के होने की संभावना है। वन विभाग ने इलाके की निगरानी और बढ़ा दी है, ताकि बाकी तेंदुओं को भी पकड़कर सुरक्षित जंगल में छोड़ा जा सके। तेंदुए के डर से रात में लोग घरों से बाहर निकलने में भी घबराते थे, लेकिन वन विभाग द्वारा लगातार मिल रही सफलताओं से लोगों में अब सुरक्षा की भावना लौट रही है। विभागीय अधिकारियों के अनुसार, पकड़े गए तेंदुए को सभी औपचारिकताएँ पूरी करने के बाद वन क्षेत्र में सुरक्षित छोड़ दिया जाएगा।

## एक नजर....

### बागेश्वर में शीतकालीन तैयारियों की समीक्षा

**बागेश्वर।** आगामी शीतलहर और बर्फबारी से निपटने के लिए प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी एनएस नबियाल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभागों को समन्वय बढ़ाने, रैनबसेरों की व्यवस्था, सड़क मार्गों की सुरक्षा और आवश्यक स्टॉक सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। एडीएम ने जल संस्थान और विद्युत विभाग के अधिकारियों की अनुपस्थिति पर नाराजगी जताई और स्पष्टीकरण मांगा। उन्होंने सड़क विभाग को बर्फबारी से प्रभावित मार्गों का चिन्हीकरण, जेसीबी की तैनाती और मार्ग शीघ्र खोलने के निर्देश दिए। रैनबसेरों के लिए बिस्तर, कंबल, पानी, शौचालय और सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया। इसके अलावा, खाद्य आपूर्ति, पेट्रोल पंपों में ईंधन, स्वास्थ्य सेवाएं, पशुपालन के लिए चारा और दवाइयों की उपलब्धता पर भी ध्यान दिया गया। पर्यटकों को उच्च हिमालयी क्षेत्रों में जाने से रोकने की सलाह दी गई।

### पंत विवि की क्रिकेट टीम अलीगढ़ रवाना

**पंतनगर।** सत्र 2025–26 की अखिल भारतीय उत्तर क्षेत्रीय अर्न्तविश्वविद्यालय क्रिकेट (पुरुष) प्रतियोगिता अलीगढ़ विश्वविद्यालय, अलीगढ़, उत्तर प्रदेश में दिनांक 22 नवम्बर, 2025 से 02 दिसम्बर, 2025 तक आयोजित होनी है। उक्त प्रतियोगिता में विश्वविद्यालय की 16 सदस्यों की क्रिकेट (पुरुष) मैनेजर डा. डीपी सिंह के साथ आज पूर्वान्ह 10 बजे पंतनगर विश्वविद्यालय के स्टीवेंनस स्टेडियम से अलीगढ़, उत्तर प्रदेश के लिए रवाना हुई। अधिष्ठाता छात्र कल्याण डा. एएस जीना द्वारा विश्वविद्यालय क्रिकेट टीम को शुभकामनाएं प्रदान की गयी। इस अवसर पर प्रभारी शारीरिक शिक्षा डा. एनके सिंह, सह अधिष्ठाता छात्र कल्याण शारीरिक शिक्षा डा. पूनम त्यागी उपस्थित रहे।

### राष्ट्रीय जंबूरी के लिए स्काउट गाइड रवाना

**बागेश्वर।** भारत स्काउट्स एंड गाइड्स की स्थापना के 75 वर्ष के अवसर पर डायमंड जुबली ईयर में 19वीं राष्ट्रीय जंबूरी के लिए 35 सदस्यीय दल लखनऊ के लिए रवाना हुआ है। मुख्य शिक्षा अधिकारी विनय कुमार ने हरी झंडी दिखाकर दल को रवाना किया। जनपद के अलग–अलग विद्यालयों से 17 गाइड, 14 स्काउट, दो स्काउट मास्टर, दो गाइड कैप्टन प्रतिभाग कर रहे हैं। टीम का नेतृत्व जिला संगठन आयुक्त स्काउट राजेंद्र पूना और जिला संगठन आयुक्त गाइड गीता आर्या कर रहे हैं। सहायक के रूप में उपेंद्र कनवाल एवं विमल राणा रहेंगे। प्रतिभागियों में कपकोट ब्लॉक से चार, बागेश्वर ब्लॉक से नौ एवं गरुड़ ब्लॉक से 18 स्काउट और गाइड प्रतिभाग कर रहे हैं।

### गड़िया बग्वाल का रंगारंग समापन

**बागेश्वर।** कपकोट के पोथिंग गांव में दिन–रात चलने वाले गड़िया बग्वाल का रंगारंग कार्यक्रम के साथ समापन हो गया है। कार्यक्रम में लोक गायक कुंदन कोरंगा, राकेश खनवाल गिरीश जोशी, भगवत मेहता ने अपने गीतों से लोगों को खूब मचाया। कार्यक्रम के सम्मान बेला पर क्षेत्रीय विधायक सुरेश गड़िया ने भी ठुमके लगाए। उन्होंने कहा कि अपनी संस्कृति बचाने के लिए सभी को आगे आना होगा। उन्होंने कहा कि कुमाऊं की संस्कृति पूरे उत्तरखंड में प्रसिद्ध है। पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण ने कहा कि गड़िया बग्वाल क्षेत्र की पहचान है। यहां लोक संस्कृति की बयार बहती है। इसे युवा पीढ़ी को भी समझना होगा। इसके बाद लोक गायकों ने एक से एक सुंदर कुमाउनी, गढ़वाली गीत परोसे। लोगों की फरमाइश भी पूरी की। स्थानीय स्कूल के बच्चों ने भी बेहतरीन रंगारंग कार्यक्रम पेश किए। अध्यक्ष हरीश जोशी ने सभी का स्वागत किया। इस मौके पर दीपक गड़िया, प्रधान सरस्वती गड़िया, क्षेत्र पंचायत अनीता जोशी, कमलेश गड़िया, भुवन गड़िया, संजय जोशी, भूपेश गड़िया मौजूद रहे।

### बागेश्वर में खेल स्टेडियम निर्माण की शुरुआत

**बागेश्वर।** नए खेल स्टेडियम के निर्माण कार्य की शुरुआत से पहले, चयनित भूमि की मैपिंग की गई। शुक्रवार को उत्तराखंड पेयजल निर्माण निगम, तहसीलदार, राजस्व अधिकारी और प्रोजेक्ट आर्किटेक्ट की टीम ने मौके पर पहुंचकर स्टेडियम के लेआउट का अवलोकन किया। इस स्टेडियम के निर्माण के लिए स्व. चंदन राम दास के प्रयासों और स्थानीय खेल प्रेमियों के लगातार पत्राचार का अहम योगदान रहा है। शासन ने इस परियोजना को मंजूरी दे दी है और टोकन मनी भी जारी कर दी गई है। 95 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाला यह स्टेडियम सभी खेलों के लिए सुसज्जित होगा, जिसमें फुटबॉल ग्राउंड, 400 मीटर सिंथेटिक ट्रैक, ओलंपिक मानक स्विमिंग पूल और आउटडोर–इनडोर खेलों की सुविधाएं शामिल हैं। इस परियोजना के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर धामी का आभार व्यक्त किया गया।

### पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति तोड़ी

**काशीपुर।** पुराना आवास विकास स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय पार्क में असामाजिक तत्वों द्वारा घिनौना कृत्य किया गया है। यहां पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा को अराजक तत्वों द्वारा तोड़ा गया है और साथ ही साथ निगम की संपत्ति को भी नुकसान पहुंचाया गया है। भाजपा नेता अमित मनचंदा द्वारा यह जानकारी निगम को दे दी गई है। अमित मनचन्दा ने उक्त शरारती तत्वों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग की है। हालांकि इस घटना का जैसे ही लोगों को पता चला लोगों ने इस घटना का विरोध करते हुए शीघ्र ही ऐसे शरारती तत्वों को पकड़ने की मांग की है।

### सोशल मीडिया पर दोस्ती कर युवती ने ठगा

**काशीपुर।** सोशल मीडिया पर एक व्यक्ति को अंजान युवती से दोस्ती करना भारी पड़ गया। युवती ने उससे तीन लाख 31 हजार रुपये की ऑनलाइन धोखाधड़ी कर ली। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। ग्राम पैगा निवासी हरविंदर सिंह ने आईटीआई थाने में दी तहरीर में कहा कि कुछ समय पूर्व उसक फेसबुक पर प्रकृति मेहरा नाम की युवती की फ्रैंड रिक्वेस्ट आई थी। बीती 27 अक्टूबर को प्रकृति मेहरा ने उससे व्हाट्सएप पर चैट की और कुछ दिन बाद अपने कारोबार के बारे में बताया था। बताया कि उसकी ऑरचिड्स डिजाइनिंग स्टूडियो नाम से कंपनी है।

## राजकीय पॉलिटेक्निक में नशा मुक्ति व काउंसलिंग सत्र आयोजित

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** राजकीय पॉलिटेक्निक में नशा मुक्ति और जागरूकता के उद्देश्य से एक विशेष कार्यक्रम और काउंसलिंग सत्र का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में राजकीय चिकित्सालय एलडी भट्ट से नीता पंत, स्टेट ऐड्स कंट्रोल सोसायटी के टेक्निकल एक्सपर्ट मोहम्मद जावेद ने संयुक्त रूप से छात्र–छात्राओं को संबोधन कर नशे के दुष्प्रभाव के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी। काउंसलर नीता पंत ने नशे के कारण मानसिक तनाव, व्यावहारिक परिवर्तन में प्रकाश डालते हुए छात्र–छात्राओं को सही जीवन शैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। टेक्निकल एक्सपर्ट मोहम्मद जावेद ने नशे के प्रकार, युवाओं में तेजी से बढ़ते हुए प्रसार और इससे होने वाले शारीरिक और सामाजिक प्रभाव पर विस्तार से जानकारी दी उन्होंने कहा नशे से निर्णय लेने की क्षमता, मानसिक स्वास्थ्य और कैरियर को गंभीर रूप से कमजोर करता है। फार्मेसी विभाग के छात्र छात्राओं ने कार्यक्रम में उत्साह से भाग लिया। अंत में प्रधानाचार्य बीपी सिंह दोनों विशेषज्ञों का आभार व्यक्त करते हुए महत्वपूर्ण संदेश दिया। इस दौरान नीता पंत, काउंसलर, मोहम्मद जावेद, टेक्निकल एक्सपर्ट, प्रधानाचार्य बीपी सिंह, विभाग अध्यक्ष एचडी भट्ट, व्याख्याता प्रीति आर्या, गोकुल, कुमारी भावना, धीरज कुमार जोशी, कुमारी दिव्या, शिव कुमार और शत्रुघ्न उपस्थित रहे।

# राज्य सरकार का पुतला फूंका

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जिला कांग्रेस कमेटी ने नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट के नेतृत्व में प्रदेश सरकार का पुतला दहन किया गया। इस अवसर पर वक्ताओं ने प्रदेश सरकार पर तानाशाही के आरोप मढ़े। स्थानीय एसबीआई तिराहे पर शुक्रवार को कांग्रेस कार्यकर्ता एकत्र हुए। यहां हुई सभा में कार्यकर्ताओं ने कहा कि संविधान ने देश के नागरिकों को अपने अधिकारों की लड़ाई गांधीवादी विचार धाराओं के साथ लड़ने की आजादी दी है। जिसके क्रम में देश के प्रत्येक वर्ग के लोगों को शांति पूर्वक धरना प्रदर्शन करने के अधिकार है। वर्तमान में धामी सरकार द्वारा किसी भी संगठन कर्मचारी को धरना प्रदर्शन करने पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। वक्ताओं ने कहा कि राज्य की सरकार अपने काले करतूतों से डरी हुई है। उन्हें 2027 में कुर्सी जाने का डर अभी से सताने लगा है। इस मौके पर पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी, पूर्व अध्यक्ष भगत डसीला, लोकमणि पाठक, बालकृष्ण, खिलाफ दानू, गोपाल बिष्ट सहित अन्य मौजूद थे।



# कांग्रेस जिलाध्यक्ष का स्वागत



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** कांग्रेस पार्टी के नव नियुक्त जिलाध्यक्ष अर्जुन भट्ट का शुक्रवार को स्थानीय एक होटल में कांग्रेस कार्यकर्ताओं द्वारा भव्य स्वागत किया गया। जिसके बाद भट्ट ने पार्टी के नए अध्यक्ष के रूप में जिम्मेदारी संभाली।

पद ग्रहण करते ही भट्ट ने कह कि वे पार्टी के भरोसे पर पूरी तरह से खरा उतरने की कोशिश करेंगे। यहां आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि पूर्व सांसद प्रदीप टम्टा एवं पूर्व विधायक ललित फर्स्वाण, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष हरीश ऐठानी सहित अन्य कार्यकर्ताओं ने भट्ट को फूल माला पहनाकर उन्हें जिलाध्यक्ष पद की बधाई दी। इस मौके पर अध्यक्ष अर्जुन भट्ट ने कहा कि राष्ट्रीय कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व ने उनके ऊपर जो भरोसा जताया है वे इस पर खरा उतरने की पूरी कोशिश करेंगे। कहा कि भाजपा जिस प्रकार पूरे देश में वोट चोरी कर सत्ता हासिल कर रही है, कांग्रेस पार्टी भाजपा की इस कथनी को जन जन तक पहुंचाएगी। उन्होंने कहा कि वे पार्टी के प्रत्येक छोटे बड़े कार्यकर्ता को साथ लेकर चलेंगे। ताकि जिले में पार्टी को नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ाया जा सके। इसी क्रम में अन्य वक्ताओं ने कांग्रेस पार्टी द्वारा राज्य एवं जिलों में नए अध्यक्ष जिम्मेदारी युवाओं कार्यकर्ताओं को दिए जाने पर राष्ट्रीय नेतृत्व का आभार जताया। इस अवसर पर राजेंद्र टंगड़िया, गोपाल विष्ट, सुनील भंडारी, विनोद कुमार, नवल कुमार, दिनेश कुमार, लोकमणि पाठक, विनोद पाठक, पूजा आर्या, लक्ष्मी धर्म शक्तू सहित सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद थे।

# 'एस्मा' लगाने पर भड़की कांग्रेस



**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने राज्य सरकार के नो वर्क नो पे लागू करने के विरोध में शुक्रवार को प्रदर्शन किया। सरकार का पुतला फूंक एस्मा को तत्काल वापस लेने की मांग की। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने शुक्रवार को चौघानपाटा में सरकार के खिलाफ प्रदर्शन कर जमकर नारेबा. जी की। मौके पर जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज ने कहा कि नो वर्क नो पे को लागू कर सरकार कर्मचारियों को डराने का काम कर रही है। यह सरकार की नाकामी को दर्शाता है। कर्मचारी रात दिन सरकार के लिए काम कर रहे हैं। सरकार उनके हितों का ध्यान नहीं रख पा रही है। ऊपर से नो वर्क नो पे जैसे कानून लागू किए जा रहे हैं। कर्मचारी अपने हक की बात कर रहे हैं तो सरकार उनके दमन के लिए ऐसे कानून लागू कर रही है। कहा कि कांग्रेस कर्मचारियों के साथ खड़े हैं। किसी भी हाल में कर्मचारियों का उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। नगर अध्यक्ष तारा चंद्र जोशी, महिला जिलाध्यक्ष राधा बिष्ट, पीताम्बर पांडे, पूरन रौतेला, नारायण दत्त पाण्डेय, तारा चंद्र साह, जया जोशी, गीता मेहरा, किरन आर्या, आनंद बिष्ट, अम्बी राम, गोविन्द लाल, निजाम कुरैशी, हर्ष कनवाल, चन्दन भोज, भैरव गोस्वामी, आशुतोष कनवाल, बीके पाण्डेय, गोविन्द मेहरा, दिनेश पिल्खवाल, हेम तिवारी, वकुल साह, नवाज खान, रविन्द्र टम्टा, दीपेश कांडपाल, शुभम जोशी, आशु गोस्वामी, विश्वास टम्टा, मनोज बिष्ट, परितोष जोशी, गोपाल भट्ट आदि थे।

# प्रौद्योगिकी को समझा

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** समर स्टडी हॉल के कक्षा 11 व 12 के विद्यार्थियों ने रुद्रपुर के डीपीएस स्कूल में आयोजित सीबीएसई स्किल एक्सपो एवं गाइडेंस फेस्टिवल का शैक्षिक भ्रमण किया। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के कई प्रतिष्ठित विद्यालयों ने भाग लेकर विज्ञान, प्रौद्योगिकी और उद्यमिता विषयों पर आधारित अपने मॉडल प्रदर्शित किए। समर स्टडी हॉल के विद्यार्थियों ने इन मॉडलों को ध्यानपूर्वक देखा और नई तकनीकों, नवाचारों तथा उद्यमिता से जुड़े विच. ारों को समझा। इस भ्रमण में छात्रों के साथ शिक्षक तारिक हुसैन और पूनम अरोड़ा मौजूद रहे, जिन्होंने छात्रों को विभिन्न प्रदर्शनों की विशेषताओं एवं उपयोगिता के बारे में मार्गदर्शन दिया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण सीबीएसई विशेषज्ञ वक्ताओं द्वारा आयोजित मार्गदर्शन सत्र रहे। विद्यालय की अध्यक्षा मुक्ता सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन विद्यार्थियों के दृष्टिकोण को व्यापक बनाते हैं और उन्हें भविष्य के लिए बेहतर तैयार करते हैं।




### कर्मचारी शिक्षक संगठन की वर्चुअल बैठक

**अल्मोड़ा।** उत्तरांचल पर्वतीय कर्मचारी शिक्षक संगठन की वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। जिसमें दिल्ली में पुरानी पेंशन बहाली के लिए होने वाली रैली पर चर्चा की गई। सभी कार्मिकों से दिल्ली रैली में प्रतिभाग करने का आह्वान किया। बैठक में कार्मिकों ने कहा कि लंबे समय से मांग के बावजूद अब तक पुरानी पेंशन बहाल नहीं हो सकी है।

# राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देने के लिए निकाली पदयात्रा




सरकार पटेल की 150वीं जयंती

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** अल्मोड़ा नगर में सरदार बल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में भव्य पदयात्रा का आयोजन किया गया। पदयात्रा का मुख्य उद्देश्य राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना, जन जागरूकता फैलाना, एवं सामुदायिक भागीदारी सुनिश्चित करना था। शुक्रवार को पदयात्रा का शुभारंभ नंदा देवी परिसर से हुआ।

जो लाला बाजार, चौक बाजार, जो. हरी बाजार, मल्ली बाजार, एवं माल रोड होते हुए शहीद पार्क शिखर तिराहे पहुंची जहां पदयात्रा का समापन हुआ। कार्यक्रम में क्षेत्र के अनेक गणमान्य नागरिकों ने प्रतिभाग किया। बालिका विवेकानंद के छात्रों ने वाद्ययंत्रों के साथ आकर्षक प्रदर्शन किया। जीजीआईसी इंटर कॉलेज एडम्स इंटर कॉलेज की छात्राओं ने सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के उपलक्ष्य में पूरे जोश और उमंग के साथ भागीदारी निभाई। कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री अजय टम्टा ने कहा कि सरदार वल्लभभाई पटेल देश की अमूल्य विरासत हैं, जिन्होंने आधुनिक भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाई। दर्जा राज्य मंत्री बलवीर घुनियाल ने कहा कि सरदार पटेल ने खेड़ा और बारदोली आंदोलन में किसानों का साहसिक नेतृत्व किया, जिसके चलते उन्हें सरदार की उपाधि मिली। भाजपा जिलाध्यक्ष महेश नयाल ने कहा कि सरदार पटेल महात्मा गांधी के सहयोगी रहे और असहयोग आंदोलन तथा नमक सत्याग्रह में उनका योगदान अविस्मरणीय है। उनका संदेश एक भारत, श्रेष्ठ भारत आज भी देश को मार्गदर्शन देता है। पदयात्रा के संयोजक पूर्व विधायक कैलाश शर्मा एवं प्रभारी महापौर अजय वर्मा रहे। कैलाश शर्मा ने कहा कि सरदार पटेल की दृढ़ इच्छा शक्ति और नेतृत्व ने भारत की आधारशिला रखी, उनकी विरासत राष्ट्र निर्माण के लिए सदैव प्रेरणा देती रहेगी। यहां भाजपा प्रदेश मंत्री गौरव पांडे, रवि रौतेला, ललित लटवाल, गोविंद पिलखवाल, कुंदन लटवाल, राजीव गुरुरानी, दर्शन रावत, प्रकाश भट्ट, धर्मेंद्र बिष्ट, मनीष जोशी (मंटू), पंकज जोशी, पंकज बिष्ट, त्रिलोचन जोशी, विनीत बिष्ट, मदन बिष्ट, देवाशीष नेगी, संदीप श्रीवास्तव, सलमान अंसारी, असलम अंसारी, जगत भट्ट, जगत तिवारी, मनोज जोशी, हरीश नेगी, मनोज तिवारी, त्रिलोचन जोशी, भगवान रावल, जगमोहन बिष्ट, अन्नू, कुंदन चम्याल, मनीष बिष्ट, प्रदीप मेहता, कुंदन बिष्ट, रमेश धपोला, शैलेंद्र शाह, कृपाल नयाल, हरीश कनवाल, पुष्कर कनवाल, सुनील बिष्ट, सुंदर मटियानी, सुनील नेगी, नगर निगम के पार्षद विजय भट्ट, श्याम पांडे, मीरा मिश्रा, राहुल जोशी, अमित साह, इंद्र मोहन भंडारी, हिमांशु बनौला, तस्लीम अंसारी, चंदन लाल टम्टा, ललित खोलिया, राहुल बिष्ट, देवेंद्र भट्ट, कन्हैया बिष्ट, कुंदन सिंह मेहता कैलाश गोस्वामी, महिलाओं में बीना नयाल, पूनम पालीवाल, इंद्रा बिष्ट, पूनम पांडे, ललिता पंचपाल, कमला तिवारी, कविता वर्मा, प्रीति रस्तोगी, पूनम वर्मा, दीपा अधिकारी, मीना नेगी आदि रहे।

**यूजेवीएन लिमिटेड**
मुख्यालय "उज्जवल" महारानी बाग, जी0एम0एस0 रोड, देहरादून–248006
दूरभाष संख्या: 0135–2763808, फैक्स नं0 0135–2763508
CIN No. U4101UR2001SGC025866 Website: www.ujvnl.com

पत्रांक: 915 **अल्पकालीन निविदा सूचना** दिनांक 21.11.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (जानपद–तृतीय), लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना, यूजेवीएन लिमिटेड, डाकपत्थर (देहरादून) द्वारा इच्छुक निविदादाताओं से पृथक एवं मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदाओं का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है–
निविदा सं0–15/EE(Civil-III)/LMP/2025-26
कार्य का नाम –लखवाड़ बहुउद्देशीय परियोजना के अन्तर्गत प्लानखेड़ा स्थल पर स्थित 02 नं. निशन शेड के ध्वस्तीकरण का कार्य।
अनुमानित लागत–रू 7,14,377.00 (जी.एस.टी. रहित)
बेबसाइट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि –22.11.2025 को 10.00 बजे से
निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि–04.12.2025 को 16.00 बजे तक
अन्य विस्तृत जानकारी हेतु कृपया हमारी बेबसाइट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की बेबसाइट www.ujvnl.com से डाउनलोड किये जा सकते हैं।
**अधिशासी अभियन्ता (जानपद–तृतीय)**
"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

**उत्तराखण्ड पावर कारपोरेशन लि०**
(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड,
विकासनगर–248198 दूरभाष : 9412075946

पत्रांक:–6398/विविखवि/टी–27 **निविदा सूचना** दिनांक–21.11.2025

अद्योहस्ताक्षरी द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आयकर, वस्तु एवं सेवाकर, ई०पी०एफ० एवं ई०एस०आई०सी० में पंजीकृत, विद्युत कार्यों हेतु उत्तराखण्ड शासन द्वारा प्रदत्त "ए" क्लास लाइसेंसधारक अनुभवी ठेकेदारो से मोहरबन्द निविदायें दो भागो में (प्रथम भाग में धरोहर राशि, जो अधिशासी अभियन्ता, विद्युत वितरण खण्ड, विकासनगर के नाम बनाई जायेगी, 180 दिनो के लिए वैद्य हो एवं नियम व शर्ते, प्रपत्र इत्यादि तथा द्वितीय भाग में दरें हों) दिनांक 06–12–2025 को 15:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती हैं जो उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 15:30 बजे सार्वजनिक रूप से खोली जाएंगी। निविदा प्रपत्र एवं सम्बन्धित विवरण अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से दिनांक 05–12–2025 को सांय 17:00 बजे तक नकद धनराशि जमा कर प्राप्त की जा सकती है। निविदा विक्रय करने की तिथि / खुलने की तिथि को किसी कारण अवकाश होने पर उक्त कार्य अगले कार्य दिवस पर होगा। किसी भी निविदा को बिना कारण बताये अस्वीकृत/निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा। विस्तृत नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित है।
**निविदा संख्या 27/EDDV/2025–26 :-** विद्युत वितरण उपखण्ड हरबर्टपुर के अन्तर्गत जमा योजनान्तर्गत एच०टी०/एल०टी० लाइन व 11/0.4 केवी उपसंस्थान का निर्माण कार्य इत्यादि। धरोहर राशि रू0 14,000.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 250.00+जी०एस०टी० अतिरिक्त।
**अधिशासी अभियन्ता**
राष्ट्रहित में बिजली बचाएं / Save Electricity in the interest of Nation (Toll Free No. 1800-419-0405)

**कार्यालय नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर, टिहरी, गढ़वाल**

**पत्रांक :821/निविदा/निर्माण/ न0पा0प0न0नगर/ 2025–26/नरेन्द्रनगर,** **दिनांक: 21/11/2025**

**।। निविदा सूचना।।**

**एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के पंजीकृत ठेकेदारों से इस निकाय द्वारा वित्तीय वर्ष–2025–26 में राज्य वित्त आयोग के अन्तर्गत प्राप्त अनुदान से कराएं जाने वाले 03 (तीन) अति आवश्यक निर्माण कार्यो के सम्पादन हेतु दिनॉक, 09 दिसम्बर 2025 अपरॉहन 2:00 बजे तक सीलबन्द निविदा आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन सांय 3:00 बजे उपस्थित निविदा दाताओं के समक्ष निविदा/निर्माण समिति के द्वारा पालिका कार्यालय में खोली जायेंगी। उपरोक्त निर्माण कार्यो के निविदा प्रपत्र दिनॉक 08 दिसम्बर 2025 को प्रातः 10:00 बजे से सांय 5:00 बजे तक नगद भुगतान पर पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदा से सम्बन्धित अन्य नियम एवम् शर्तो की जानकारी किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है। निविदाओं को स्वीकृत/अस्वीकृत करने का पूर्ण अधिकार प्रशासक महोदय/निविदा/निर्माण समिति को निहित होगा।**

| क0 सं0 | कार्य का नाम | कार्य की लागत | धरोहर धनराशि | निविदा प्रपत्र का मूल्य+18% GST | निविदा की बैधता | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1:– | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0– 06 बखरियाणा के अन्तर्गत श्री किशोरी लाल की दुकान से डौर को जाने वाले सार्वजनिक पैदल मार्ग का निर्माण कार्य। | 15.38 लाख | 30,800.00 | 1500.00 | 15 दिन | 4 माह |
| 2:– | राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय से पुलिस उपभोक्ता भंडार तक जाने वाले सार्वजनिक नाले पर सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 6.86 लाख | 14,000.00 | 1000.00 | 15 दिन | 3 माह |
| 3:– | नगर पालिका परिषद् नरेन्द्रनगर के वार्ड सं0– 06 बखरियाणा में सार्वजनिक पानी की टंकी के समीप सुरक्षा दीवार का निर्माण कार्य। | 3.64 लाख | 7,5.00.00 | 500.00 | 15 दिन | 2 माह |

**नोटः– निमार्ण कार्यो से सम्वन्धित अन्य शर्ते किसी भी कार्य दिवस को पालिका कार्यालय में देखी जा सकती है।**

**(एलम सिंह रावत)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद्**
**नरेन्द्रनगर,टि0ग0।**

# जिलाधिकारियों ने बेस्ट प्रैक्टिसेज पर दिया प्रेजेंटेशन

## एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस- 2025 का दूसरे दिन भीआयोजन

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर्स कॉन्फ्रेंस- 2025 का आयोजन शुक्रवार क दूसरे दिन भी मुख्य सचिव आनंद बर्धन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।



कॉन्फ्रेंस में जिलाधिकारी अल्मोड़ा, पौडी गढ़वाल, देहरादून, टिहरी गढवाल, चमोली, नैनीताल और उत्तरकाशी द्वारा अपने जनपदों की सर्वोत्तम पहलों पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। उपस्थित अधिकारियों द्वारा उन पर व्यापक विचार-विमर्श किया गया।

जिलाधिकारी अल्मोड़ा ने खेल, स्वास्थ्य एवं वैलनेस विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया। कहा कि प्रदेश के युवा खिलाडियों को बेहतर खेल सुविधायें प्रदान किये जाने तथा नयी प्रतिभाओं को अवसर प्रदान किये जाने के लिए स्पोर्ट्स और कम्युनिटी फिटनेस जोन तैयार किया गया है।

कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर 100 बच्चों को फ्री कोचिंग और ट्रेनिंग के साथ- साथ अन्य सहायता दी जा रही है। जिलाधिकारी पौड़ी ने पिरूल और इनवेसिव बायोमास लाइवलीहुड पर प्रस्तुतिकरण देते हुए कहा कि स्वंय सहायता समूह की महिलाओं की सहायता से पिरूल से बायोमास तैयार किया जा रहा है। जिससे महिलाओं को नियमित रूप से आय प्राप्त हो रही है। वनाग्नि तथा जंगली जानवरों से होने वाली हानियों को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। महिला एसएचजी के सदस्यों के माध्यम से 1800 टन लैंटाना, पिरूल और अन्य हानिकारक प्रजाति की वनस्पतियों को हटाया जा रहा है। इसमें 280 महिलाएं भी शामिल हैं। जिलाधिकारी, नैनीताल द्वारा अर्बन इंफ्रास्ट्रक्चर और मोबिलिट विषय पर पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। जिसके अन्तर्गत नैनीताल शहर हेतु लक्ष्य आधारित, सतत विकास का रोडमैप प्रस्तुत किया गया। जिस पर मुख्य सचिव द्वारा सभी नगर निकायों को एक रोडमैप तैयार करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी, देहरादून द्वारा बाल भिक्षानिवृति निवारण प्रयास पर अपना प्रस्तुतिकरण दिया गया। कहा कि देहरादून में भिक्षावृति में लिप्त बच्चों के पढ़ने, खेलने, तथा स्कील डेवलपमेंट हेतु एक केन्द्र स्थापित किया गया है, जिसमें ऐसे बच्चों को चिन्हित कर उन्हें भिक्षावृति से बाहर निकाल कर सशक्त बनाने का प्रयास किया जा रहा है। नगर आयुक्त, नगर निगम देहरादून द्वारा भी देहरादून नगर की समस्याओं के सुधार के लिए बनाये गये मॉडल का प्रस्तुतिकरण दिया गया।

जिलाधिकारी टिहरी गढ़वाल द्वारा जनपद में युवा के एप्रोच विषय पर प्रस्तुतिकरण दिया गया। उन्होंने कहा कि जनपद में युवाओं को स्वरोजगार और सकारात्मक एक्टिविटीज में प्रेरित करने के लिए स्वरोजगार और कौशल विकास पर ध्यान केंद्रित किया गया है। उन्होंने यूथ के लिए कैप्सूल कोर्स, मोबिलिटी सपोर्ट, कैरियर हब और बेस्ड फ्लेक्सिबल स्किलिंग पाथ-वे तैयार किये जाने का प्रस्ताव दिया। जिलाधिकारी उत्तरकाशी द्वारा धराली में आयी भीषण आपदा में हुई क्षति तथा भविष्य में इसके रोकथाम हेतु किये जा रहे कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया तथा इकोलॉजी एंड लीविलीहुड विषय पर प्रोजेक्ट का प्रस्तुतिकरण दिया, जिसकी सराहना की गयी। मुख्य सचिव द्वारा स्पोर्ट्स, ग्रीन लाइवलीहुड और यूथ एम्पावरमेंट में इनोवेटिव मॉडल की सराहना की गयी। उन्होंने सभी अधिकारियों को डिस्ट्रिक्ट की बेस्ट प्रैक्टिसेज को बढ़ाने और भविष्य के प्लान को विकसित उत्तराखंड 2047 के साथ संयुक्त करने के निर्देश दिये। कॉन्फ्रेंस में प्रमुख सचिव आर के सुधांशु, एल एल फैनई व आर मीनाक्षी सुंदरम सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

### कैबिनेट मंत्री जोशी ने त्रिवेणी घाट पर की गंगा आरती



**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने शुक्रवार को ऋषिकेश स्थित पवित्र त्रिवेणी घाट पर परिवार संग मां गंगा की आरती में भाग लिया। मंत्रोच्चारण और दीपों की अविरल ज्योति के बीच मंत्री जोशी ने मां गंगा से प्रदेशवासियों के सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि उत्तराखंड योग, अध्यात्म और सांस्कृतिक विरासत की पवित्र भूमि है। यहां होने वाले आध्यात्मिक आयोजन न केवल लोगों को आस्था से जोड़ते हैं, बल्कि राज्य की संस्कृति, परंपराओं और आध्यात्मिक पहचान को भी और अधिक मजबूत करते हैं। गंगा आरती में स्थानीय श्रद्धालुओं और तीर्थयात्रियों ने भी बड़ी संख्या में सहभागिता की।

### डाक्टर की बाइक चोरी, मुकदमा

**हल्द्वानी।** राजकीय मेडिकल कॉलेज में एक इंटर्न डॉक्टर की बाइक चोरी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज करते हुए आस-पास लगे सीसीटीवी फुटेजों की जांच की जा रही है।

# शोध एवं नवाचार पर किया शिक्षाविदों ने मंथन

**जिज्ञासा विश्वविद्यालय में शोध एवं नवाचार सम्मेलन का आगाज, देश भर से शामिल हुए शिक्षाविद, विषय विशेषज्ञ एवं शोधार्थी**




**देहरादून।** जिज्ञासा विश्वविद्यालय, देहरादून में "मल्टीडिसिप्लिनरी रिसर्च एंड इना. वेशन" ( एनसीएमआरआई-2025 ) पर द्वितीय राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन हुआ। सम्मेलन में देशभर के शिक्षाविद्, विषय विशेषज्ञ एवं शोधार्थी भाग ले रहे हैं। दो दिवसीय शोध एवं नवाचार पर केन्द्रित इस सम्मेलन का उद्घाटन मुख्य अतिथि कर्नल अजय कोठियाल तथा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. (डॉ.) शंकर राममूर्ति ने किया।

सत्र को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि कर्नल अजय कोठियाल ने कहा कि शोध कार्यों का निरंतर निष्पादन, सुशिक्षित समाज की पहचान है। शोधकार्य के क्षेत्र में जितना निरंतरता का महत्व है, उतना ही नवोन्मेषी विचारों का तथा नवाचार का भी महत्व है। यह सम्मेलन शिक्षाविदों एवं शोधार्थियों को ना सिर्फ एक मंच प्रदान करेगा बल्कि इस विचार मंथन से निकलने वाला ज्ञान पुंज समाज और देश को नयी दिशा देने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभायेगा। उन्होंने युवाओं एवं नव शोधार्थियों से आग्रह किया कि वे शोध को सिर्फ शिक्षा के एक सोपान के रूप में नहीं वरन् समाज और राष्ट्र के बौद्धिक विकास से जोड़कर देखें।

सत्र में विश्वविद्यालय के कुल. पति प्रो. (डॉ.) शंकर राममूर्ति ने कहा कि शोध किसी भी देश की प्रगति की सबसे मजबूत नींव होता है। उन्होंने छात्रों और शोधकर्ताओं को प्रेरित करते हुए बताया कि ऐसे सम्मेलन नए विचारों, सीखने और अनुभव बांटने का अच्छा अवसर प्रदान करते हैं। देश और समाज के वैचारिक उत्कर्ष के लिए एक विश्व. विद्यालय के रूप में हमारा नैतिक दायित्व है, कि इस प्रकार के आयोजन होते रहें। हमारा प्रयास है कि इन दो दिनों के शोध सत्रों में शिक्षा के विभिन्न क्षेत्रों में किये जा रहे नवोन्मेशी कार्यों को मंच मिले और वैचारिक सम्पदा में गुणोत्तर वृद्धि हो सके। सम्मेलन के संयोजक प्रो. (डॉ.) मनीष शर्मा ने कहा कि शोध केवल शैक्षणिक प्रक्रिया नहीं, बल्कि समाज के विकास का एक महत्त्वपूर्ण आधार है। उन्होंने बताया कि गुणवत्तापूर्ण अनुसंधान ही वास्तविक परिवर्तन का मार्ग तैयार करता है।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अध्यक्ष प्रो. (डॉ.) इरफान खघन ने सम्मेलन के सफल आयोजन पर अपनी शुभकामनाएँ दीं। उद्घाटन अवसर पर पत्रकारिता संकाय के डीन प्रो. (डॉ.) सुरेश नायक ने अपने वेलकम नोट में सभी अतिथियों, प्रतिभागियों और विशेषज्ञों का हार्दिक स्वागत किया। दो दिवसीय एनसीएमआरआई- 2025 में देशभर से आए शोधकर्ता, शिक्षाविद और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। सम्मेलन के दौरान तकनीकी सत्र, विशेष व्याख्यान और शोध प्रस्तुतियाँ आयोजित की जाएंगी। विश्वविद्यालय ने इसे ज्ञान और नवाचार को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल बताया।

# प्रमाण पत्रों का अजब ही फर्जीबाड़ा चल रहा था

## जांच में सामने आ रहे चौंकाने वाले तथ्य, अंजुमन की ओर से जारी प्रमाण पत्र पकड़ में आया



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** स्थायी प्रमाण पत्रों के सत्यापन अभियान के दौरान प्रशासन को एक बड़े फर्जीवाड़े का पता चला है।

जांच के दौरान एक आवेदन के साथ अंजुमन मोमिन अंसार आजाद नगर नैनीताल की ओर से जारी कथित प्रमाण पत्र पाया गया, जिसके बाद पूरे प्रकरण की गहन जांच की गई। सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल चौहान, एसडीएम राहुल शाह और तहस. ीलदार हल्द्वानी की संयुक्त टीम ने सोसाइटी के पते का मौके पर सत्यापन किया। जांच में सामने आया कि सोसाइटी अपने पंजीकृत पते पर अस्तित्व में ही नहीं है। स्थानीय स्तर पर जानकारी जुटाने पर पता चला कि रईस अहमद अंसारी जो साहूकार लाइन में दुकान चलाता है, इसी सोसाइटी के नाम पर अवैध रूप से प्रमाण पत्र जारी कर रहा था। मौके पर पूछताछ के दौरान रईस ने स्वीकार किया कि वह साल 2007 से ऐसे प्रमाण पत्र जारी कर रहा है। रिकॉर्ड जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि सोसाइटी वर्ष 2007 के बाद से कभी नवीनीकृत नहीं हुई। सोसाइटी के अध्यक्ष और महासचिव दोनों का निधन हो चुका है और संस्था लंबे समय से पूरी तरह निष्क्रिय व अवैध स्थिति में है। इसके बावजूद एक अनधिकृत व्यक्ति द्वारा सोसाइटी के नाम का दुरुपयोग कर जाति, जन्म एवं निवास प्रमाण जैसे कानूनी दस्तावेजों के समान दिखने वाले अवैध प्रमाणपत्र तैयार और वितरित किए जा रहे थे, जबकि सोसायटी को ऐसा कोई प्रमाण पत्र जारी करने का कानूनी अधिकार नहीं है। टीम ने मौके से संबंधित सभी दस्तावेज कब्जे में लेकर सीज कर दिए हैं। एसडीएम राहुल शाह ने तहसीलदार को निर्देशित किया है कि इन अवैध प्रमाण पत्रों के आधार पर जारी सभी जाति प्रमाण पत्रों की तत्काल जांच की जाए। साथ ही अवैध प्रमाण पत्र जारी करने में संलिप्त व्यक्ति के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश भी जारी किए है। जांच में यह तथ्य भी सामने आया कि सोसाइटी के नाम से जारी रसीदों पर अंकित फोन नंबर पर संपर्क करने पर प्रमाण पत्र उपलब्ध कराने की पुष्टि भी की गई। एसडीएम राहुल शाह ने बताया कि ऐसे सभी प्रमाण पत्रों को अब चिह्नित किया जा रहा है और प्राथमिक रिपोर्ट दर्ज करने की कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध प्रमाण पत्र जारी करने एवं उनका उपयोग करने वाले सभी व्यक्तियों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी और ऐसे किसी भी फर्जीवाड़े को बख्शा नहीं जाएगा।

# अध्यक्ष संघर्ष समिति बार एसोसिएशन देहरादून के पदाधिकारियों ने भेंट सीएम को सौंपा ज्ञापन

## मुख्यमंत्री ने दिया बार एसोसिएशन की विभिन्न समस्याओं के समाधान का आश्वासन

**अधिवक्ताओं की समस्याओं के सामधान के लिये अधिवक्ताओं एवं जिला प्रशासन के अधिकारियों की समिति की जाएगी गठित**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से अध्यक्ष संघर्ष समिति बार एसोसिएशन प्रेमचंद शर्मा एवं अध्यक्ष बार एसोसिएशन देहरादून मनमोहन कंडवाल के नेतृत्व में संगठन के पदाधिकारियों ने भेंट की। उन्होंने नए जिला न्यायालय परिसर में अधिवक्ताओं के लिए आवंटित भूमि पर तथा पुराने जिला जजी परिसर की भूमि अधिवक्ताओं के पक्ष में आवंटित करने व दोनों स्थानों पर सरकार द्वारा अधिवक्ताओं के चौंबरों के निर्माण कराए जाने संबंधी ज्ञापन सौंपा। मुख्यमंत्री ने संगठन के पदाधिकारी को आश्वासन दिया कि उनकी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। उन्होंने कहा कि आपसी वार्तालाप एवं विचार-विमर्श से ही समस्याओं का समाधान हो सकता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड के विकास में हम सबको सहयोगी बनना होगा राज्य आंदोलन के वे स्वयं साक्षी रहे हैं, इसमें अधिवक्ताओं का भी योगदान रहा है। हम सबको राज्य के वित्तीय संसाधनों पर भी ध्यान देना होगा।

मुख्यमंत्री ने अधिवक्ताओं से अपना आंदोलन समाप्त करने की अपेक्षा करते हुए कहा कि इस संबंध में समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए प्रशासन और अधिवक्ताओं की समिति गठित की जाए, इसमें किसी आर्किटेक्ट को भी शामिल कर कोई सर्वमान्य हल निकल जाने के प्रयास किए जाएं। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस संबंध में जिलाधिकारी द्वारा प्रस्तुत आख्या एवं समस्याओं के समाधान से संबंधित बिंदुओं को कैबिनेट में रखते हुए उचित निर्णय लिया जाएगा। मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि अधिवक्ताओं के चौंबर निर्माण के लिए राज्य सरकार भी आर्थिक सहयोग करेगी उन्होंने अधिवक्ताओं से सांसदों एवं विधायक गणों से भी सहयोग की मांग का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि इस संबंध में वे स्वयं भी पहल करेंगे। मुख्यमंत्री के आश्वा. सन के बाद सभी पदाधिकारी संतुष्ट नजर आए तथा मुख्यमंत्री का आभार भी जताया।

इस अवसर पर सचिव शैलेश बगौली, जिलाधिकारी देहरादून सविन बंसल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अजय सिंह के साथ बार एसोसिएशन के अधिवक्ता राजबीर सिंह बिष्ट, मनमोहन लाम्बा, चन्द्रशेखर तिवारी, राजीव शर्मा, राज. ेश कुमार आर्य, अनुज शर्मा, अनिल पंडित, रंजन सोलंकी, व भानू प्रताप सिसोदिया उपस्थित थे।

# पुनर्वास के प्रस्ताव पर लगी मुहर

## कृष्णा कत्था फैक्ट्री की भूमि पर कैंप कार्यालय बनाएगा नगर निगम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नगर निगम सभागार में शुक्रवार को मेयर गजराज सिंह बिष्ट की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक संपन्न हुई। बैठक में शहर के विकास से जुड़े तीन विशेष प्रस्तावों सहित कई अन्य महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया।



बैठक में निर्णय लिया गया कि नव सम्मलित क्षेत्रों में व्यावसायिक भवनों पर कर जमा करने की अंतिम तिथि 31 दिसंबर 2025 तक बढ़ाई जाए। साथ ही, नगर निगम कार्यालय के विस्तार के लिए 6.94 करोड़ रुपये तथा एसटीपी प्लांट से पाइप लाइन बिछाने के लिए 1.10 करोड़ रुपये की व्यय राशि पर भी चर्चा की गई। बैठक में निगम की दुकानों के प्रथम तल के आवंटन को आगे बढ़ाने पर सहमति बनी। कृष्णा कत्था फैक्ट्री परिसर में कैंप कार्यालय स्थापित किए जाने के साथ वहां निवासरत परिवारों के पुनर्वास पर भी प्रस्ताव स्वीकार किया गया। एसडीएम कार्यालय के नमो भवन में शिफ्ट होने के उपरांत उस भवन को नगर निगम को हस्तांतरित करने का निर्णय लिया गया। वहीं निगम की स्वामित्व वाली भूमि पर निजी पार्किंग निर्माण की अनुमति भी प्रदान की गई। निगम की दुकानों के किराये में छूट के लिए दो माह की अतिरिक्त अवधि दिए जाने तथा दुकानों के अनुबंध और नवीनीकरण की प्रक्रिया को आगे बढ़ाने का निर्णय हुआ। खोड़ क्षेत्र में मीट मार्केट निर्माण, मंगल पड़ाव में वेंडिंग जोन विकसित करने तथा वर्कशॉप लाइन, छतरी चौराहा, बरेली रोड नवीन मंडी के सामने और कठघरिया चौराहे पर नई दुकानों एवं संरचनाओं के निर्माण पर भी सहमति बनी। इसके अलावा ईवी वाहनों के लिए तीन चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाने, शनि बाजार स्टेशन पर चबूतरा निर्माण, निगम कर्मचारियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए बायोमेट्रिक मशीन से शत प्रतिशत उपस्थिति लागू करने तथा निगम द्वारा निर्गत विभिन्न प्रमाण पत्रों के लिए यूजर चार्ज रसीद को अनिवार्य करने का प्रस्ताव पारित किया गया। जजी कोर्ट के पास आंचल मिल्क कैफे निर्माण, कैनाल रोड का नाम बदलकर जगत सिंह पांगती मार्ग करने, निगम कर्मचारियों के लिए गोल्डन कार्ड बनवाने और रजत जयंती वर्ष में हुए प्रमुख कार्यों की प्रस्तुति भी बैठक में रखी गई। पार्षदों के अन्य राज्य में शैक्षिक भ्रमण तथा निगम द्वारा तैयार की गई उप-विधियों को सर्वस मति से मंजूरी प्रदान की गई। बैठक में नगर आयुक्त परितोष वर्मा, सहायक नगर आयुक्त गणेश भट्ट सहित तमाम नगर निगम अधिकारी व पार्षद मौजूद रहे।

# मेडिकल के बाद विपिन पांडे को जेल

## उपद्रव के मामले में हुई थी हिन्दुवादी नेता की गिरफ्तारी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते पांच दिन पूर्व रविवार को उजाला नगर क्षेत्र में हुए हिंसक बवाल के बाद पूर्व भाजपा नेता एवं हिंदूवादी नेता विपिन पांडे को पुलिस ने गिरफ्तार कर आज शुक्रवार को न्यायालय में पेश किया जहां से उसे 14 दिन की न्याय हिरासत में भेज दिया गया। इस मामले में नामजद दो और आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए दबिश दी जा रही है।



कमलुवागांजा क्षेत्र निवासी विपिन पर आरोप है कि उन्होंने घटना के दौरान लोगों को उपद्रव करने के लिए भड़काया था और साथ ही सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट की थीं। पुलिस ने बीते गुरूवार की शाम विपिन पांडे को उनके आवास से गिरफ्तार कर लिया था। जिसके बाद आज शुक्रवार को बेस अस्पताल में विपिन पांडे का मेडिकल कराया गया जिसके बाद उन्हें न्यायालय में पेश किया जहां से उन्हें 14 दिन की न्याय हिरासत में जेल भेज दिया। बता दें कि बीते 16 नवंबर रविवार की देर शाम उजाला नगर में एक नवजात गोवंश का अंग मिलने से तनाव फैल गया था। इसके बाद हिंसा और तोड़फोड़ का माहौल पैदा हुआ। हालांकि, बाद में यह पता चला कि गोवंश का अंग कुत्तों ने नोचकर वहां तक लाया था। पुलिस अब इस मामले की गहराई से जांच कर रही है और घटना के सभी पहलुओं को स्पष्ट करने की को. शिश कर रही है। इस घटना के बाद पुलिस ने 50 अज्ञात लोगों के खिलाफ उपद्रव करने का मामला दर्ज किया। जिसमें से अब तक पुलिस ने हिन्दुवादी नेता विपिन पांडे की गिरफ्तारी हो चुकी है। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने चोर और आरोपियों को चिह्नित किया जिसमें दो बालिक व दो नाबा. लिग थे। नाबालिगों को जुवेनाइन कोर्ट में पेश किया गया जहां से उनकी काउंसिलिंग के बाद उन्हें परिजनों के सुपुर्द कर दिया। जबकि बालिक दो आरोपियों को न्यायालय में पेश किया और वहां से उन्हें जेल भेज दिया। पुलिस के मुताबिक, मामले में और गिरफ्तारियां हो सकती हैं, क्योंकि जांच अभी जारी है। सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल रिकॉर्डिंग की भी जांच कर रही है।

### मेरे पति राजनीतिक साजिश का शिकार: मीना पांडे

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उपद्रव के आरोप में जेल गए हिन्दूवादी नेता विपिन पांडे की पत्नी एवं बीडीसी सदस्य ने शुक्रवार को फेसबुक लाइव आकर राजनी. तिक साजिश करार दिया है। विपिन पांडे की पत्नी और बीडीसी सदस्य मीना पांडे ने फेसबुक लाइव आकर पुलिस की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा कि उनके पति को एक षड्यंत्र के तहत गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है और यह पूरी घटना एक राजनीतिक साजिश का हिस्सा है। मीना पांडे ने पुलिस पर हमला करते हुए कहा कि शहर में अपराधी खुलेआम घूम रहे हैं, शराब की अवैध बिक्री हो रही है और चरस-स्मैक की तस्करी भी बढ़ गई है, लेकिन पुलिस इन मामलों पर कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। उनके पति विपिन पांडे को पहले से ही टारगेट किया जा रहा था और उनकी गिरफ्तारी एक सोची समझी राजनीतिक वजहों से की गई है। मीना पांडे ने पुलिस पर सवाल उठाते हुए यह भी कहा कि यदि पुलिस अपराधियों पर ध्यान देती तो शहर में अपराध कम हो सकते थे, लेकिन वह पूरी तरह से नाकाम साबित हो रही है।

### गुरमत समागम 25 को

**हल्द्वानी।** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी की शहीदी की स्मृति में गुरुद्वारा श्री गुरुनानक पुरा, ठंडी सड़क भोटिया पड़ाव में 25 नवंबर को गुरमत समागम आयोजित किया जाएगा। गुरुद्वारे प्रशासन ने संगत से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर गुरु तेग बहादुर साहिब जी का स्मरण करें और अपने जीवन को सफल बनाएं। कार्यक्रम तीन दिनों तक चलेगा। 22 और 23 नवंबर की सुबह 5 बजे प्रभात फेरी निकाली जाएगी, जबकि 23 नवंबर को सुबह 8 बजे से अखंड साहिब पाठ की शुरुआत होगी। 25 नवंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक विशाल गुरमत समागम आयोजित किया जाएगा, इसके बाद गुरुद्वारे के लंगर हॉल में विशाल लंगर का आयोजन होगा। शाम 7 से 10 बजे तक विशेष दीवान का आयोजन भी किया जाएगा।

# एक लाख की चरस, तीन गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बनभूलपुरा पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। शुक्रवार को बनभूलपुरा थाना पुलिस ने क्षेत्र में तस्करों पर अंकुश लगाने के लिए क्षेत्र में गश्त कर रही थी तभी पुलिस ने खनस्यू के दो सप्लायर व बनभूलपुरा का एक खरीददार को रंगेहाथ गिरफ्तार किया है। पकड़े गए तीनों तस्करों के पास से पुलिस ने 1 किलो 281 ग्राम चरस बरामद हुई।



जिसकी कीमत एक लाख से अधिक बताई जा रही है। पुलिस ने चरस तस्करों के खिलाफ कार्रवाई कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। जानकारी के अनुसार बनभूलपुरा थानाध्यक्ष सुशील जोशी के नेतृत्व में एसआई मनोज यादव मय टीम के साथ क्षेत्र में गश्त कर रहे थे तभी लाइन नंबर-18 के पास, वार्ड नंबर-25 बनभूलपुरा में तीन व्यक्तियों को संदिग्ध अवस्था में देखा। तभी पुलिस टीम को देख तीनों युवक भागने लगे। शक के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी करते हुए तीनो को दबोच लिया। जिनकी जामातलाशी के दौरान उनके पास से 1 किलो 281 ग्राम चरस बरामद हुई। पकड़े गए चरस तस्करों ने अपना नाम सतीश चन्द्र आर्या पुत्र किशन राम निवासी ग्राम भुमका थाना खनस्यू, ललित मोहन आर्या पुत्र मंगल राम निवासी ग्राम भुमका थाना खनस्यू, व तीसरे ने मो. इदरीश पुत्र रहीश अहमद निवासी वार्ड नंबर-25 बनभूलपुरा बताया। बताया जा रहा कि सतीश व ललित खनस्यू से भारी मात्रा में चरस लेकर हल्द्वानी बनभूलपुरा इदरीश को बेचने के लिए लाए थे। इरशीन ने बताया कि वह चरस को सस्ते दामों में खरीदता और उसे यहां पर मंहगे दामों में बेचकर अच्छा मुनाफा कमाता है। पुलिस ने तीनों चरस तस्करों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश करने की तैयारी कर रही है। टीम में एसआई मनोज यादव, एसआई बबीता मेहरा, हेड कांस्टेबल गुरमेज सिंह, कांस्टेबल दिलशाद अहमद शामिल रहे।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**
**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# द. अफ्रीका के खिलाफ बराबरी करने उतरेगा भारत

**● कोलकाता में चौकाने वाली हार के बाद इंडिया इस छोटी दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है**

**गुवाहाटी, वार्ता।** गुवाहाटी, एक ऐसा शहर जिसने पहले कभी कोई टेस्ट होस्ट नहीं किया है, कल उस तरह के ड्रामा के साथ लाइमलाइट में आएगा जैसा सिर्फ टेस्ट क्रिकेट में ही हो सकता है। कोलकाता में चौंकाने वाली हार के बाद इंडिया, इस छोटी दो मैचों की सीरीज में 0-1 से पीछे है। दूसरी तरफ, दक्षिण अफ्रीका एक ऐसी टीम के कॉन्फिडेंट स्वैगर के साथ उतरेगी जो जानती है कि वह इतिहास रच सकती है। भारतीय जमीन पर 2-0 की जीत उनके हाथ में है, और यकीन मानिए, वे इसका स्वाद चख सकते हैं। टॉस, हमेशा की तरह, सब कुछ हो सकता है। इस नई विकेट पर पहले बैटिंग करना ज्यादा सेफ ऑप्शन लगता है( पिच से शुरू से ही इनकंसिस्टेंट बाउंस और काफी टर्न मिलने की उम्मीद है। भारत यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल को भेजेगा, उम्मीद है कि वे नई बॉल के तूफान का सामना कर पाएंगे और पहले कुछ मुश्किल ओवर निकाल लेंगे। )षभ पंत पर नजर रखें, अगर वह जल्दी आ गए, तो इनिंग्स का पूरा पासा ही बदल जाएगा। वह अपने हिम्मत वाले स्ट्रोक्स से मोमेंटम बदल सकता है या जरूरत के हिसाब से हिम्मत से उसे बनाए रख सकता है। बरसापारा स्पिनरों के लिए स्वर्ग है। कुलदीप यादव, रवींद्र जडेजा और अक्षर पटेल बहुत जरूरी होंगे। पिछली बार, प्रोटियाज के बैट्समैन ने भारत से बेहतर टर्न लिया था, इसलिए उम्मीद है कि स्पिनर शुरू से ही अटैक करेंगे। दक्षिण अफ्रीका का जवाब पारी को संभालने के लिए टेम्बा बावुमा, एडेन मार्करम और रयान रिकेल्टन पर बहुत ज्यादा निर्भर करेगा, जबकि मिडिल ऑर्डर-वियान मुल्डर, ट्रिस्टन स्टब्स और काइल वेरेन-जब भी भारत को लगेगा कि वे आगे निकल गए हैं, तो निराश करेंगे। टेस्ट क्रिकेट जितना फिजिकल है, उतना ही मेंटल गेम भी है। जसप्रीत बुमराह और मोहम्मद सिराज के पास नई बॉल से शुरुआत में ही बढ़त बनाने की ताकत है, और अगर वे स्ट्राइक करते हैं, तो भारत वापस कंट्रोल हासिल कर सकता है। लेकिन प्रोटियाज के बॉलर्स को देखिए: साइमन हार्मर और मार्को यानसन कोलकाता में मैजिक थे, और छोटी-मोटी दिक्कतों के बावजूद, उनके रिप्लेसमेंट आसान नहीं हैं। हर सेशन में ऐसे पल आएंगे जब मोमेंटम पेंडुलम की तरह बदलेगा। एक अच्छा स्पेल, एक स्मार्ट पार्टनरशिप, और अचानक स्कोरबोर्ड एक बहुत अलग कहानी बताता है। यह विकेट तेजी से खराब होगा। आखिर में बैटिंग करना एक बुरा सपना होगा। पहली इनिंग्स में 250 रन बनाने वाली कोई भी टीम कमांडिग पोजशिन में होगी। टॉस और इनिंग्स की टाइमिग का बहुत बड़ा रोल होगा। इंडिया कोलकाता जैसी एक और हार नहीं झेल सकता( नहीं तो, दक्षिण अफ्रीका का स्वीप एक असली पॉसिबिलिटी बन जाएगा। इसके उलट, एक सधी हुई, सब्र वाली शुरुआत और स्मार्ट पार्टनरशिप इंडिया के लिए एक क्लासिक कमबैक स्टोरी बना सकती हैं। तो, हम क्या उम्मीद कर सकते हैं? ड्रामा, टेंशन, शानदार पर्सनल परफॉर्मेंस, और मोमेंटम जो हर सेशन में बदलता है। इंडिया को कंट्रोल्ड अग्रेसन और कंपोजर के साथ जवाब देना होगा, जबकि साउथ अफ्रीका कोलकाता में शुरू किया गया लगातार प्रेशर बनाए रखने की कोशिश करेगा। भारत को शुरू में ही कंट्रोल करना होगा, सब्र से बैटिंग करनी होगी और स्पिनरों को बोलने देना होगा। दक्षिण अफ्रीका, अपने बैलेंस और कॉन्फिडेंस के साथ, किसी भी कमी का फायदा उठाने की कोशिश करेगा। गुवाहाटी में पांच दिन का टेंशन भरा, दिलचस्प और अनप्रेडिक्टेबल टेस्ट क्रिकेट होने वाला है, ऐसा टेस्ट क्रिकेट जो बैट और बॉल दोनों के लिए बहुत मुश्किल होता है।

## गिल आधिकारिक तौर पर गुवाहाटी टेस्ट से बाहर, पंत कप्तान



**गुवाहाटी, वार्ता।** भारत के टेस्ट कप्तान शुभमन गिल गुवाहाटी में शनिवार से दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शुरू होने वाले दूसरे टेस्ट से बाहर हो गए हैं। कोलकाता टेस्ट के दौरान गिल को गर्दन में चोट लगी थी और वह पूरे मैच से बाहर हो गए थे। भारत के उपकप्तान )षभ पंत इस मैच में भारतीय टीम के कप्तान होंगे। कोलकाता में गिल के मैदान छोड़ने के बाद भी पंत ने कप्तानी की थी, लेकिन औपचारिक तौर पर कप्तान के रूप में यह उनका पहला टेस्ट मैच होगा। कोलकाता के एक अस्पताल की निगरानी में कुछ समय बिताने के बाद गिल 19 नवम्बर को गुवाहाटी पहुंचे थे, लेकिन अब यह तय हो गया है कि वह मैच में हिस्सा नहीं लेंगे। शुक्रवार सुबह बीसीसीआई द्वारा जारी बयान के अनुसार गिल अपनी चोट की आगे की जांच के लिए मुंबई जाएंगे। ईएसपीएन क्रिकइंफो ने गुरुवार को ही यह बताया था कि गिल अगर इतनी जल्दी खेलते हैं तो उन्हें दोबारा गर्दन में खिचाव का खतरा है। इसलिए उन्हें और आराम की सलाह दी गई है। यह स्थिति दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 30 नवम्बर से शुरू होने वाले तीन वनडे मैचों में उनकी चयन संभावना पर भी असर डाल सकती है। उस सीरीज की टीम 23 नवम्बर को चुनी जाने की उम्मीद है। गिल का कोई रिप्लेसमेंट नामित नहीं किया गया है, जिसका मतलब है कि साई सुदर्शन, देवदत्त पड़िक्कल और नीतीश कुमार रेड्डी में से से कोई एक गिल की जगह लेगा।

**खेल विशेष**

## जिम्बाब्वे की श्रीलंका पर चौंकाने वाली जीत

**रावलपिंडी, वार्ता।** जिम्बाब्वे ने यादगार ऑल-राउंड प्रदर्शन करते हुए रावलपिडी में श्रीलंका को 67 रन से हराया, ट्राई-सीरीज के दूसरे मैच में 162 रन के मामूली स्कोर का बचाव किया और फिर मेजबान टीम को सिर्फ 95 रन पर आउट कर दिया। मैच की शुरुआत ब्रायन बेनेट (49) और सिकंदर रजा (47) के टॉप-ऑर्डर के अच्छे योगदान से हुई, जिसके बाद रिचर्ड नगारवा और ब्रैड इवांस ने पांच विकेट लिए। यह जिम्बाब्वे की श्रीलंका पर तीसरी टी-20 जीत थी और इस फॉर्मेट में किसी फुल-मेंबर टीम के खलिाफ उनकी अब तक की सबसे बड़ी जीत भी थी। श्रीलंका के पहले बॉलिंग करने के फैसले के बाद, वानिदु हसरंगा (3/32) और ईशान मलिगा (2/27) ने जम्बिाब्वे की पारी में सबसे ज्यादा नुकसान किया, जरूरी पार्टनरशिप तोड़ी और यह पक्का किया कि टोटल कभी भी पार स्कोर से आगे न बढ़े। शुरुआत में कुछ विकेट गिरने के बाद, बेनेट और रजा ने तीसरे विकेट के लिए 61 रन की पार्टनरशिप की, जिससे टीम 40/2 से ऊपर उठ गई और टोटल को 180 की ओर ले जाने की कोशिश की, लेकिन हसरंगा ने 13वें ओवर में बेनेट को आउट किया और फिर अपने अगले ओवर में दो विकेट लेकर रन पर कंट्रोल रखा। जम्बिाब्वे 162/8 पर ही रुका, जो उस समय खास तौर पर ओस के कारण कम टोटल लग रहा था। लेकिन 163 का टारगेट श्रीलंका के लिए बहुत ज्यादा साबित हुआ। जिम्बाब्वे के बॉलर्स शुरू से ही हावी रहे, रिचर्ड नगारवा ने पिच पर जोरदार हिटिग की और पहले ही ओवर में पथुम निसंका का विकेट लेकर सबको चौंका दिया। कुसल परेरा दूसरे ओवर में टिनोटेंडा मापोसा की गेंद पर आउट हो गए, जबकि कुसल मेंडिस सातवें ओवर में रन आउट हो गए, जिससे श्रीलंका का स्कोर 25/3 हो गया।



## सात्विक-चिराग क्वार्टर फाइनल में हारे

**● पुरुषों की डबल बैडमिंटन रैंकिंग में तीसरे और टॉप सीड सात्विक-चिराग 13वीं रैंक वाली इंडोनेशियाई जोड़ से 50 मिनट में हार गए**

**सिडनी, वार्ता।** भारत की स्टार पुरुष डबल्स जोड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी शुक्रवार को इंडोनेशिया के मुहम्मद शोहिबुल फिकरी और फजर अल्फियन से हारकर ऑस्ट्रेलियन ओपन 2025 बैडमिटंन टूर्नामेंट से बाहर हो गई। इस जोड़ी के बाहर होने के बाद, लक्ष्य सेन बीडब्ल्यूएफ सुपर 500 बैडमिटंन इवेंट में अकेले बचे हुए भारतीय हैं। सिडनी के ओलंपिक बुलेवार्ड के क्वेसेंटर में हमवतन आयुष शेट्टी की चुनौती से बचकर वे सेमीफाइनल में पहुंच गए। पुरुषों की डबल्स बैडमिटंन रैंकिंग में तीसरे और टॉप सीड सात्विक-चिराग, 13वीं रैंक वाली इंडोनेशियाई जोड़ी से 50 मिनट में 21-19, 21-15 से हार गए। काफी नई जोड़ी होने के बावजूद, अल्फियन, जो मुहम्मद रियान अर्दिआंतो के साथ दो बार वर्ल्ड चैंपियनशिप में ब्रॉन्ज मेडल जीत चुके हैं, और फिकरी इस साल जुलाई में जापान ओपन के लिए टीम बनाने के बाद से तेजी से आगे बढ़े हैं। इंडोनेशियाई जोड़ी ने एक साथ चाइना ओपन सुपर 1000 जीता और बहुत कम समय में डेनमार्क, कोरिया और फ्रेंच ओपन में रनर-अप रहे। फॉर्म में चल रही टीम के खिलाफ, जो बहुत कम समय में दुनिया में 13वें नंबर पर पहुंच गई है, सात्विक-चिराग ने तेज शुरुआत करने की कोशिश की और पहले गेम में 7-2 की बढ़त बना ली। हालांकि, इंडोनेशियाई खिलाड़ियों ने गेम में पकड़ बनाई और भारतीय जोड़ी की बढ़त को कम करना शुरू कर दिया, आखिर में 16-16 से बराबरी कर ली। भारतीय बैडमिटंन खिलाड़ी अभी भी 19-17 के स्कोर के साथ बढ़त लेने के फेवरेट लग रहे थे, लेकिन अल्फियन और फिकरी ने एक अहम मौके पर लगातार चार पॉइंट लेकर पहला गेम अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में, मौजूदा एशियन गेम्स चैंपियन सात्विक-चिराग ने इंटरवल तक एक पॉइंट की बढ़त बना रखी थी, लेकिन पांचवीं सीड इंडोनेशियाई जोड़ी ने रीस्टार्ट के बाद अपना गेम बेहतर किया और आसानी से गेम जीत लिया, और इसके साथ ही मैच भी जीत लिया कि यह दोनों जोड़ियों के बीच पहला मैच था। यह लगातार दूसरा 2025 बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड टूर इवेंट है जहां सात्विक-चिराग को इंडोनेशियाई जोड़ी ने नॉक आउट किया है। अल्फियन के लंबे समय के पार्टनर, एरिडेंटो और रहमत हिदायत अक्टूबर में फ्रेंच ओपन में उनके पहले राउंड से बाहर होने के लिए जम्मिेदार थे। पुरुष एकल में, पेरिस 2024 के सेमी-फाइनलिस्ट लक्ष्य सेन, जो मेन्स सिगल्स में 14वें और सातवें सीड हैं।

## पीटी उषा फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित

**नई दिल्ली, वार्ता।** पूर्व स्प्रिंट क्वीन और भारतीय ओलम्पिक संघ (आईओए) की मौजूदा अध्यक्ष पीटी उषा को भारतीय खेलों में उनके असाधारण योगदान और एथलीटों की पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए शुक्रवार को फिक्की लाइफटाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। उषा, जिन्हें 'पय्योली एक्सप्रेस' के नाम से भी जाना जाता है, को यह सम्मान फिक्की टर्फ 2025 - 15वें ग्लोबल स्पोर्ट्स समिट में दिया गया। अवार्ड लेते हुए उषा ने कहा कि भारतीय खेल तभी आगे बढ़ता है जब हम सब मिलकर आगे बढ़ते हैं। टैलेंट देश के हर कोने में मौजूद है, लेकिन मौका हर बच्चे तक पहुं. चना चाहिए।

## दीप्ति, वुलफार्ट, एकलस्टन और हीली डब्ल्यूएफ की मेगा नीलामी की मार्की खिलाड़ियों में शामिल

**● विदेशी खिलाड़ियों के लिए रिक्त कुल 23 उपलब्ध स्थानों के लिए 82 विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध होंगी**

**नई दिल्ली, वार्ता।** ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और तेज गेंदबाज रेणुका सिंह ठाकुर दो भारतीय खिलाड़ी हैं जो आठ खिलाड़ियों वाले मार्की सेट में शामिल होंगी जिनसे डब्ल्यूपीएल 2026 की मेगा नीलामी की शुरुआत होगी।

अन्य खिलाड़ियों में सोफी डिवाइन, सोफी एकलस्टन, लॉरा वुलफार्ट, एलिसा हीली, मेग लैनिंग और एमेलिया कर शामिल हैं। मार्की सेट में शामिल खिलाड़ियों में केवल रेणुका (40 लाख) और वुलफार्ट (50 लाख) दो खिलाड़ी हैं जिन्होंने 50 लाख की अधिकतम बेस प्राइस से अपनी बेस प्राइस कम रखी है। 73 रिक्त स्थानों के लिए कुल 277 खिलाड़ियों ने खुद को डब्ल्यूपीएल 2026 की नीलामी के लिए पंजीकृत कराया है। विद. ेशी खिलाड़ियों के लिए रिक्त कुल 23 उपलब्ध स्थानों के लिए 82 विदेशी खिलाड़ी उपलब्ध होंगी। बड़ी नीलामी 27 नवम्बर को दिल्ली में आयोजित होगी। यूपी वॉरियर्ज के लिए खेल चुकीं तीन खिलाड़ी - एकलस्टन, दीप्ति और हीली मार्की खिलाड़ियों में शामिल हैं। यूपीडब्ल्यू के पास चार राइट टू मैच (आरटीएम) कार्ड भी उपलब्ध होंगे, उन्होंने केवल एक अनकैप्ड भारतीय खिलाड़ी के रूप में श्वेता सहरावत को रिटेन किया है। हरलीन देओल ने 50 लाख की बेस प्राइस पर खुद को कैप्ड ऑलराउंडरों की सूची में पंजीकृत कराया है। वहीं गुजरात जायंट्स की उनकी टीम मेट फीबि लिचफील्ड ने भी 50 लाख की बेस प्राइस पर खुद को पंजीकृत कराया है। लेकिन जीजी लिचफील्ड के लिए आरटीएम का उपयोग नहीं कर सकती क्योंकि वह एश्ले गार्डनर और बेथ मूनी के रूप में पहले ही दो विदेशी खिलाड़ियों को रिटेन कर चुकी है। कैप्ड ऑलराउंडर में राधा यादव, स्नेह राणा, ग्रेस हैरिस, शिनेल हेनरी और एन श्री चरणी ने खुद को कैप्ड ऑलराउंडर्स की सूची में पंजीकृत कराया है। इनमें देओल को छोड़कर सभी ने खुद की बेस प्राइस 30 लाख निर्धारित की है। यूपीडब्ल्यू के लिए खेल चुकीं तालिया मैक्ग्रा और रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए खेल चुकीं सोफी मोलिन्यू नीलामी पूल में शामिल ऑस्ट्रेलिया की 23 खिलाड़ियों में शामिल नहीं हैं। इंग्लैंड की 22, न्यूजीलैंड की 13 और दक्षिण अफ्रीका की 11 खिलाड़ी नीलामी पूल में शामिल हैं। चामरी अतापत्तू, हर्षिता समराविक्रमा और इनोका रनाव. ीरा श्रीलंका की ओर से नीलामी पूल में तीन खिलाड़ियों में शामिल हैं। यूपीडब्ल्यू और जीजी क्रमशः 14.50 करोड़ और 9 करोड़ के सबसे ज्यादा पर्स के साथ नीलामी में प्रवेश करेंगी।

## युवराज ने जीता इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स खिताब

**● डिगबोई गोल्फ लिंक्स में खेले गए मशहूर इंडियन ऑयल सर्वो मास्टर्स में 7 स्ट्रोक्स की जबरदस्त खिताबी जीत हासिल की**



**असम, वार्ता।** युवराज संधू ने लगातार दो प्लेऑफ हार के बाद शानदार वापसी की और शुक्रवार को डिगबोई गोल्फ लिंक्स में खेले गए मशहूर इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स, जो 1 करोड़ रुपये का इवेंट है, में सात-स्ट्रोक की जबरदस्त खिताबी जीत हासिल की। युवराज (65-69-66-69), जिन्होंने तीसरे राउंड के बाद छह-स्ट्रोक की शानदार बढ़त हासिल की थी, ने इंडियनऑयल सर्वो मास्टर्स के ऐतिहासिक 25वें एडिशन में चौथे राउंड में तीन-अंडर 69 का शानदार स्कोर बनाया और इस हफ्ते का कुल स्कोर 19-अंडर 269 कर लिया। नतीजतन, चंडीगढ़ के 28 साल के इस खिलाड़ी ने इस सीजन की अपनी पांचवीं जीत हासिल की और पीजीटीआई ऑर्डर ऑफ मेरिट में अपनी बढ़त और बढ़ा ली। लगातार चैंपियन रहे युवराज ने 15 लाख रुपये का विनिग चेक हासिल किया, जिससे उनकी सीजन की कमाई 1,21,67,100 रुपये हो गई। संधू अब पीजीटीआई रैंकिंग में 29 लाख रुपये से ज्यादा की बढ़त बनाए हुए हैं। पिछले साल के विनर, बांग्लादेश के जमाल हुसैन (68-73-70-65) ने आखिरी दिन का सबसे कम स्कोर 65 बनाया और रात भर की संयुक्त आठवीं जगह से छह पायदान ऊपर चढ़कर 12-अंडर 276 के कुल स्कोर के साथ दूसरे नंबर पर आ गए। कट बनाने वाले अकेले लोकल प्रोफेशनल, डिगबोई के देवेन भूमिज ने 10-ओवर 298 के स्कोर के साथ हफ्ते का अंत 54वें स्थान पर किया। पहले दिन से आखिर तक लीडर रहे युवराज संधू ने पीजीटीआई सीजन में अपनी पिछली बेस्ट ऑफ फाइव जीत की बराबरी की, यह कामयाबी उन्होंने 2022 में हासिल की थी। संधू शुक्रवार को शुरुआत में ही लड़खड़ा गए जब उन्होंने दूसरी होल में बोगी की। हालांकि, उन्होंने तीसरी और पांचवीं होल में बर्डी और सातवीं होल में आठ फीट से ईगल कन्वर्जन के साथ जबरदस्त वापसी की।




## शौर्य सैनी ने डेफलंपिक्स में 50 मी. राइफल 3 पीजीशन में सिल्वर जीता

**टोक्यो, वार्ता।** भारत के शौर्य सैनी ने टोक्यो में चल रहे 25वें समर डेफलंपिक्स में पुरुषों के 50मी राइफल 3 पोजीशन इवेंट में सिल्वर मेडल जीता, जिससे यह शूटिग में देश का 13वां मेडल बन गया। शौर्य, जो अभी वर्ल्ड चैंपियन हैं, ने अपना ही वर्ल्ड डेफ क्वालिफिकेशन रिकॉर्ड तोड़ा और फाइनल में पहुंचने से पहले एक नया डेफलंपिक्स वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया।

शौर्य ने फाइनल में 450-6 का स्कोर किया, लेकिन जर्मनी के एरिक मैथियास हेस के गोल्ड मेडल जीतने से 9-2 कम रहे, उन्होंने डेफ वर्ल्ड फाइनल्स रिकॉर्ड और डेफलंपिक्स रिकॉर्ड तोड़ा। यूक्रेन के दिमित्रे पेट्रेंको ने ब्रॉन्ज मेडल जीता। फाइनल में, शौर्य ने 15 शॉट्स की नीलिग सीरीज में 151-0 और प्रोन सीरीज में 151-1 का स्कोर किया। फिर उन्होंने स्टैंडिग सीरीज के पहले 10 शॉट्स में 99-3 का स्कोर किया, इसके बाद एलिमिनेशन स्टेज में 9-6, 9-9, 9-5, 10-3 और 9-9 का स्कोर करके सिल्वर मेडल पक्का किया। फाइनल में दूसरे भारतीय शूटर, कुशाग्र सिंह राजावत 408-8 के स्कोर के साथ छठे स्थान पर रहे।

इससे पहले क्वालिफिकेशन में, शौर्य ने 584-32ग के कुल स्कोर के साथ मौजूदा डेफ वर्ल्ड रिकॉर्ड और डेफलिपिक्स रिकॉर्ड दोनों को तोड़ा। उन्होंने नीलिग में 196, प्रोन में 194 और स्टैंडिग में 194 का स्कोर किया, जबकि कुशाग्र ने नीलिग में 190, प्रोन में 196 और स्टैंडिग में 189 का स्कोर करके 575-22ग के कुल स्कोर के साथ छठे स्थान पर फाइनल के लिए क्वालीफाई किया।

## भारतीय मुक्केबाजी के लिए एक यादगार दिन : अजय सिंह

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारतीय मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष अजय सिंह ने कहा कि हाल ही में खत्म हुए वर्ल्ड बॉक्सिंग कप फाइनल्स में देश का शानदार परफॉर्मेंस इस बात का सबूत है कि भारतीय मुक्केबाजी अब सिर्फ एक उभरती हुई ताकत नहीं है, बल्कि इस खेल की सुपरपावर में से एक है। भारत ने न सिर्फ नौ गोल्ड मेडल जीते, बल्कि इस मशहूर टूर्नामेंट में सभी 20 कैटेगरी में मेडल जीते, जिसके लिए दो वर्ल्ड बॉक्सिंग कप लेग्स के टॉप आठ परफॉर्मर क्वालीफाई करते हैं। भारत ने कैंपेन का अंत नौ गोल्ड, छह सिल्वर और पांच ब्रॉन्ज मेडल के साथ किया और सिंह परफॉर्मेंस से काफी खुश थे। सिंह ने कहा कि मैं इसे इंडियन बॉक्सिंग के लिए एक यादगार दिन कहूंगा। मुझे नहीं लगता कि हमारे इतिहास में कभी भी किसी इंटरनेशनल टूर्नामेंट में भारत ने 20 मेडल जीते हों।

## अर्जेंटीना को हराकर जर्मनी सेमीफाइनल में

**● अर्जेंटीना पर जर्मनी की क्वार्टर फाइनल जीत ने इस इंवेट में उसका रिकॉर्ड 7-4 कर दिया है**

**इटली, वार्ता।** जर्मनी ने इटली के बोलोग्ना में अर्जेंटीना को 2-1 से हराकर टेनिस के 2025 डेविस कप फाइनल 8 के सेमीफाइनल में जगह बनाई। अर्जेंटीना पर जर्मनी की क्वार्टर फाइनल जीत ने इस इवेंट में उसका रिकॉर्ड 7-4 कर दिया है और अब उसका आखिरी चार में स्पेन से मुकाबला होगा, जिसने पहले चेकिया पर वापसी करते हुए 2-1 से जीत हासिल की थी। अर्जेंटीना के टॉमस मार्टिन एचेवेरी ने जर्मनी के जान-लेनार्ड स्ट्रफ को 7-6(3), 7-6(7) से हराया। यह एक करीबी मुकाबला था जिसमें दो कड़े टाई-ब्रेक सेट खेले गए।

स्ट्रफ पहले गेम में 2-0 से आगे थे और आठवें गेम में एचेवेरी के ब्रेक करने तक आगे रहे, जिससे स्कोर चार गेम तक बराबर रहा। इसके बाद, दोनों ने सर्विस गेम बदले, जब तक कि अर्जेंटीना के खिलाड़ी ने टाई-ब्रेक में 7-3 से जीत हासिल नहीं कर ली। दूसरे सेट में भी ऐसा ही हुआ, जिसमें एचेवेरी एक बार फिर टाई ब्रेकर में 9-7 से जीत गए। टोक्यो 2020 में ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट, जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने भी अर्जेंटीना के फ्रांसिस्को सेरुंडोलो के खिलाफ सीधे सेटों में 6-4, 7-6(3) से जीत हासिल की, पहले सेट के छठे गेम में ब्रेक किया और फिर दूसरे सेट को एक और टाई ब्रेक में अपने नाम किया। आखिरी डबल्स मैच में अर्जेंटीना के आंद्रेस मोल्टेनी और होरासियो जेबालोस ने तेज शुरुआत की, पहला सेट सिर्फ 31 मिनट में 6-4 से जीत लिया। जर्मनी के केविन क्राविएट्ज और टिम पुएट्ज ने दूसरा सेट 6-4 से जीतकर जवाब दिया, जिससे एक डिसाइडर सेट करना पड़ा। दोनों टीमों ने एक टेंशन भरे तीसरे सेट में सर्विस होल्ड बदले, जो एक ड्रामाटिक टाई-ब्रेक में खत्म हुआ, जिसमें जर्मन जोड़ी ने 12-10 से बढ़त बनाकर टाई जीत लिया। इस बीच स्पेन ने एक और खास वापसी करते हुए चौथी सीड वाली चेकिया को 2-1 से हराया और सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। इवेंट से एक दिन पहले वर्ल्ड नंबर 1 कार्लोस अल्काराज के आखिरी मिनट में हटने के बावजूद टीम का हौसला दिखा। जैम मुनार की सिगल्स जीत और डबल्स के आखिरी मैच में मार्सेल ग्रैनोलर्स और पेड्रो मार्टिनेज के शानदार प्रदर्शन ने स्पेन को फाइनल चार में पहुंचा दिया। चेकिया के 20 साल के वर्ल्ड नंबर 19 जैकब मेन्सिक ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पाब्लो कारेनो बुस्ता को 7-5, 6-4 से हराया। तीन बार के डेविस कप चैंपियन के लिए शानदार शुरुआत करते हुए मेंसिक ने 20 एस और 42 विनर लगाए।

### मुख्यमंत्री धामी ने जीवनदीप आश्रम में पांच दिवसीय धार्मिक एवं सामाजिक महोत्सव में की शिरकत

# मोदी के नेतृत्व में सनातन संस्कृति का पुनर्जागरण : धामी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी आज रुड़की के जीवनदीप आश्रम में आयोजित भव्य पाँच दिवसीय धार्मिक एवं सामाजिक महोत्सव में सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने सनातन संस्कृति के संरक्षक परम पूजनीय संत-महात्माओं, धर्माचार्यों एवं उपस्थित श्रद्धालुओं का स्वागत करते हुए कहा कि संत समाज जीवन्त तीर्थ के समान होता है, जो समाज को सत्पथ की ओर प्रेरित करता है।

मुख्यमंत्री ने परमपूज्य पद्मभूषण ब्रह्मलीन स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी जी महाराज को श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए परमपूज्य जगद्गुरु महामंडलेश्वर स्वामी यतीन्द्रानन्द गिरि जी महाराज सहित सभी संतजनों को साष्टांग प्रणाम किया। उन्होंने कहा कि संतों की दिव्य उपस्थिति मन और आत्मा में नई ऊर्जा का संचार करती है। मुख्यमंत्री ने बताया कि जीवन दीप सेवा न्यास के इस पाँच दिवसीय महोत्सव में शतचंडी महायज्ञ, श्री भक्तमाल कथा, 1100 बालिकाओं का पूजन, पाठ्य सामग्री वितरण एवं पाँच कन्याओं के सामूहिक विवाह जैसे आध्यात्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम समाज में सेवा-भावना का अद्भुत संदेश दे रहे हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी सभागार, श्री सिद्धबली हनुमान द्वार तथा शहीद चौक का लोकार्पण एवं उद्घाटन भी किया। उन्होंने कहा कि शहीद चौक हमारे अमर बलिदानियों के साहस और राष्ट्रभक्ति का स्मारक है, जो आने वाली पीढ़ियों को निरंतर प्रेरित करता रहेगा। मुख्यमंत्री ने घोषणा की कि मैंन मार्ग से सुनहरा मार्ग चौराहे को शहीद चौक के नाम दिया जाएगा मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वामी सत्यमित्रानंद गिरी जी महाराज ने राष्ट्र, धर्म एवं मानवता की सेवा में अपना संपूर्ण जीवन समर्पित कर समाज को त्याग, करुणा एवं सेवा का पवित्र मार्ग दिखाया। उन्हीं की प्रेरणा से जीवन दीप सेवा न्यास शिक्षा, स्वास्थ्य, संस्कार, महिला सशक्तिकरण, गौ-संरक्षण



सहित विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट सेवा कार्य कर रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में आज विश्वभर में भारत की सनातन संस्कृति का गौरव बढ़ा है। उन्होंने उल्लेख किया किख्रभव्य राम मंदिर निर्माण, बद्रीनाथख्रकेदारनाथ धाम पुनर्निर्माण,काशी विश्वनाथ कॉरिडोर, महाकाल लोक निर्माण जैसी पहलें हमारी सांस्कृतिक चेतना के पुनर्जागरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम हैं। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार उत्तराखंड को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी बनाने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है।केदारखंड एवं मानसखंड मंदिर क्षेत्रों के सौंदर्यीकरण के साथख्र यमुनातीर्थ स्थल का पुनरुद्धार, हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर,शारदा कॉरिडोर निर्माण, दून विश्वविद्यालय में सेंटर फॉर हिन्दू स्टडीज की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के सांस्कृतिक मूल्यों एवं सामाजिक संरचना की रक्षा के लिए पूर्णत: संकल्पबद्ध है। उन्होंने बताया किख्र धर्मांतरण विरोधी कानून एवं सख्त दंगारोधी कानून लागू किए गए हैं। लैंड जिहाद, लव जिहाद, थूक जिहाद जैसी जिहादी मानसिकताओं के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की गई है। लैंड जिहाद पर 9 हजार एकड़ से अधिक सरकारी भूमि को मुक्त कराया गया है। प्रदेश में समान नागरिक संहिता लागू कर समान कानून व्यवस्था स्थापित की गई है। युवाओं के हित में सख्त नकल विरोधी कानून लागू किया गया, जिससे 26,000 से अधिक युवाओं को सरकारी नौकरी मिली। अवैध गतिविधियों में संलिप्त 250 से अधिक अवैध मदरसों को सील किया गया तथा नया कानून लागू कर मदरसा बोर्ड समाप्त करने का निर्णय लिया गया है, जिसके बाद 1 जुलाई 2026 से गैर-मानक मदरसे स्वत: बंद हो जाएंगे। ''ऑपरेशन कालनेमि'' के अंतर्गत सनातन धर्म को बदनाम करने वालों पर कठोर कार्रवाई की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड सरकार ''विकल्प रहित संकल्प'' के साथ राज्य को देश का श्रेष्ठ राज्य बनाने हेतु सतत प्रयासरत है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि संत-महात्माओं के आशीर्वाद और जनसहयोग से उत्तराखंड निश्चित ही एक आदर्श एवं अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के धर्मपत्नी श्रीमती गीता धामी ने कहा कि सौभाग्य का दिन है कि आज जीवन दीप आश्रम द्वारा पंच दिवसीय महोत्सव आयोजित किया गया है, जिसमें हमें भी आने का सौभाग्य प्राप्त हुआद्य उन्होंने कहा कि जीवन दीप आश्रम सनातन धर्म का निर्वहन करते हुए समाज हित में कार्य कर रहे हैं तथा आज इस पंच दिवसीय महोत्सव में 1100

**❖सीएम ने की घोषणा ईदगाह चौक का नाम अब होगा शहीद चौक।**

**❖महोत्सव में शतचंडी महायज्ञ, कथा, 1100 बालिकाओं का पूजन, पाठ्य सामग्री वितरण व पाँच कन्याओं के सामूहिक विवाह भी हुआ।**



कन्याओं पूजन एवं भोजन कराया जा रहा है तथा 06 कन्याओं का सामूहिक विवाह किया जा रहा है।उन्होंने सभी कन्याओं को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका जीवन सुखी, समृद्ध एवं मंगलमय हो और सुखमय जीवन व्यतीत करे। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने 11 कन्याओं का पूजन किया तथा उन्हें उपहार एवं दक्षिणा भेंट की तथा मुख्यमंत्री ने 06 कन्याओं के सामूहिक विवाह पर उनको शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया तथा उनके सुखद जीवन को कमाना की। इस अवसर पर जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर यतींद्रानंद गिरी महाराज ने भवन के लोकार्पण के लिए मुख्यमंत्री सहित सभी जनप्रतिनिधियों एवं क्षेत्र वासियों का कार्यक्रम में शामिल होने पर आभार व्यक्त किया। अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष/सचिव निरंजनी अखाड़ा श्रीमहंत रविन्द्र पुरी महाराज, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री (भारत साधु समाज) महामंडलेश्वर स्वामी प्रबोधानंद गिरी, राष्ट्रीय मंत्री (भारत साधु समाज) महामंडलेश्वर स्वामी रूपेंद्र प्रकाश, जूना अखाड़ा महामंडलेश्वर स्वामी मैत्रेयी गिरी, कोठारी महंत बड़ा उदासीन अखाड़ा श्रीमहंत राघवेंद्र दास, महामंडलेश्वर स्वामी विवेकानंद सरस्वती, (नंगली दरबार) महामंडलेश्वर स्वामी शिव प्रेमानंद,प्रदेश प्रवक्ता (भारत साधु समाज)महंत स्वामी अमृतानंद, महेंद्र स्वामी सत्यव्रता नंद सरस्वती,स्वामी विनोद महाराज,स्वामी प्रकाशा नंद महाराज,राज्य मंत्री विनय रोहिल्ला,जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी,रुड़की मेयर अनीता अग्रवाल,विधायक रुड़की प्रदीप बत्रा, जिलाध्यक्ष रुड़की मधु सिंह,भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राकेश गिरी ,पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष राजेंद्र चौधरी,जिला महामंत्री रुड़की अक्षय प्रताप सिंह,पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष दिनेश कौशिक ,महामंत्री सागर गोयल,जिलाधिकारी मयूर दीक्षित,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेंद्र सिंह डोभाल सहित विभिन्न क्षेत्रों से साधु संत, जनप्रतिनिधि,कार्यकर्ता एवं क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

### ब्लॉक स्तरीय विज्ञान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न

## पहला-दूसरा व तीसरा स्थान पाने वालों को किया गया सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंगलौर।** खंड शिक्षा कार्यालय नारसन बीआरसी सभागार मे उत्तराखंड राज्य विज्ञान एवम् प्रौद्योगिकी के संरक्षण में ब्लॉक स्तरीय विज्ञान सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतियोगिता का उद्घाटन प्रधानाचार्य (राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अकबरपुर ढडीकी) साने करीम सिद्दीकी ने किया। कार्यक्रम का संचालन कुमारी रुचिका एवं संदीप कुमार द्वारा किया गया। इस प्रतियोगिता में नारसन ब्लॉक के कल 7 टीमों ने भाग लिया जिसमें प्रथम स्थान राजकीय कन्या इंटर स्कूल मंगलौर ने प्राप्त किया। दूसरा स्थान राजकीय इंटर कॉलेज निजामपुर ने प्राप्त किया एवं तीसरा स्थान पीएम श्री राजकीय उच्चतर माध्यमिक कन्या विद्यालय ढंडेरा ने प्राप्त किया। इस अवसर पर (बीआरपी नारसन)जगमोहन राणा ने बताया कि नारसन ब्लॉक के चयनित प्रतिभागी आगामी 25 नवंबर 2025 को अटल उत्कृष्ट इंटर कॉलेज रुड़की में आयोजित जिला स्तरीय विज्ञान सामान्य ज्ञान



प्रतियोगिता मे भाग लेगी। प्रतियोगिता के अंत में (बीआरपी) जगमोहन राणा ने प्रतिभागियों एवं संदीप कुमार पंकज, मिली, नरेश, सृष्टि, नरेश ,सहयोगियों का आभार व्यक्त किया।यूनियन क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी,एडवोकेट सफदर, वरुण त्यागी, रंजन त्यागी, नवनीत सिंह, सौरभ पवार, सीड चौधरी,नाजिम अली आदि मौजूद रहे।

## रिया बनी पनियाला सहकारी समिति की चेयरमैन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** जिले के सबसे हॉट समिति मानी जाने वाली किसान सहकारी समिति पनियाला में रिया तंवर को सभापति चुना गया है। समिति गठन के बाद यहां कोई महिला सभापति पहली बार बनी है। मोहम्मद असलम को उपसभापति चुना गया।

किसान सेवा सहकारी समिति के चुनाव में सभापति पद के लिए मोहित और रिया तंवर ने नामांकन पत्र दाखिल किए थे। इसके साथ ही उप सभापति पद के लिए मोहम्मद असलम और सरवरी के बीच मुकाबला था। सभापति पद के लिए बारह सदस्यों ने वोट दिए जिसमें रिया तंवर को नौ वोट हासिल हुए और उनके प्रतिद्वंदी मोहित को तीन वोट मिले। इसके साथ ही उपसभापति पद पर मोहम्मद असलम को आठ वोट एवं उनकी प्रतिद्वंदी सरवरी को तीन वोट मिले। इसमें एक वोट निरस्त हुआ। पनियाला सहकारी समिति को जिले की हॉट समिति में माना जाता है। इस समिति पर जिले के कई बड़े नेताओं की प्रतिष्ठा दाव पर लगी थी जिसमें जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सुभाष वर्मा की पुत्रवधू रिया तंवर सभापति चुनी गई है। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सुभाष वर्मा ने कहा कि इस समिति के करीब साठ वर्षों के इतिहास में पहली बार किसी महिला को सभापति



चुना गया हैं। उन्होंने कहा कि किसानों के हितों की लड़ाई मजबूती से लड़ी जाएगी। इस अवसर पर जिला सहकारी बैंक के पूर्व अध्यक्ष सुशील चौधरी, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अनीश गॉड, भारतीय किसान यूनियन क्रांति के राष्ट्रीय अध्यक्ष विकास सैनी,एडवोकेट सफदर, वरुण त्यागी, रंजन त्यागी, नवनीत सिंह, सौरभ पवार, सीड चौधरी,नाजिम अली आदि मौजूद रहे।

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** झबरेड़ा सहारनपुर मार्ग ग्राम खरखडी के पास गुरुवार देर शाम एक बाइक को अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारने पर बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल को कस्बे में इलाज हेतु डॉक्टर के यहां ले जाया गया। डॉक्टर द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद घायल की हालत गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ थाने में मुकदमा दर्ज कराया गया है। ग्राम भक्तों वाली निवासी राजू सिंह द्वारा थाने में तहरीर देकर बताया कि उसका 20 वर्षीय पुत्र मोनू कुमार बाइक से गुरुवार शाम सहारनपुर से वापस अपने घर ग्राम भक्तों वाली आ रहा था। जैसे ही वह ग्राम खरखड़ी के पास आया तो किसी अज्ञात वाहन द्वारा बाईक को टक्कर मार दी गई। किसी अज्ञात वाहन की टक्कर लगते ही बाइक सवार बाइक सहित सड़क पर गिर गया तथा घायल हो गया। वहां से आने जाने वाले लोगों द्वारा घायल को झबरेड़ा स्थित डॉक्टर के यहां भर्ती कराया। डॉक्टर द्वारा घायल की स्थिति गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। थानाध्यक्ष अजय शाह का कहना है कि तहरीर के आधार पर अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## उत्तम शुगर मिल ने जारी किया 10 दिन का गन्ना भुगतान

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** किसानों को उत्तम शुगर मिल से राहत मिलते हुए करोड़ों रुपये का भुगतान समिति के माध्यम से मिला है। 10 दिन का भुगतान शुगर मिल की ओर से किया गया है। समिति सचिव शीशपाल सिंह का कहना है कि उत्तम और लक्सर शुगर मिल पेराई सत्र शुरू कर चुकी है। इकबालपुर शुगर मिल चलने का कोई असर नहीं दिख रहा है। नवंबर के पहले सप्ताह में उत्तम और लक्सर शुगर मिल ने अपने पेराई सत्र की शुरुआत कर दी थी। किसानों की सुविधाओं को देखते हुए गन्ना खरीद केंद्र भी शुरू हो गए थे। अब उत्तम शुगर मिल से जुड़े किसानों को सबसे पहले राहत मिली है।

## नीलगाय से टकरा कर बाइक सवार गंभीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**झबरेड़ा।** ग्राम लाठरदेवा हुण नहर पुल के पास सड़क पार कर रही नील गाय की टक्कर बाइक में लगने से बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया ।घायल को कस्बा झबरेड़ा में इलाज हेतु भर्ती कराया गया। घायल के सिर में अधिक चोट लगने से उसे हायर सेंटर रेफर किया गया है। कस्बा निवासी अनुज कुमार बाइक से शुक्रवार सुबह मंगलौर जा रहा था। जैसे ही वह ग्राम लाठरदेवा हुण नहर पुल के पास पहुंचा उसी समय सड़क पार कर रही नीलगाय की टक्कर बाइक से हो गई। नीलगाय की टक्कर लगते ही बाइक सवार बाइक सहित सड़क पर गिर गया तथा घायल हो गया। घायल को वहां से आने जाने वाले द्वारा झबरेडा डॉक्टर के यहां इलाज हेतु भर्ती कराया गया तथा उसके परिजनों को सूचना दी गई। परिजनों के आने पर डॉक्टर द्वारा घायल के सिर में अधिक चोट होने से उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है।

## 23 दिसम्बर से 26 दिसम्बर तक ऐथल बुजुर्ग रेलवे फाटक रहेगी बंद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र के ऐथल बुजुर्ग रेलवे फाटक 23 दिसंबर से 26 दिसंबर तक आने जाने वाले वाहनों के लिए बंद रहेगी सभी को पथरी फाटक से आना जाना करना पड़ेगा। रेलवे कर्मचारी अधिकारी सुधाकर मनोज ने जानकारी देते हुए बताया ऐथल बुजुर्ग रेलवे फाटक पर मशीनों द्वारा काम किया जाएगा इसीलिए ऐथल बुजुर्ग रेलवे फाटक को 23 दिसंबर से लेकर 26 दिसंबर तक पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाएगा उन्होंने कहा पथरी रेलवे स्टेशन से आगे जो फाटक है वह सुचारू रूप से चालू रहेगी जो भी आने जाने वाले हैं वह सभी इस फाटकसेआना-जाना करें उन्होंने यह भी कहा कि हमारे द्वारा यह जानकारी मीडिया एवं अनेक माध्यम से लोगों तक पहुंचाई जा रही है जिससे आने-जाने वाला 23 दिसंबर से 26 दिसंबर तक ऐथल रेलवे फाटक पर क्रॉस ना करें क्योंकि फाटक पूर्ण रूप से बंद रहेगी और अथल बुजुर्ग रेलवे फाटक पर आकर परेशानी का सामना न करना पड़े इसीलिए यह जानकारी सभी को पहुंचाई जा रही है

**खोया-पाया-सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे व्यवहारी इन्तजार पुत्र मीर हसन नि. 55, मौहल्ला हजरत बिलाल, वार्ड नं0 07 कस्बा लण्ढौरा परगना मंगलौर तह. रूडकी जिला हरिद्वार की सम्पत्ति स्थित मौजा-लण्ढौरा परगना मंगलौर तह. रूडकी, हरिद्वार, खतौनी खाता नं0 376 व खसरा नं0 124/2मि कुल रकबा 2300 वर्गफुट यानि 213.75 वर्गमिटर से सम्बन्धित असल विक्रय पत्र रजिस्ट्री बही नं0 1 जिल्द 1985 के पृष्ठ 1 से 30 दस्तावेज नं0 8195 पर दिनांक 09.09.2013 कार्यालय सब रजिस्ट्रार रूडकी मे दर्ज है। उक्त असल दस्तावेज प्रार्थी के व्यवहारी से दिनांक 13.11.2025 को मेन बाजार लण्ढौरा के आस पास गिर कर कही गुम हो गया है जो काफी तलाशने के बावजूद भी नही मिल पाया है। उक्त असल दस्तावेज यदि कही मिलता है तो प्रार्थी को दिया जाना प्रार्थनीय है।

**जय प्रकाश सैनी एडवोकेट मो०**
9897902767

## युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या, परिजनों में मचा हड़कंप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** क्षेत्र एक युवक ने अपने निवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। परिजनों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी मिली है कि बसेडा खादर में राहुल पुत्र ओमवीर उम्र 30 वर्ष निवासी ग्राम कोतवाली लक्सर ने अपने निवास में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी जिसमें किसी व्यक्ति के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर मृतक केशव को कब्जे में ले लिया और उस मृतक के शव को पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है पुलिस जांच में जुटी हुई है कि आत्महत्या का क्या कारण है पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद जांच कर जो भी सामने आएगा उसी तरह से आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## अनाज मंडी में कांग्रेसियों ने किया प्रदर्शन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** अनाज मंडी में निगम की संपत्ति को जेसीबी से ध्वस्त करने के मामले में अब राजनीति गरमा गई है। कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने इस मामले को तूल देते हुए अनाज मंडी पहुंचकर मेयर एवं नगर आयुक्त पर निगम की जमीन को खुर्द-बुर्द करने का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। आरोप लगाया कि कुछ भूमाफिआयों की मिलीभगत से निगम की जमीनों पर जानबूझकर कब्जा करवाया जा रहा है।

रुड़की अनाज मंडी पहुंचे महानगर अध्यक्ष एडवोकेट राजेन्द्र चौधरी एवं कार्यकर्ताओं ने मेयर और नगर आयुक्त के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि अनाज मंडी में नगर निगम की फड़ की जमीन को एक बाहर से आए भूमाफिया ने जेसीबी चलाकर अपने कब्जे में ले लिया है। स्थानीय लोगों ने नगर निगम को कई दिन पूर्व भी इस संबंध में लिखित एवं मौखिक सूचना दी थी। रात के अंधेरे में नगर निगम की जेसीबी का प्रयोग कर जिस प्रकार से भूमि को ही खुर्दबुर्द किया गया उससे स्पष्ट होता है कि मेयर और नगर आयुक्त ने जानबूझकर भूमाफिया का सहयोग किया है। उन्होंने कहा कि अब तक भूमि को खुर्द-बुर्द करने वाले के खिलाफ कार्रवाई नहीं की गई और उन्हें भूमि कब्जाने का पूरा मौका दिया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि इस प्रकरण में नगर विधायक भी भूमाफिया को संरक्षण देने का काम कर रहे हैं। व्यापारी प्रवीण सिंघल एवं अमित आहूजा ने कहा कि बार-बार लिखित एवं मौखिक शिकायत देने के बावजूद नगर निगम ने कोई कार्रवाई नहीं की और जमीन पर कब्जा होने दिया गया। पुलिस को सूचना एवं तहरीर देने

### सीएसआईआर-सीबीआरआई रुड़की ने आयोजित किया एक स्वास्थ्य, एक विश्व 2025 वैश्विक सम्मेलन

## 350 से अधिक प्रतिभागियों व 50 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों ने की सहभागिता

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** सीएसआईआर सेंट्रल बिल्डिंग रिसर्च इंस्टीट्यूट (सीबीआरआई) रुड़की द्वारा आयोजित एक स्वास्थ्य, एक विश्व 2025 कार्यक्रम का मुख्य आयोजन आज होटल क्लार्क्स सफारी, रुड़कीख्रहरिद्वार में आरंभ हुआ। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 13 देशों से 350 से अधिक प्रतिभागियों तथा 50 से अधिक विदेशी प्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

कार्यक्रम का शुभारंभ सीएसआईआर-सीबीआरआई के निदेशक एवं अन्य विशिष्ट अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम के आयोजन सचिव डॉ. अजय चौरासिया ने सभी अतिथियों व प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। उन्होंने अवसंरचना, अवसंरचना प्रबंधन, एशिया में सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान, जलवायु परिवर्तन, सतत विकास और आपदा न्यूनीकरण जैसे प्रमुख विषयों पर प्रकाश डाला। इसके बाद सीएसआईआरख्र सीबीआरआई के निदेशक ने सभी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधियों का स्वागत किया। उन्होंने भारत की उभरती अर्थव्यवस्था, आपदा-रोधी निर्माण की आवश्यकता, चल रहे रेट्रोफिटिंग कार्यों तथा सुरक्षित व सतत भविष्य के प्रति राष्ट्र की प्रतिबद्धता पर अपने विचार व्यक्त किए। टोक्यो विश्वविद्यालय के प्रोफेसर (कॉन्फ्रेंस, को-चेयर) डॉक्टर डॉ. वतारू ताकेउची, इंस्टीट्यूट ऑफ इंडस्ट्रियल साइंस, ने सभी उपस्थित



प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए एक स्वास्थ्य, एक विश्व की अवधारणा, अवसंरचना विकास, आपदा न्यूनीकरण तथा आपदा-रोधी प्रणालियों पर विस्तृत चर्चा की। उन्होंने सीएसआईआर-सीबीआरआई द्वारा सफलतापूर्वक कार्यक्रम आयोजित करने की सराहना भी की। प्रोफेसर सी.वी.आर. मूर्ति ने सभी अतिथियों का स्वागत किया तथा आपदाओं से जुड़े मुद्दों और शोध प्रगति पर अपने अनुभव साझा किए। राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सदस्य डॉ. कृष्ण एस. वात्सा ने आधुनिक इंजीनियरिंग व रुड़की की ऐतिहासिक जल नहर प्रणाली, तथा भारतख्रजापान सहयोग पर विस्तार से बात की। उन्होंने वैश्विक आपदा-रोधी प्रयासों में जापान के नेतृत्व की भी सराहना की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, वर्ल्ड सीस्मिक सेफ्टी इंस्टीट्यूट के सहख्रसंस्थापक प्रोफेसर किमीरो मेगुरो ने आमंत्रण के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने जलवायु परिवर्तन, औद्योगिक आपदाओं और वैज्ञानिक व सतत दृष्टिकोण की आवश्यकता पर प्रभावशाली वक्तव्य दिया। उन्होंने प्रोफेसर प्रदीप की दृष्टि व समर्पण की प्रशंसा करते हुए सीएसआईआर-सीबीआरआई की सफलता की कामना की। कार्यक्रम का समापन डॉ. अजय चौरासिया द्वारा औपचारिक धन्यवादख्रप्रस्तुति के साथ हुआ। इसके उपरांत विभिन्न प्रोफेसरों द्वारा अनेक व्याख्यान प्रस्तुत किए गए। प्रोफेसर किमीरो मेगुरो द्वारा "नकारात्मक प्रभाव को न्यूनतम करने हेतु व्यापक आपदा प्रबंधन प्रणाली" विषय पर व्याख्यान दिया गया। इसके बाद डॉ. कृष्ण एस. वात्सा और डॉ. जुइन फू चाई ने व्याख्यान प्रस्तुत किए। इसके पश्चात शहरी सुरक्षा एवं आपदा न्यूनीकरण, अवसंरचना प्रबंधन और सतत निर्मित पर्यावरण, एशिया में अंतरराष्ट्रीय सार्वजनिक स्वास्थ्य अनुसंधान, जलवायु परिवर्तन और हरित पुनर्प्राप्ति जैसे विषयों पर विभिन्न विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए।

## गर्भवती महिला पर किया हमला, मारपीट में गर्भपात

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गंगनहर कोतवाली क्षेत्र में गर्भवती महिला के साथ हुई मारपीट का मामला सामने आया है। आरोप है कि एक युवक और उसकी पुत्री ने गर्भवती महिला को पीटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया जिससे गर्भपात हो गया। पीड़ित पक्ष की तहरीर पर पुलिस ने पिताख्रपुत्री दोनों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर ली है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पीड़ित युवक ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि 13 नवंबर को वह अपनी गर्भवती पत्नी के साथ सलेमपुर गांव में रिश्तेदारी में जा रहा। रास्ते में मालवीय चौक के पास खड़े युवक अरुण ने उसकी पत्नी की ओर अश्लील इशारा किया। उन्होंने अनदेखा कर आगे बढ़ना ही बेहतर समझा। शाम करीब चार बजे दंपती बाजार जा रहा था तभी आरोपी अरुण ने फिर से अश्लील इशारा किया। जब दंपती ने इसका विरोध किया तो आरोपी ने उनपर हमला कर दिया। इसी दौरान आरोपी की बेटी भी मौके पर पहुंची और उसने भी अपने पिता के साथ मिलकर हमला किया।

आरोप है कि मारपीट के दौरान गर्भवती महिला को धक्का देकर नीचे गिरा दिया गया और उसके पेट में लात-घूंसे मारे गए जिससे उसकी तबीयत बिगड़ गई व बाद में गर्भपात हो गया। पीड़िता को गंभीर हालत में अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर के आधार पर अरुण और उसकी बेटी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लेबर सिस्टम में बदलाव

देश में आज से नए श्रम कानून लागू हो गए हैं। इसे लेबर सिस्टम में अब तक का सबसे बड़ा बदलाव माना जा रहा है। मोदी सरकार ने चार नई श्रम संहिताओं को आधिकारिक रूप से लागू किया है। सरकार का दावा है कि ये सिर्फ कानूनी बदलाव नहीं, बल्कि 40 करोड़ से ज्यादा कामगारों के जीवन में एक ऐतिहासिक क्रांति साबित होंगे। इन सुधारों का मकसद सिर्फ कानून बदलना नहीं, बल्कि हर श्रमिक को गरिमा, सुरक्षा और आर्थिक मजबूती देना है। आजादी के पहले और बाद के शुरुआती दौर (1930-1950) में बने 29 पुराने श्रम कानूनों को अब चार नए कोड में समाहित कर दिया गया है। ये हैं- वेतन संहिता, औद्योगिक संबंध संहिता, सामाजिक सुरक्षा संहिता और व्यावसायिक सुरक्षा संहिता। सरकार का तर्क है कि आज की अर्थव्यवस्था और काम करने के तरीके पुराने जमाने से बिल्कुल अलग हैं, इसलिए नियम भी आधुनिक होने चाहिए। सबसे बड़ा बदलाव नियुक्ति पत्र को लेकर है। अब हर कर्मचारी को ज्वानिंग के वक्त अप्वाइंटमेंट लेटर देना अनिवार्य कर दिया गया है। इससे पारदर्शिता आएगी और कंपनियों की मनमानी पर रोक लगेगी। इसके अलावा, असंगठित क्षेत्र के करीब 40 करोड़ कामगारों को अब सामाजिक सुरक्षा के दायरे में लाया गया है। इसका सीधा मतलब है कि उन्हें भी पीएफ , ईएसआईसी और पेंशन जैसी सुविधाएं मिल सकेंगी। प्राइवेट नौकरी करने वालों के लिए सबसे बड़ी खुशखबरी फिक्स्ड टर्म एम्प्लाइज  यानी निश्चित अवधि के कर्मचारियों को लेकर है। पहले ग्रैच्युटी पाने के लिए एक ही कंपनी में लगातार 5 साल काम करना जरूरी होता था, जिससे अक्सर कर्मचारी वंचित रह जाते थे। नए नियमों के तहत, फिक्स्ड टर्म कर्मचारियों को अब महज एक साल की सेवा के बाद ही ग्रैच्युटी पाने का हक मिल गया है। इसके साथ ही, ओवरटाइम को लेकर भी स्थिति पूरी तरह साफ कर दी गई है, अगर कोई कर्मचारी तय घंटों से ज्यादा काम करता है, तो उसे सामान्य वेतन से दोगुना भुगतान करना होगा। वहीं, वेतन का भुगतान समय पर हो, इसके लिए कड़े प्रावधान किए गए हैं, ताकि महीने के अंत में किसी को आर्थिक तनाव न झेलना पड़े। नए लेबर कोड में लैंगिक समानता पर विशेष जोर दिया गया है। अब महिलाएं रात की शिफ्ट में भी काम कर सकेंगी, बशर्ते उनकी सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम हों और उनकी सहमति ली गई हो। यह कदम महिलाओं को हाई-पेइंग जाब्स और सभी प्रकार के उद्योगों (जैसे माइनिंग आदि) में बराबर का मौका देगा। महिलाओं को समान काम के लिए समान वेतन की गारंटी भी दी गई है। वहीं, जोमैटो, स्विगी, ओला और उबर जैसे प्लेटफार्म्स पर काम करने वाले गिग और प्लेटफार्म वर्कर्स को पहली बार कानूनी ढांचे में परिभाषित किया गया है। अब कंपनियों  को अपने सालाना टर्नओवर का 1.2 प्रतिशत हिस्सा इन वर्कर्स के कल्याण के लिए देना होगा। आधार से लिंक यूनिवर्सल अकाउंट नंबर  के जरिये वे देश के किसी भी कोने में अपनी योजनाओं का लाभ उठा सकेंगे। काम के साथ-साथ सेहत को भी प्राथमिकता दी गई है। नए नियमों के अनुसार, नियोक्ताओं को अपने उन सभी कर्मचारियों का साल में एक बार मुफ्त हेल्थ चेकअप कराना होगा, जिनकी उम्र 40 वर्ष से अधिक है। यह कदम गंभीर बीमारियों की समय रहते पहचान और कर्मचारियों की स्वास्थ्य सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है। इसके अलावा, खतरनाक क्षेत्रों   में काम करने वाले श्रमिकों के लिए 100 प्रतिशत स्वास्थ्य सुरक्षा की गारंटी दी गई है।

## लोकतंत्र को बचाने का अभियान



स्पष्ट करना चाहता हूं कि हम इस देश में से एक-एक घुसपैठिए को चुन-चुन कर बाहर निकालेंगे, ये हमारा प्रण है, एसआईआर की प्रक्रिया देश और लोकतंत्र की सुरक्षा के लिए है, कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को निकालने के इस अभियान को कमजोर करना चाहते हैं, बिहार में जनता ने इस मुद्दे पर एनडीए को बहुमत दिया है, दुर्भाग्यपूर्ण है कि कुछ राजनीतिक दल चुनाव आयोग की मतदाता सूची को सही करने के लिए लाई गई एसआईआर प्रक्रिया का विरोध कर रहे हैं, मैं आज देशवासियों से अपील करता हूं कि वे खुलकर और पूरी तरह से चुनाव आयोग द्वारा चलाई जा रही एसआईआर प्रक्रिया का समर्थन करें, घुसपैठियों का बचाव कर रहे राजनीतिक दलों को चेतावनी देना चाहता हूं कि बिहार चुनाव पूरे देश के जनादेश की तरह हैं।

**-अमित शाह, केंद्रीय गृह मंत्री**

# बांधों को हटाने में वृद्धि के परिणाम



सभी बड़े बांधों की उम्र सीमित होती है। क्या आपने कभी सोचा है कि एक बार बांध का उपयोगी जीवन समाप्त होने पर उसका क्या होता है? इसे हटाना होता है जिसे डीकमीशनिंग कहते हैं। डीकमीशनिंग का मतलब बांध और उससे जुड़ी संरचनाओं को पूरी तरह हटाने से है।

दुनिया के तीसरे सबसे बड़े बांध निर्माता के रूप में भारत के लिए यह एक बहुत ही प्रासंगिक सवाल है। यह मुद्दा इसलिए और भी अधिक महत्वपूर्ण हो गया है क्योंकि अब बड़े बांध न तो आवश्यक है और न ही व्यावहारिक। इसके अलावा अब बहती नदियों के महत्व को तेजी से सराहा जा रहा है। यह ध्यान में रखना जरूरी है कि किसी बांध को बिना उचित रखरखाव के नदी पर बने रहने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। इससे बांध के नीचे की ओर रहने वाले समुदाय और अर्थव्यवस्था के लिए खतरा बना रहता है।

**नदियों को बहाल करने के लाभ**

यहां यह समझना आवश्यक है कि बांधों से सिंचाई, पनबिजली, घरेलू और औद्योगिक जल आपूर्ति, जल भंडारण और बाढ़ प्रबंधन जैसे लाभ प्रदान करने का दावा तो किया जाता है लेकिन विश्व बांध आयोग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकांशतरू ए लाभ वादों से कम होते हैं। और बांध की उम्र बढ़ने के साथ, इसके जलाशय में गाद भर जाने के कारण यह लाभ और भी कम हो जाते हैं। इसके अलावा, यह लाभ भारी लागत और व्यापक प्रतिकूल प्रभावों के साथ आते हैं। इसलिए जब भी किसी बांध को हटाकर नदी का प्रवाह बहाल किया जाता है, तो यह बांध निर्माण से उत्पन्न कुछ प्रतिकूल प्रभावों उलट देता है। पुनरू प्रवाहमान नदी के कुछ लाभों में मछलियों के आवागमन तथा नदी पारिस्थितिकी तंत्र की बहाली के साथ बांध के ऊपर व नीचे नदियों में पानी, गाद, रेत और पोषक तत्वों के प्रवाह की बहाली भी शामिल है। ऐसी नदियों के किनारे के समुदायों के लिए जल आपूर्ति और मछुआरों की आजीविका की भी बहाली होती है। इसका असर सांस्कृतिक कार्यों के लिए उपलब्ध पानी पर भी होता है। इस तरह से डीकमीशनिंग बांध के ऊपर व नीचे के इलाकों में और अधिक सकारात्मक प्रभाव डालते हैं। बांध हटाने का मतलब नदी के निचले हिस्से में आपदाओं और बाढ़ के जोखिम में कमी और जलमग्न भूमि का पुनरू उपलब्ध होना भी है। मुक्त प्रवाह वाली नदियां जलवायु परिवर्तन के प्रभावों के प्रति अधिक लचीली होती हैं और जलवायु परिवर्तन से अनुकूलन में मदद करती हैं। बहाल की गई नदियों से पानी की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। लिहाजा, समाज और अर्थव्यवस्था के लिए, बांध के जीवन में एक ऐसा समय अवश्य आता है जब इसकी लागत, इससे प्राप्त होने वाले लाभ से कहीं अधिक हो जाती हैय तब बांध को हटाना बेहतर होता है। इस बात का पता तभी चल सकता है जब समय-समय पर किसी बांध की लागत और लाभ के स्वतंत्र मूल्यांकन की प्रक्रिया की जाए। एक असुरक्षित बांध को बंद करना समाज और अर्थव्यवस्था के लिए बेहतर होता है। फिलहाल भारत के पास बांधों को हटाने से सम्बंधित मुद्दों को लेकर कोई नीति या कार्यक्रम नहीं है।

**योजना की जरूरत**

बांध को हटाने की योजना बनाते समय यह ध्यान रखना आवश्यक होता है कि इसकी कुछ लागत तो आएगी ही। साथ ही नदी के पारिस्थितिकी तंत्र के प्रभावित होने की संभावना भी रहेगी। उदाहरण के लिए, बांध के पीछे जमी गाद के अचानक बहने से जलीय प्रजातियों के भोजन और अंडे देने के क्षेत्र नष्ट हो सकते हैं। इसके अलावा, नदी में डूबी जड़ें और तने तलछट के नीचे दबकर घर्षण से क्षतिग्रस्त हो सकते हैं। यदि जलाशय के जलग्रहण क्षेत्र में प्रदूषण स्रोत उपस्थित हैं तो नदी के प्रवाह के साथ दूषित तलछट स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर सकती है। ऐसे में बांध को हटाने के विकल्पों और रणनीतियों की योजना नदी की प्रकृति, उसके भूविज्ञान, पारिस्थितिकी, जलवायु और अन्य सम्बंधित पहलुओं के अध्ययन के आधार पर बनाई जानी चाहिए।

**बांध क्यों हटाए जाएं?**

किसी बांध को हटाने का निर्णय कई कारणों से लिया जा सकता है। जैसे-जैसे अधिक से अधिक बांधों को हटाया जा रहा है और इसके लाभ स्पष्ट हो रहे हैं, उम्मीद है कि विश्व स्तर पर बांधों को हटाने की गति में तेजी आएगी। कुछ कारणों की बात यहां की जा रही है। व असुरक्षित बांध जब बांध आवश्यक स्पिलवे (अतिरिक्त पानी के निकलने का रास्ता) क्षमता से कम होने, गाद जमा होने, पुराने होने, क्षतिग्रस्त होने या नदी के बहाव को वहन न कर पाने के कारण असुरक्षित हो जाते हैं, तब बाढ़ या कोई अन्य आपदा आने से पहले इन्हें हटा देना समझदारी होगी। जलवायु परिवर्तन की स्थिति में वर्षा की तीव्रता, हिमनद-जनित झील के फटने, भूस्खलन या हिमस्खलन जैसी घटनाओं में वृद्धि बांधों को भी असुरक्षित बनाते हैं व आर्थिक रूप से अव्यावहारिक बांध घटे हुए लाभ, बढ़ी हुई लागत या इन दोनों के कारण बांध का रख-रखाव करना बहुत महंगा हो सकता है। लागत में वृद्धि मुख्य रूप से पर्यावरणीय प्रवाह को सुनिश्चित करने के लिए नियामक शर्तों में वृद्धि, बांध से ऊपर व नीचे मछलियों के प्रवास, स्पिलवे क्षमता बढ़ाने के लिए नए निर्माण की आवश्यकता वगैरह के कारण हो सकती है। ऐसे मामलों में बांध को हटाने की लागत के बावजूद उसे हटा देना ही सस्ता होगा। उष्णकटिबंधीय और उपोष्णकटिबंधीय क्षेत्रों में बांधों के जलाशय मीथेन और कार्बन डाईऑक्साइड के जाने-माने स्रोत हैं। (कार्बन डाईऑक्साइड की तुलना में मीथेन लगभग 24 गुना अधिक शक्तिशाली ग्रीनहाउस गैस है) ये दोनों प्रमुख ग्रीनहाउस गैसें हैं। बांध को हटाकर हम ऐसे उत्सर्जन को भी रोक सकते हैं। इसके अलावा, बांधों को हटाने के बाद जलमग्न क्षेत्र के कुछ हिस्सों के पुन: नवीनीकरण और नदी को बाढ़ क्षेत्र और आर्द्रभूमि से जोड़कर नए कार्बन सोख्ता भी बनाए जा सकते हैं। इस प्रकार बांध हटाना जलवायु परिवर्तन को थामने और अनुकूलन रणनीति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा हो सकता है। बांध निर्माण के 100 वर्षों से भी अधिक अनुभव से पता चला है कि बांधों का जीवनकाल सीमित होता है। खराब डिजाइन जीवनकाल को कम कर सकती है, उनमें गाद जमा हो सकती है और उनका प्रदर्शन अपेक्षा से कम हो सकता है। इसके अलावा यह आसपास की आबादी के लिए जोखिम तो पैदा करता ही है, इससे नदियां और मछली पालन पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।

**विश्व स्तर पर बांधों को हटाने की मुहिम**

यूएसए बांध हटाने की परियोजनाओं में सबसे आगे है। वहां इस प्रक्रिया की शुरुआत कई संघीय कानूनों के साथ हुई। उदाहरण के लिए, 1968 के वाइल्ड एंड सीनिक रिवर एक्ट और 1969 के नेशनल एनवायरनमेंटल पॉलिसी एक्ट ने बांध निर्माताओं को नदियों के पारिस्थितिक लाभों को ध्यान में रखने के लिए मजबूर किया। 1990 के दशक की शुरुआत से लेकर 3 दशकों तक बांधों को हटाने की प्रक्रिया में काफी तेजी आई है। कोविड-19 महामारी के दौरान कमी आने से पहले तक प्रति वर्ष 100 से अधिक बांध हटाए गए। अमे. रिकन रिवर्स के अनुसार, अमेरिका में अब तक 2025 बांध हटाए जा चुके हैं। यूएसए में अधिकांश बांधों को फेडरल एनर्जी रेगुलेटरी कमीशन (एफईआरसी) या उसके राज्य समकक्ष द्वारा लायसेंस दिया जाता है। आम तौर पर इसकी अवधि 30 से 50 वर्षों की होती है। इस अवधि के अंत में बांध का पुनर्मूल्यांकन करने के बाद उन्हें सेवानिवृत्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त सुरक्षा चिंताओं (भूकंपीय क्षति आदि) की स्थिति में बांधों का लायसेंस रद्द करने की आपातकालीन प्रक्रियाएं भी हैं। पुन: लायसेंसिंग प्रक्रिया में पर्यावरणीय आवश्यकताओं को पूरा करने के उद्देश्य से नई परिचालन शर्तों को अनिवार्य किया जाता है। इनमें न्यूनतम प्रवाह में वृद्धि, अतिरिक्त या बेहतर मछली सीढ़ी, आवधिक उच्च प्रवाह और तटवर्ती भूमि के लिए सुरक्षा उपाय शामिल हैं।

अमेरिकन रिवर्स के एक दस्तावेज के अनुसार हवर्ष 1999 में अमेरिका स्थित एडवर्ड्स बांध को हटाना एक निर्णायक मोड़ रहा जब पहली बार एफईआरसी ने किसी बांध को हटाने का आदेश दिया। इस बांध की लागत इसके लाभों से कहीं अधिक पाई गई थी। एडवर्ड्स बांध के हटने से एक समय की कल्पनातीत अवधारणा जीर्ण-शीर्ण ढांचे और नदियों को बहाल करने की समस्या से निपटने का एक कारगर उपाय साबित हुआ। इसके नतीजे में अब बांध सुरक्षा कार्यालय, मत्स्य पालन प्रबंधक, बांध मालिक और विभिन्न समुदाय बांधों के लाभों और प्रभावों पर दोबारा विचार कर रहे हैं। कई स्थानों पर बांधों को हटाने को सबसे अच्छा विकल्प माना जा रहा है।

# लजीज व्यंजनों की थाली



मध्यप्रदेश या राजस्थान की खास डिश है दाल बाफला। वहीं दक्षिण भारत के व्यंजनों में डोसे का जिक्र न हो तो खानपान अधूरा सा लगता है। सेहत से भरी हरी मूंग दाल का डोसा, जिसे पेसारेटू भी कहते हैं, स्वाद में कुरकुरा होता है। इसे नाश्ध्ते में, शाम को स्ध्नैक के तौर पर भी खाया जा सकता है। वहीं अरबी तो पूरे उत्तर से लेकर दक्षिण तक सबकी फेवरेट है।

**दाल बाफला**

2 कप आटा, 1/4 कप मकई का आटा, 1 टी स्पून जीरा, 1/4 टी स्पून अजवाइन, 1 टी स्पून नमक, 1/2 कप घी, 1/2 कप पानी, 1/2 टी स्पून हल्दी, दाल के लिए, 1-1/2 कप अरहर की दाल, 1 कप पानी, 1/2 टी स्पून हल्दी, 1 टी स्पून नमक,

**तड़के के लिए**

1 टेबल स्पून घी, 1/4 टी स्पून हींग, 1/2 टी स्पून सरसों के दाने, 1 टी स्पून लाल मिर्च पाउडर, 1/2 टी स्पून चीनी, 3 टेबल स्पून हरा धनिया,

**बाफला बनाने के लिए**

1.एक बाउल में गेंहू का आटा और मकई का आटा लें, जीरा, अजवाइन और नमक डालें।, इसे अच्छे से मिलाएं और इसमें घी डालें, इसे अच्छे से मिलाएं, अब इसमें पानी डालकर डो तैयार कर लें, छोटी-छोटी बॉल्स बना लें, अब एक पैन में पानी गर्म करें इसमें नमक और हल्दी डालें। इन बॉल्स को पैन में डाले और उबलने दें, इन्हें तब तक पकने दें जब तक यह ऊपर न तैरने लगे, इसके बाद पानी छान लें और इन्हें ड्राई होने दें, अब इन्हें 200 डिग्री सेल्सियस तापमान पर 20 से 30 मिनट के लिए बेक करें।

**दाल बनाने के लिए**

1.भीगी हुई अरहर की दाल को प्रेशर कुकर डाले और पानी भी डालें , हल्दी और नमक डालें। प्रेशर कुकर में पकाएं,

**तड़का बनाने के लिए**

1.एक पैन में घी डालें, इसमें हींग और सरसों के दाने डालकर अच्छे से भूनें , इसके बाद लाल मिर्च पाउडर डालें  अब इसे दाल में डालें और पकाएं, इसमें चीनी और हरा धनिया डालें और अच्छे से मिलाएं, गर्म-गर्म दाल को बाफला पर डालकर सर्व करें, पेसारेटू या हरा डोसा

**आवश्यक सामग्री**

1 कप मूंग की दाल, कप पानी भिगोने के लिए, कप बारीक कटी हुई धनिया पत्ती, 1 प्याज, 6 हरी मिर्च, 4 टेबल स्पून चावल का आटा, 1 टेबलस्पून नमक, 1 कप

**पेसारेटू बनाने की विधि**

सबसे पहले एक कटोरा लेकर उसमे हरी मूंग की दाल डाल ले और 2 कप पानी डालकर रातभर भीगने के लिए छोड़ दें। कम से कम 6-8 घंटे तक भीगने दे और दाल को ढक कर रख लें । एक बड़ा प्याज लें। आधा प्याज काटकर उसके छोटे टुकड़े काट लें और इसके बाद कटी हुई प्याज को एक मिक्सर जार में डाल लें। प्याज के साथ इस जार में हरी मिर्च और बारीक कटी हुई धनिया पत्ती भी डालें।

भीगी हुई हरी मूंग की दाल को=कप पानी के साथ मिलकर एक गाढ़ा पेस्ध्ट बना लें और इस पेस्ट को एक कटोरे में भरकर रख लें।

इसमें चावल का आटा और नमक भी अच्छी तरह से मिला ले । इसमें आधा कप पानी और डालें, ताकी ये थोड़ा मुलायम हो जाये। अब इसे अलग रख दें। डोसा बनाने के लिये एक समतल तवा लें और उसे गर्म करें। आधी प्याज की मदद से तवे पर 2 टेबलस्पून तेल लगा लें। इसके बाद तवे को गैस से हटा लें और उस पर घोल डालकर गोल आकार दें। थोड़े तेल के साथ डोसे को ग्रीस करें तथा ग्रिडल से अतिरिक्त घोल हटा दें। इसे करीब एक से डेढ़ मिनट तक पकाएं और पलट कर आधे मिनट तक रख दें। इस तरह से आपका डोसा तैयार है। इसे गर्मागरम परोसें ताकी इसका कुरकुरापन कम न होने पाएं।

**मुगलई दम अरबी**

अरबी को काटकर सब्जी के तौर पर या सूखी सब्जी की तरह आपने खूब खाया होगा। इस बार अरबी का मुगलई दम स्वाद भी चखें। इसे आसानी से कुछ ही देर में बना सकते हैं।

**मुंगलई दम अरबी बनाने की सामग्री**

अरबी- 500 ग्राम, इलायची- 1  लौंग- 4, धनिया पाउडर- 2 चम्मच, लाल मिर्च पाउडर- 1 चम्मच  हल्दी पाउडर- 1 चम्मच  क्रीम- 1/4 कप, दही- 1/2 कप, नमक- स्वादानुसार, घी- आवश्यकतानुसार, सूखे मेवे- गार्निशिंग के लिए, पेस्ट बनाने के लिए, बारीक कटा प्याज- 2, खसखस- 2 चम्मच, काजू- 5 'बारीक कटा अदरक- 1 चम्मच, बारीक कटा लहसुन, 4 कलियां।

**बनाने की विधि**

मुंगलई दम अरबी बनाने के लिए सबसे पहले अरबी को अच्छी तरह से धोकर छील लें। इसके बाद इन्हें बीच से काट दें। दूसरी ओर खसखस को गर्म पानी में भिगोएं और काजू को भी गुनगुने पानी में भिगो दें। कड़ाही में थोड़ा-सा घी गर्म करें और उसमें अरबी के टुकड़े डालें। सुनहरा व मुलायम होने तक पकाएं। टिश्यू पेपर पर निक. ालकर रख दें। उसी कड़ाही में एक चम्मच घी और गर्म करें। बारीक कटे प्याज को सुनहरा होने तक भून लें।

# अद्भुत निशाचर प्रवृत्ति ने कई मछली प्रजातियों को विलुप्ति से बचाया

लगभग 14.5 करोड़ साल पहले पूरी पृथ्वी पर ज्वालामुखी विस्फोट हुए थे, जिससे आसमान में छाए धुएं के बादलों ने पृथ्वी पर अंधकार कर दिया था। इसके चलते हजारों प्रजातियां खत्म हो गई थीं। लेकिन एसिपेंसरिफॉर्मेस जैसी कुछ मछलियां इस विपदा को झेलकर जीवित बची रहीं। आगे चलकर इन्हीं से आजकल की स्टर्जन्स विकसित हुई। वैकासिक जीवविज्ञानी इस बात पर बहस करते रहे हैं कि क्यों कुछ प्रजातियां जीवित बचीं जबकि कई अन्य प्रजातियां विलुप्त हो गईं। हाल ही में एक अध्ययन ने एक नया विचार प्रस्तुत किया है, संभवत: ये प्रजातियां अपनी निशाचर प्रवृति के कारण जीवित बच पाईं। कुछ पूर्व अध्ययनों से यह तो मालूम था कि करीब 6. 6 करोड़ साल पहले किसी बाहरी पिंड के पृथ्वी से टकराने के कारण डायनासौर समेत कई जीव विलुप्त हो गए थे, लेकिन इसमें कई निशाचर स्तनधारी विलुप्ति से बच गए थे, तो क्या अन्य आपदाओं के मामले में भी जीवों की निशाचर प्रवृत्ति ने उन्हें बचने में मदद की होगी? जानने के लिए टोरंटो विश्वविद्यालय के वैकासिक जीवविज्ञानी मैक्सवेल शेफर और उनके साथियों ने वर्तमान मछलियों पर ध्यान दिया। वर्तमान मछलियों पर ध्यान केंद्रित करने का एक और कारण यह था कि सिर्फ जीवाश्म देखकर यह पता करना मुश्किल होता है कि वह जीव निशाचर था या दिनचर। अध्ययन में उन्होंने लगभग 4000 हड्डी वाली मछली प्रजातियों और शार्क जैसी 135 उपास्थिवाली प्रजातियों के दिन-रात के व्यवहार का अध्ययन किया और एक वंशवृक्ष पर इन व्यवहारों को चित्रित किया। फिर उन्होंने सिमुलेशन (अनुकृति) की मदद से आधुनिक मछलियों के पूर्वजों के दिन-रात के संभावित व्यवहार के पैटर्न बनाए। इसमें से उन्होंने उस पैटर्न को चुना जो वर्तमान प्रजातियों के दिन-रात की गति. विधि की सबसे अच्छी व्याख्या कर सकता था। स्टर्जन जैसी कुछ मछलियां तो हमेशा से निशाचर रही हैं। बायोआर्काइव में प्रकाशित नतीजों के अनुसार सभी मछलियों के पूर्वज भी रात्रिचर थे और विलुप्ति से बची कई मछली प्रजातियां भी निशाचर थी। शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि अन्य कशेरुकियों की तुलना में ज्यादा मछलियां कई बार निशाचर से दिनचर और दिनचर से निशाचर में तब्दील होती रही हैं और तो और, 14.5 करोड़ साल और 6.6 करोड़ साल पहले के संक्रमण काल में यह तब्दीलियां सबसे अधिक थीं। उक्त दोनों ही घटनाओं के दौरान तापमान में अचानक बहुत अधिक वृद्धि हुई थी। संभव है कि रात में सक्रिय रहने के कारण निशाचर जीव दिन के चरम तापमान से बच गए और जब पर्यावरणीय उथल-पुथल शांत हुई तो निशाचर प्रजातियां दिनचर में परिवर्तित हो गई और पारिस्थितिकी में रिक्त स्थानों को भर दिया और अंतत: इस तब्दीली ने मछलियों में निशाचर और दिनचर प्रजातियों के बीच संतुलन बहाल कर दिया। जैसा कि हमें पूर्व अध्ययन से ज्ञात है कि शुरुआती स्तनधारी डायनासौर से बचने के लिए निशाचर थे, डायनासौर के विलुप्त होने के बाद वे दिन में सक्रिय होने लगे। उभयचर और अन्य थलीय कशेरुकी भी अपने अधिकांश विकास के दौरान निशाचर रहे, लेकिन बाद में उनमें से अधिकांश दिनचर हो गए। इस आधार पर शोधदल का कहना है कि निशाचर होना आपदाओं से बच

शोधकर्ताओं ने यह भी पाया कि अन्य कशेरुकियों की तुलना में ज्यादा मछलियां कई बार निशाचर से दिनचर और दिनचर से निशाचर में तब्दील होती रही हैं और तो और, 14.5 करोड़ साल और 6.6 करोड़ साल पहले के संक्रमण काल में यह तब्दीलियां सबसे अधिक थीं। उक्त दोनों ही घटनाओं के दौरान तापमान में अचानक बहुत अधिक वृद्धि हुई थी। संभव है कि रात में सक्रिय रहने के कारण निशाचर जीव दिन के चरम तापमान से बच गए और जब पर्यावरणीय उथल-पुथल शांत हुई तो निशाचर प्रजातियां दिनचर में परिवर्तित हो गई और पारिस्थितिकी में रिक्त स्थानों को भर दिया और अंतत: इस तब्दीली ने मछलियों में निशाचर और दिनचर प्रजातियों के बीच संतुलन बहाल कर दिया। जैसा कि हमें पूर्व अध्ययन से ज्ञात है कि शुरुआती स्तनधारी डायनासौर से बचने के लिए निशाचर थे, डायनासौर के विलुप्त होने के बाद वे दिन में सक्रिय होने लगे। उभयचर और अन्य थलीय कशेरुकी भी अपने अधिक. ांश विकास के दौरान निशाचर रहे, लेकिन बाद में उनमें से अधिकांश दिनचर हो गए।



निकलने की एक रणनीति है। अन्य विशेषज्ञ थोड़ी सतर्कता बरतने को कहते हैं, जैसे अध्ययन का यह मुख्य निष्कर्ष तो सही लगता है कि निशाचर होने से वैकासिक लाभ हुआ लेकिन ऐसा कई कारणों से हो सकता है। जैसे जब 6.6 करोड़ वर्ष पहले पृथ्वी पर अंधेरा छा गया था तो संभव है दिनचर जीव अपने शिकार या भोजन को देख न पाते हों जबकि निशाचरों के लिए अंधेरे में भोजन तलाशना कोई बाधा ही नहीं थी। या हो सकता है वनस्पतियां मर गईं हो और साथ ही उन पर निर्भर शाक. ाहारी जीव भी। कई निशाचर जीव अपशिष्ट भोजन पर निर्भर होते हैं, जो इतनी जल्दी खत्म नहीं होता। तो संभव है कि जीवित रहने का लाभ भोजन पारिस्थितिकी से मिला हो, न कि मात्र निशाचर होने से। इन अध्ययनों में व्यापक विलुप्ति की उन आपदाओं को ही देखा गया है जिनमें पृथ्वी पर गर्मी बढ़ी थी और अंधकार छाया था। कई वैज्ञानिकों का मत है कि अन्य तरह की आपदाओं को शामिल करके देखना मददगार होगा। बहरहाल, यह निष्कर्ष एक संभावना तो जताता है कि तेजी से बदलती जलवायु में संभवत: निशाचर जीवों के बचने की संभावना अन्य से अधिक होगी।

**...साभार एसएफ**

# बांग्लादेश में 5.7 तीव्रता का भूकंप, 6 की मौत, 200 घायल

## आयरलैंड-बांग्लादेश क्रिकेट मैच रुका, 10 मंजिला इमारत झुकी, कोलकाता तक महसूस हुए झटके



■ झटके इतने तेज थे कि इसके असर से एक दस मंजिला इमारत दूसरी तरफ झुक गई
■ घायलों को श्रीपुर उपजिला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है

**ढाका/कोलकाता।** बांग्लादेश में शुक्रवार सुबह करीब 10:08 (भारतीय समयानुसार) बजे 5.7 तीव्रता का भूकंप आया। इसमें 6 लोगों की मौत हो गई है। जबकि 200 से ज्यादा घायल हुए हैं। भूकंप का केंद्र नरसिंगडी के माधबडी में था, जो ढाका से सिर्फ 25 किलोमीटर दूर है। झटके इतने तेज थे कि इसके असर से एक दस मंजिला इमारत दूसरी तरफ झुक गई। वहीं, बांग्लादेश-आयरलैंड इंटरनेशनल क्रिकेट मैच भी कुछ देर के लिए रोक दी गई। गाजीपुर के श्रीपुर में भूकंप के दौरान भारी हादसा हो गया।

घबराहट की वजह से एक बहुमंजिला इमारत से निकलने की कोशिश में भगदड़ मच गई, जिसमें 150 से ज्यादा मजदूर घायल हो गए। घटना डेनिमेक नाम की एक कपड़ा फैक्ट्री में हुई। घायलों को श्रीपुर उपजिला स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मजदूरों ने शिकायत की कि भूकंप आने के बाद अधिकारियों ने कारखाने का मेनगेट खोलने से इनकार कर दिया था। इससे दहशत फैल गई जिसकी वजह से ज्यादा लोग घायल हुए। आज सुबह आए भूकंप के दौरान नारायणगंज के रूपगंज उपजिला में एक दीवार गिरने से 10 महीने की बच्ची की मौत हो गई। बच्चे की मां और एक पड़ोसी घायल हो गए और फिलहाल उनका उपजिला के एक निजी मेडिकल कालेज अस्पताल में इलाज चल रहा है। बच्ची की मां ने द डेली स्टार को बताया कि भूकंप महसूस होते ही, बच्चे की मां अपनी बेटी के साथ घर से बाहर निकल आई। जब वे पास में ही अपनी मां के घर जा रही थीं, तो सड़क किनारे एक दीवार अचानक उनके ऊपर गिर गई। पुलिस अधिकारी ने बताया कि बच्ची की मौके पर ही मौत हो गई। बांग्लादेश में अब तक का सबसे बड़ा भूकंप 1762 में आया था। इसकी तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 8.5 थी। इसे 'ग्रेट अराक.ान अर्थक्वेक' के नाम से जाना जाता है। इसके चलते बांग्लादेश में भी भारी नुकसान हुआ था। भूकंप के आधे घंटे के अंदर 6 से 15 मीटर तक ऊंची सुनामी ने चटगांव शहर को पूरी तरह तबाह कर दिया। सदरघाट और आसपास के बड़े इलाके हमेशा के लिए समुद्र में डूब गए। इस भूकंप में हजारों लोगों की मौत हुई थी। उस समय बंगाल में ईस्ट इंडिया कंपनी का शासन था। कंपनी के दस्तावेजों में लिखा है कि चटगांव शहर रातों-रात गायब हो गया। पुर्तगाली और डच व्यापारियों के रिकॉर्ड में भी इसका जिक्र है। स्थानीय बंगाली और अराकानी लोककथाओं में इसे श्समुद्र के बदलेश के रूप में याद किया जाता है। कोलकाता में शुक्रवार सुबह 10:10 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। स्थानीय लोगों के मुताबिक, झटके करीब 20 सेकेंड तक महसूस हुए। रिक्टर स्केल पर इसकी तीव्रता 5.2 थी। अब तक किसी तरह के नुकसान की खबर नहीं है। कूचबिहार,दक्षिण दिना.जपुर, मालदा और नादिया के कई इलाकों में इसका असर देखा गया। भूकंप का केंद्र बांग्लादेश बताया जा रहा है।



बैंकॉक। नोनथाबुरी में 2025 मिस यूनिवर्स प्रतियोगिता जीतने के बाद अन्य प्रतियोगियों के साथ जश्न मनाती मिस मैक्सिको फातिमा बॉश (बीच में)।

## ईयू से रूस के 'छद्म बेड़े' पर नया प्रतिबंध लगाने का आग्रह

**एम्स्टर्डम।** नीदरलैंड ने रूस के 'छद्म बेड़े' और तेल कंपनियों पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है। नीदरलैंड के विदेश मंत्री डेविड वैन वील ने ब्रुसेल्स में यूरोपीय संघ के विदेश मंत्रियों के साथ बैठक के दौरान यह जानकारी दी। वील ने शुक्रवार को एक्स पर लिखा कि हमने यूक्रेन के लिए यूरा.पीय संघ का समर्थन बढ़ाने और रूस पर उसके आक्रामक युद्ध को रोकने के लिए दबाव बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया है। मैंने तत्काल वित्तीय, सैन्य एवं ऊर्जा सहायता के साथ-साथ रूसी छद्म बेड़े के जहाजों और तेल कंपनियों पर अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने का आह्वान किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### पाक के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.7 करोड़ डॉलर की वृद्धि

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक के विदेशी मुद्रा भंडार में 2.7 करोड़ अमेरिकी डॉलर की वृद्धि हुई है। स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान (एसबीपी) ने यह जानकारी दी है। बैंक ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 14 नवम्बर को समाप्त सप्ताह के दौरान एसबीपी का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 14.55 अरब डॉलर तक पहुंच गया। वाणिज्यिक बैंकों के पास शुद्ध विदेशी मुद्रा भंडार 5.19 अरब डॉलर दर्ज किया गया। एसबीपी के अनुसार, देश का कुल तरल विदेशी भंडार बढ़कर 19.74 अरब डॉलर हो गया है।

### ब्रिटेन ने स्विडन में नया ड्रोन उत्पादन केंद्र शुरू किया

**लंदन।** ब्रिटेन ने दक्षिण-पश्चिम इंग्लैंड के स्विडन में एक नया ड्रोन उत्पादन केंद्र शुरू किया है। ब्रिटिश सरकार ने गुरुवार को एक बयान में कहा कि 40,000 वर्ग फुट में निर्मित इस संयंत्र का उद्घाटन रक्षा मंत्री अल कार्न्स ने किया है। यह जर्मनी के बाहर स्टार्क का पहला उत्पादन केन्द्र है। आने वाले महीनों में यहां कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) से लैस मानवरहित ड्रोनों का निर्माण शुरू हो जाएगा। बयान में यह स्पष्ट नहीं किया गया कि ड्रोन यूक्रेन को दिए जाएंगे या नहीं, लेकिन कहा गया है कि यह सुविधा हजारों वर्टस लोइटरिग गोला-बारूद का उत्पादन करेगी, जिसे यूक्रेन में पहले ही सफलतापूर्वक तैनात किया जा चुका है।

### लावरोव ने ईरानी विदेश मंत्री के साथ सुरक्षा पर चर्चा की

**मास्को।** रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने गुरुवार को अपने ईरानी समकक्ष अब्बास अराघची के साथ फोन पर क्षेत्रीय सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की। यह जानकारी रूसी विदेश मंत्रालय ने एक बयान में दी। मंत्रालय ने कहा कि रूसी विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने 20 नवम्बर को ईरानी विदेश मंत्री अब्बास अराघची के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। बातचीत का मुख्य विषय क्षेत्रीय सुरक्षा था।

### वियतनाम में बाढ़ से मरने वालों की संख्या बढ़कर 41 हुई

**हनोई।** मध्य वियतनाम में मूसलाधार बारिश और बाढ़ के कारण 41 लोगों की मौत हो गई है जबकि नौ अन्य लोग लापता हैं। स्थानीय दैनिक वीएन एक्सप्रेस ने गुरुवार रात वियतनाम आपदा और डाइक प्रबंधन प्राधिकरण के हवाले से यह जानकारी दी। प्राधिकरण के मुताबिक बाढ़ से 167 घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं और 52000 से अधिक जलमग्न हो गए हैं, जबकि 13000 हेक्टेयर से अधिक क्षेत्र में खड़ी फसलें नष्ट हो गई है, लगभग 2100 हेक्टेयर पेड़, 88 हेक्टेयर जलीय कृषि तथा 30,700 से अधिक पशुधन नष्ट हो गए हैं।

# चीन-जापान तनाव से इंडियन सी-फूड की डिमांड बढ़ी

## अमेरिकी टैरिफ झेल रहे एक्सपोर्टर्स के शेयर 10 प्रतिशत तक चढ़े, भारत के लिए नया बाजार राहत की उम्मीद



■ चीन के इस फैसले से उसके बाजार में सीफूड की कमी का खतरा पैदा हो गया
■ एक और सीफूड कंपनी कोस्टल कारपोरेशन के शेयर भी 5 प्रतिशत बढ़े

**नई दिल्ली।** चीन और जापान के बीच ताइवान को लेकर बढ़ते तनाव का सीधा फायदा भारत को मिल रहा है। चीन ने बुधवार को जापान से आने वाले सभी सीफूड (जैसे- मछली, झींगा) पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया है। इसके बाद भारतीय सीफूड निर्यातकों के शेयरों में तेज उछाल देखने को मिला। चीन के इस फैसले से उसके बाजार में सीफूड की कमी का खतरा पैदा हो गया है।

इसे पूरा करने के लिए वह भारत जैसे देशों की तरफ तेजी से रुख कर रहा है। इसके चलते भारतीय सीफूड कंपनियों के शेयरों में तेजी आई है। तेलंगाना की अवंती फीड्स के शेयर करीब 10 प्रतिशत तक चढ़ गए। यह कंपनी के शेयर में पिछले दो महीनों में सबसे बड़ी बढ़त है। वहीं एक और सीफूड कंपनी कोस्टल कारपोरेशन के शेयर भी 5 प्रतिशत बढ़े। कंपनी ने अप्रैल में कहा था कि वह चीन को निर्यात बढ़ाएगी। चीन और जापान के बीच विवाद की वजह जापानी पीएम साने ताकाइची का एक बयान है। दरअसल ताकाइची ने 7 नवम्बर को कहा कि अगर चीन ने ताइवान पर हमला किया तो जापान मदद के लिए अपनी सेना भेजेगा। चीन ने इस बयान को बेहद गैर-जिम्मेदार और उकसाने वाला बताया। इसके अगले ही दिन विवाद और बढ़ गया जब जापान में चीन के काउंसल जनरल शुए जियान ने एक्स पर लिखा कि वह इस मामले में दखल देने वाले की गर्दन काट देंगे।

इसके बाद दोनों देशों ने एक-दूसरे के राजदूतों को तलब किया। चीन ने अपने नागरिकों को जापान न जाने के लिए आगाह किया है और चेतावनी दी है कि वहां जाने पर उन्हें खतरे का सामना करना पड़ सकता है। पीएम साने ताक.इची ने जापानी संसद में 7 नवम्बर को दिए अपने पहले ही संबोधन में ताइवान का समर्थन किया था। भारत के लिए चीन के बाजार का मौका ऐसे समय आया है जब अमेरिका ने भारतीय सीफूड पर 50 प्रतिशत तक का टैक्स लगा रखा है। इससे अमेरिका भेजे जाने वाले भारतीय सीफूड निर्यात में अक्टूबर में 9 प्रतिशत की गिरावट हुई। रिपोर्ट्स के मुताबिक चीन, वियतनाम और थाईलैंड को भारत का निर्यात बढ़ा है। भारत ने पिछले वित्त वर्ष में 7.4 बिलियन डालर यानी लगभग 61 हजार करोड़ रुपये का सीफूड निर्यात किया था। ज्यादातर निर्यात फ्रोजन श्रिम्प (झींगा) और फ्रोजन फिश का था। अमेरिका अभी भी भारत का सबसे बड़ा सीफूड बाजार है। वालमार्ट और क्रोगर जैसे बड़े अमेरिकी रिटेलर भारतीय उत्पाद खरीदते हैं। 2023-24 में भारत ने 17.81 लाख टन सीफूड दुनिया के बड़े बाजारों अमेरिका, यूरोप, ब्रिटेन और चीन को भेजा था। जापान के लिए चीन के बाजार का बंद होना बड़े झटके जैसा है। जापान अपने कुल सीफूड निर्यात का 20-25 प्रतिशत सीफूड चीन को करता है। चीन जापानी निर्यातकों के लिए सबसे बड़ा बाजार है। हालांकि उसके कुल निर्यात में सीफूड का हिस्सा 1 प्रतिशत है। हाल ही में दो साल के अंतराल के बाद जापान ने चीन को सीफूड निर्यात दोबारा शुरू किया था। चीन ने 2023 में जापान से आने वाले सीफूड पर बैन लगा दिया था। एनएचके की रिपोर्ट के मुताबिक यह प्रतिबंध फुकुशिमा न्यूक्लियर प्लांट से समुद्र में छोड़े गए पानी की वजह से लगाया था। नए प्रतिबंध से जापानी कंपनियों को भारी नुकसान की आशंका है। चीन के सरकारी मीडिया का कहना है कि जापान ताइवान मुद्दे में बेवजह दखल दे रहा है और ऐसा करके खुद अपने देश को खतरे में डाल रहा है। एक न्यूज एडिटोरियल में यह भी लिखा गया कि अगर जापान की सेना ने इस मामले में दखल दिया तो पूरे क्षेत्र को नुकसान झेलना पड़ेगा। चीन ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि जापान और अमेरिका ताइवान को स्वतंत्र देश की तरह मान्यता तो नहीं देते, लेकिन अमेरिका उसकी सुरक्षा में मदद करता है और उस पर किसी भी जबरन कब्जे का विरोध करता है। ताइवान जापान से सिर्फ 110 किलोमीटर दूर है। ताइवान के आसपास का समुद्री क्षेत्र जापान के लिए बेहद अहम है, क्योंकि यह उसका एक महत्त्वपूर्ण समुद्री व्यापार मार्ग है।

## ऊर्जा सुरक्षा के लिए वैश्विक कार्रवाई का आह्वान

**इलरू।** छोटे द्वीपीय विकासशील देशों की ऊर्जा सुरक्षा को मजबूत करने के लिए समन्वित वैश्विक प्रयासों का आह्वान करते हुए केंद्रीय पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव ने सौर ऊर्जा को परिवर्तन और सामाजिक क्रांति का एक उपकरण बताया। अंतर्राष्ट्रीय सौर गठबंधन (आईएसए) एसआईडीएस के उच्च-स्तरीय मंत्रिस्तरीय नेतृत्व सत्र में बोलते हुए यादव ने आईएसए के जरिये द्वीपीय देशों को भारत के समर्थन की पुष्टि की और स्वच्छ ऊर्जा में देश के तेज विस्तार के संकेत दिए। संयुक्त राष्ट्र कॉप-30 के दौरान उच्च-स्तरीय मंत्रिस्तरीय नेतृत्व सत्र में छोटे द्वीपीय विकासशील राज्य (एसआईडीएस) और आईएसए के सदस्य देशों के मंत्री तथा वरिष्ठ प्रतिनिधि एक साथ दिखे। यादव ने कहा, एसआईडीएस आयातित जीवाश्म ईंधन पर अपनी निर्भरता, जलवायु संबंधी बाधाओं और नाजुक बुनियादी ढांचे के कारण अद्वितीय कमजोरियों का सामना करते हैं। उन्होंने सस्ती, स्वच्छ और लचीली ऊर्जा प्रणालियों को बढ़ाने के लिए सामूहिक कार्रवाई की जरूरत पर जोर दिया। भारत के मुताबिक, साझा क्रेडिटिंग तंत्र (जेसीएम) वैश्विक स्तर पर न्यायसंगत एवं व्यापक जलवायु कार्रवाई को आगे बढ़ाने का अहम साधन बनकर उभरा है।

## जॉनसन की लापरवाही से कोविड में 23 हजार मौतें ज्यादा हुई

**लंदन।** ब्रिटेन की कोविड जांच रिपोर्ट में सामने आया है कि पूर्व प्रधानमंत्री बोरिस जानसन की देर से लिए गए फैसलों की वजह से देश में 23000 अतिरिक्त मौतें हुईं। रिपोर्ट के मुताबिक जानसन शुरू में वायरस की गंभीरता को समझ ही नहीं पाए और लाकडाउन लगाने में देरी करते रहे। रिपोर्ट की चेयरपर्सन, पूर्व जज हीथर हैलेट ने कहा कि महामारी के दौरान सरकार में टाक्सिक और अराजक माहौल था। जानसन लगातार फैसले बदलते थे और कई अहम सुझाव नजरअंदाज किए गए। जांच में यह भी पाया गया कि अगर ब्रिटेन ने एक हफ्ता पहले यानी 16 मार्च 2020 को लाकडाउन लगाया होता, तो पहली लहर में मौतों की संख्या 48 प्रतिशत कम हो सकती थी। कोविड काल में जानसन सरकार पर कई आरोप लगे, जिनमें डाउनिंग स्ट्रीट में पार्टियां करने और लाकडाउन नियम तोड़ने के मामले भी शामिल थे। इसी दौरान स्वास्थ्य मंत्री मैट हैनकाक और मुख्य सलाहकार डामिनिक कमींग्स के आचरण पर भी गंभीर सवाल उठे। रिपोर्ट में भविष्य की महामारी से निपटने के लिए 19 सिफारिशें भी दी गई हैं।

# मोदी जी-20 में शामिल होने साउथ अफ्रीका पहुंचे

## अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प शामिल नहीं होंगे, राजदूत भेजेंगे



■ पहले बायकाट का ऐलान किया था

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज यानी शुक्रवार को 3 दिन के दौरे पर साउथ अफ्रीका पहुंचे। वे जोहान्सबर्ग में होने वाले जी-20 देशों के 20वें शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इस बार की जी-20 मीटिंग साउथ अफ्रीका की मेजबानी में हो रही है। पीएम मोदी 21 से 23 नवम्बर तक साउथ अफ्रीका में रहेंगे।

विदेश मंत्रालय के मुताबिक प्रधानमंत्री तीन मुख्य सेशंस में बोलेंगे। समिट के दौरान पीएम मोदी कई देशों के नेताओं से अलग-अलग मुलाकात भी करेंगे। इसके अलावा वे इंडिया-ब्राजील-साउथ अफ्रीका (आईबीएसए) देशों की बैठक में भी शामिल होंगे। यह मोदी की दक्षिण अफ्रीका की चौथी आधिकारिक यात्रा है। इससे पहले 2016 में द्विपक्षीय यात्रा और उसके बाद 2018 और 2023 में दो ब्रिक्स शिखर सम्मेलनों के लिए मोदी गए थे। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने जी-20 समिट में भाग नहीं ले रहे हैं। एक दिन पहले ट्रम्प ने अपने रुख में बदलाव करते हुए साउथ अफ्रीका में अपने कार्यवाहक राजदूत मार्क डी. डिलार्ड को भेजने का ऐलान किया है। रवाना होने से पहले मोदी ने स्टेटमेंट जारी कर कहा-मैं दक्षिण अफ्रीका की अध्यक्षता में जोहान्सबर्ग में हो रहे 20वें जी-20 समिट में भाग लेने के लिए 21-23 नवम्बर तक की यात्रा पर जा रहा हूं। यह यात्रा दक्षिण अफ्रीकी राष्ट्रपति सिरिल रामफोसा के निमंत्रण पर हो रही है। मोदी ने आगे बताया कि, यह समिट खास होगा क्योंकि यह अफ्रीका में आयोजित होने वाला पहला जी-20 शिखर सम्मेलन होगा। 2023 में भारत की जी-20 की अध्यक्षता के दौरान, अफ्रीकी यूनियन जी-20 का सदस्य बन चुका था। मोदी ने कहा-यह शिखर सम्मेलन प्रमुख वैश्विक मुद्दों पर चर्चा का एक अवसर होगा।

# 27वें संशोधन के खिलाफ हाईकोर्ट के चार जज

## पाक: आसिम मुनीर को ज्यादा शक्तियां देने वाले कानून को चुनौती देने की इजाजत नहीं



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में फील्ड मार्शल आसिम मुनीर को ज्यादा शक्तियां प्रदान करने वाले संविधान के 27वें संशोधन पर सुप्रीम कोर्ट के बाद देश की हाईकोर्ट के जजों ने भी आपत्ति जताई है। बताया गया है कि इस्लामाबाद हाईकोर्ट के चार जज शहबाज शरीफ सरकार की तरफ से लाए गए 27वें संविधान संशोधन को चुनौती देना चाहते थे, हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने ही इन जजों को इजाजत नहीं दी और इन सभी को हाल ही में बनाए गए संघीय संविधान अदालत (एफसीसी) जाने के निर्देश दिए।

पाकिस्तान में एक हफ्ते पहले ही संविधान के 27वें संशोधन को अंजाम दिया गया। संसद के दोनों सदनों में इसे मंजूरी मिलने के बाद अब देश में 'चीफ ऑफ डिफेंस फोर्सेज' के नए पद के सृजन हुआ है। इसके अलावा फील्ड मार्शल को आजीवन पद पर बने रहने देने की शक्तियां मिल गई हैं। दूसरी तरफ सांविधानिक अदालत की स्थापना का भी प्रावधान किया गया है। इस कानून के अस्तित्व में आने के बाद से फील्ड मार्शल आसिम मुनीर की शक्तियों में इजाफा हो गया है व अब आजीवन फील्ड मार्शल बने रहेंगे। यहां तक कि सेवानिवृत्ति के बाद भी वे रक्षा मामलों में सरकार के सलाहकार के तौर पर भूमिका निभाते रहेंगे और उन्हें किसी भी मामले में संरक्षण (इम्युनिटी) दी गई है। पाकिस्तान के अखबार द डॉन की खबर के मुताबिक, इस्लामाबाद हाईकोर्ट के जज जस्टिस मोहसिन अख्तर कयानी, जस्टिस बाबर सत्तार, जस्टिस सरदार एजाज इशाक खान और जस्टिस समन रिफत इम्तियाज ने संविधान के अनुच्छेद 184(3) के तहत अपनी आपत्तियां सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री को भेजी थीं। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को स्वीकार नहीं किया, क्योंकि जिस अनुच्छेद 184(3) के तहत सर्वोच्च न्यायालय पहले मौलिक अधिकारों को लागू कराने की जिम्मेदारी लेता था, उससे अब वह शक्तियां ही छीन ली गई हैं। द डॉन के सूत्रों के मुताबिक, यह सभी जज सुप्रीम कोर्ट के सामने निजी तौर पर याचिका के साथ पेश नहीं हुए थे। न ही इनमें से किसी ने भी अपना बायोमेट्रिक सत्यापन कराया था। हालांकि, वे संविधान के 27वें संशोधन को लेकर लंबे समय से चिंता जताते आ रहे थे और इसे पहले से तय न्यायिक स्वतंत्रता की प्रणाली को तोड़ने की बढ़ी हुई कोशिशें करार दे रहे थे। इन जजों का आरोप था कि संविधान के 26वें संशोधन से ही न्यापालिका की स्वतंत्रता को छीनने की कोशिश की जा रही थी।

# यूक्रेन जंग रोकने ट्रम्प का 28 पॉइंट का प्रपोजल आया

## जेलेंस्की को अपनी जमीन छोड़नी होगी, सेना भी घटानी होगी, बदले में मिलेगी सुरक्षा गारंटी



■ रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी ऐसी किसी शांति योजना के बारे में जानकारी होने से इन्कार किया

**कीव/मास्को।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने के लिए 28-सूत्रीय शांति फ्रेमवर्क तैयार किया है। यह फ्रेमवर्क अमेरिकी सेना सचिव डैन ड्रिस्कॉल के यूक्रेन यात्रा के दौरान सामने आया है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार , इसमें यूक्रेनी सुरक्षा गारंटियों का जिक्र है, लेकिन साथ ही यूक्रेन से जमीन छोड़ने, सेना की संख्या कम करने और नाटो को यूक्रेन में सैनिक भेजने से रोकने की भी मांग की गई है।

अमेरिका ने अभी तक इसकी आधिका.रिक घोषणा नहीं की है। रूसी राष्ट्रपति पुतिन ने भी ऐसी किसी शांति योजना के बारे में जानक.ारी होने से इनकार किया है। वहीं, जेलेंस्कीं ने इस प्रस्ताव को लेकर शुरुआती सहमति जताई है। हालांकि, कई अमेरिकी समाचार आउटलेट्स ने सूत्र के हवाले से इसकी पुष्टि की है। अमेरिकी डिजिटल समाचार आउटलेट एक्सियोस और ब्रिटेन के फाइनेंशियल टाइम्स ने बुधवार को सबसे पहले इस योजना के बारे में बताया। ट्रम्प और जेलेंस्की ने 17 अक्टूबर को व्हाइट हाउस में बंद कमरे में मुलाकात की थी। ट्रम्प प्रशासन ने साफ किया है कि, दोनों पक्षों को समझौते करने होंगे। 'पीबीएस न्यूज आवर' मीडिया को मिले 28-सूत्रीय योजना के मुता.बिक इस फ्रेमवर्क में न केवल यूक्रेन के लिए सुरक्षा गारंटी शामिल है, बल्कि रूस की लंबे समय से चली आ रही मांगे भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि, यूक्रेन को अपनी सेना का आकार सीमित करना होगा। नाटो को यूक्रेन में कोई भी सैनिक भेजने की अनुमति नहीं होगी। यूक्रेन को डोनेट्स्क क्षेत्र का वह हिस्सा छोड़ना होगा जिस पर उसका अभी भी नियंत्रण है और जिस पर रूस 11 साल के ब के बावजूद कब्जा नहीं कर पाया है। उस क्षेत्र को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता दी जाएगी। इससे रूस को पूरे डोनबास इलाके पर नियंत्रण मिल जाएगा। इसके बाद अमेरिका डोनबास, क्रीमिया और जापोरिज्जिया और खेरसॉन के कब्जे वाले हिस्सों को वास्तविक रूसी क्षेत्र के रूप में मान्यता देगा। इसके अलावा, नाटो भविष्य में यूक्रेन को शामिल नहीं करेगा। अमेरिका रूस पर लगे प्रतिबंधों को चरणबद्ध तरीके से और हर मामले के आधार पर हटाएगा। प्लान के मुताबिक दोनों पक्षों को उनका हरकतों के लिए माफी दी जाएगी।

## ईरान के खिलाफ नए अमेरिकी प्रतिबंधों का ऐलान

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने गुरुवार को ईरान के खिलाफ नए प्रतिबंधों की घोषणा की है, जिसका उद्देश्य ईरान के अवैध पेट्रोलियम, शिपिंग और विमानन नेटवर्क को ध्वस्त करना है, जो देश की सेना और क्षेत्रीय छद्म ताकतों को धन मुहैया कराते हैं। विदेश एवं वित्त विभागों ने एक समन्वित कार्रवाई में, भारत, पनामा, संयुक्त अरब अमीरात, सेशेल्स और जर्मनी सहित कई देशों की दर्जनों कंपनियों, व्यक्तियों, जहाजों और विमानों पर प्रतिबंध लगाया, जिन पर कथित रूप से तेहरान को प्रतिबंधित तेल और पेट्रोलियम उत्पादों को ले जाने और बेचने में मदद करने का आरोप है। विदेश विभाग ने कहा कि उसने 17 संस्थाओं, व्यक्तियों और जहाजों पर प्रतिबंध लगाया है जबकि वित्त विभाग के विदेशी संपत्ति नियंत्रण कार्यालय (ओएफएसी) ने 41 अतिरिक्त लक्ष्यों पर प्रतिबंध लगाया है, जिससे ईरानी राजस्व स्रोतों को रोकने वाले अमेरिका के अभियान में तेजी आई है। वित्त मंत्री स्कॉट बेसेन्ट ने कहा कि इन उपायों का उद्देश्य ईरानी शासन के परमाणु हथियारों के विकास और आतंकवादी संगठनों को समर्थन के लिए वित्त पोषण को रोकना है।


यौन समस्याएं

यौन समस्याओं के विशेषज्ञ



पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक
मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108